वर्ष 24, अंक 356, पृष्ठ 08, मूल्यः 3.00

www.akhandbharatsandesh.net

# अखंड भारत संदेश

प्रयागराज से प्रकाशित, लखनऊ, कानपुर, चित्रकूट, कौशाम्बी, प्रतापगढ़, जौनपुर, वाराणसी, गाजीपुर में प्रसारित

नगर संस्करण प्रयागराज रविवार 5 जुलाई 2026 विश्व निर्माण एवं मानव विकास को द्रुतगति प्रदान करने हेतु क्रियायोग आश्रम एवं अनुसंधान आश्रम की अनुपम भेंट

## मेक इन इंडिया का अगला चरण अब सेमीकंडक्टर क्रांति

### विकसित भारत का रोडमैप



**गुजरात**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने 4 जुलाई को गुजरात के साणंद में CG सेमी आउटसोर्स्ड सेमीकंडक्टर असेंबली एंड टेस्ट ) सुविधा का उद्घाटन किया। यह सेमीकंडक्टर मैन्युफैक्चरिंग में भारत की बढ़ती प्रगति और ग्लोबल चिप प्रोडक्शन हब बनने की उसकी महत्वाकांक्षा को दशार्ता है। इस कार्यक्रम में बोलते हुए, प्रधानमंत्री ने भरोसा जताया कि यह सुविधा जल्द ही अपने प्रोडक्शन का लक्ष्य हासिल कर लेगी। मोदी ने कहा कि मुझे बताया गया है कि अब से यहां हर साल 20 करोड़ (200 मिलियन) चिप्स का प्रोडक्शन होगा। मुझे पूरा भरोसा है कि आप इसे जल्द ही हासिल कर लेंगे। यह भरोसा इस बात से भी आता है कि 'सेमीकॉन इंडिया' प्रोग्राम तेजी से आगे बढ़ रहा है। कदम-दर-कदम, ईंट-दर-ईंट और अब चिप-दर-चिप। हमने हर साल 50 करोड़ (500 मिलियन) चिप्स बनाने का लक्ष्य रखा है। मुझे यकीन है कि आप बहुत जल्द यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। मैं CG Semi की पूरी टीम को दिल से बधाई देता हूं।

पीएम मोदी ने दुनिया के दूसरे सबसे बड़े मोबाइल बनाने और एक्सपोर्ट करने वाले देश के तौर पर भारत की स्थिति पर जोर दिया और बताया कि 2014 से इलेक्ट्रॉनिक्स के प्रोडक्शन और एक्सपोर्ट में कितनी बड़ी बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि आज भारत दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल बनाने वाला और दूसरा सबसे बड़ा मोबाइल एक्सपोर्ट करने वाला देश है। आज भारत का कुल इलेक्ट्रॉनिक प्रोडक्शन 2014 के मुकाबले लगभग 7 गुना बढ़ गया है। इलेक्ट्रॉनिक्स का एक्सपोर्ट लगभग 11 गुना बढ़ गया है।

प्रधानमंत्री ने भारत में सेमीकंडक्टर की ग्रोथ को एक दशक से चल रही इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का हिस्सा बताया। यह सफर तैयार प्रोडक्ट्स से शुरू होकर कंपोनेंट्स और अब सेमीकंडक्टर तक पहुँचा है, जिसका मकसद देश में ही पूरी इलेक्ट्रॉनिक्स वैल्यू चेन को विकसित करना है। उन्होंने इस नजरिए को विकसित भारत के रोडमैप और 'मेक इन इंडिया' पहल के अगले चरण का अहम हिस्सा बताया। पीएम मोदी ने समझाया कि भारत में सेमीकंडक्टर इंडस्ट्री का विस्तार अचानक नहीं हुआ। यह उस इलेक्ट्रॉनिक्स क्रांति का अगला कदम है जो पिछले एक दशक में भारत में आई है। पहले प्रोडक्ट, फिर कंपोनेंट्स और अब सेमीकंडक्टर।

## डेब्यू मैच में वैभव सूर्यवंशी फ्लॉप, फिर भी तोड़ दिए 3 बड़े रिकॉर्ड

### दो सिक्स लगाकर रचा इतिहास




**नई दिल्ली**

**वैभव** सूर्यवंशी ने 4 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 मैच में अपना इंटरनेशनल डेब्यू किया. इस मुकाबले में वैभव 10 गेंद में सिर्फ 14 रन बनाकर आउट हो गए. इस छोटी सी पारी में उन्होंने 2 छक्के लगाए. उन्हें दूसरे टी20 मैच में संजू सैमसन के स्थान पर प्लेइंग इलेवन में जगह मिली थी. वैभव को विल जैक्स की गेंद पर जोस बटलर ने स्टंप आउट किया.

वैभव के लिए यह मैच कई कारणों से यादगार बना. अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में जब पहली बार उनका सामना जोफ्रा आर्चर से हुआ, तो 15 साल के खिलाड़ी ने जोरदार छक्का जड़ दिया. वैभव चाहे अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में बड़ा स्कोर नहीं कर पाए हों, फिर भी उन्होंने 3 बड़े रिकॉर्ड बना दिए हैं.

**सबसे कम उम्र में छक्का लगाने वाले खिलाड़ी**

वैभव सूर्यवंशी इस मैच में अपनी पहली 3 गेंदों पर सिर्फ एक रन बना पाए थे. उन्होंने अपनी पारी का पहला छक्का जोफ्रा आर्चर की गेंद पर लगाया. इसी के साथ वो अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे कम उम्र में छक्का लगाने वाले बल्लेबाज बन गए. उन्होंने यह कीर्तिमान 15 साल 99 दिन की उम्र में बनाया.

**सबसे कम उम्र में डेब्यू करने वाले भारतीय**

सबसे कम उम्र में भारत के लिए इंटरनेशनल डेब्यू करने का रिकॉर्ड वैभव सूर्यवंशी ने अपने नाम कर लिया है. उन्होंने 15 साल 99 दिन की उम्र में अपना पहला मैच खेला. इससे पहले यह रिकॉर्ड सचिन तेंदुलकर के नाम था। जिन्होंने साल 1989 में पाकिस्तान के खिलाफ 16 साल 205 दिन की उम्र में अपना पहला इंटरनेशनल मैच खेला था. वैभव सूर्यवंशी ने अपने पहले अंतर्राष्ट्रीय मैच में अर्धशतकीय साझेदारी कर कीर्तिमान बनाया।

### 'नागरिक देवो भवः' पीएम मोदी का संदेश

# भारत का राष्ट्रहित सर्वोपरि, अफवाह फैलाने वाले निराश

**रिफाइनरी**

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी ने शनिवार को जोधपुर एयरपोर्ट पर नई टर्मिनल बिल्डिंग का उद्घाटन किया और संशोधित UDAN (उड़े देश का आम नागरिक) योजना लॉन्च की। इसके साथ ही उन्होंने ग्रीनफील्ड रिफाइनरी-सह-पेट्रोकेमिकल कॉम्प्लेक्स से रिफाइनरी प्रोडक्शन टैंकरों को हरी झंडी दिखाई। इस कॉम्प्लेक्स को हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान सरकार के संयुक्त उपक्रम के तौर पर विकसित किया गया है और प्रधानमंत्री मोदी ने इसी कार्यक्रम में इसे राष्ट्र को समर्पित किया था।



नरेंद्र मोदी ने राजस्थान सरकार के विभिन्न विभागों में भर्ती हुए लगभग 54,000 युवाओं को नियुक्ति पत्र सौंपे। वहीं, अपने संबोधन में मोदी ने कहा कि गर्मी के इस मौसम में स्थान-स्थान पर इतनी बड़ी मात्रा में लोगों का एकत्र होना, हम सबको आशीर्वाद देना। ये दिखाता है कि भाजपा सरकार के प्रयासों पर आपका विश्वास कितना बुलंद है। मैं इस समर्थन और स्नेह के लिए राजस्थान की माटी का ऋणी हूं। उन्होंने कहा कि ये धरती अनगिनत वीरों के शौर्य की साक्षी रही है। इस रण के कण-कण ने हमें स्वाभिमान को सर्वोपरि रखने की सीख दी है। और व्यक्ति एवं देश का स्वाभिमान तभी ऊंचा रह सकता है, जब वो आत्मनिर्भर हो, दूसरों पर कम से कम निर्भर हो। आज राजस्थान की इस धरती से भारत ने विकसित और आत्मनिर्भर होने की दिशा में एक बहुत बड़ा कदम उठाया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज इस रिफाइनरी को देश को समर्पित किया गया है। ये रिफाइनरी यहां हजारों लोगों के रोजगार का माध्यम बनेगी। मैं राजस्थान के युवाओं को इस रिफाइनरी की विशेष तौर पर बधाई देता हूं। उन्होंने कहा कि आज का दिन साक्षी है कि भाजपा सरकारें परियोजनाओं को सिर्फ शिलान्यास करके नहीं छोड़ती। बल्कि हम उन परियोजनाओं को पूरा करने के लिए भी दिन-रात एक कर देते हैं। दो महीने पहले यहां जो हादसा हुआ, उसके बाद इतनी तेजी से काम पूरा कर लेना भी परिश्रम की पराकाष्ठा का उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आप सबने दिखा दिया है कि चुनौती चाहे कितनी भी बड़ी और अप्रत्याशित क्यों न हो, नया भारत अपने संकल्पों से न तो पीछे हटता है और न ही अपनी रफ्तार कम करता है।

मोदी ने कहा कि आज ही, जोधपुर में नए एयरपोर्ट टर्मिनल का उद्घाटन किया गया है। ये मारवाड़ में पर्यटन, व्यापार और रोजगार को नई गति देगा। इस कार्यक्रम में जो लोग जोधपुर से जुड़े हैं, मैं उनका विशेष रूप से अभिनंदन करता हूं। जोधपुर से ही आज उड़ान योजना के नए चरण की भी शुरूआत हुई है। इसके तहत छोटे-छोटे शहरों और दूर-दराज के क्षेत्रों को एयर कनेक्टिविटी से जोड़ा जाएगा। साथ ही अब जयपुर में मेट्रो का विस्तार भी होने जा रहा है। शेखावाटी क्षेत्र के जल संकट को दूर करने का इंतजार भी अब खत्म होने जा रहा है। मैं इन सभी प्रोजेक्ट्स के लिए राजस्थान के मेरे भाई-बहनों को बहुत बहुत बधाई देता हूं।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि आज राजस्थान की इस धरती से मैं देश के एक और सामर्थ्य की चर्चा करूंगा। आप भी देख रहे हैं कि पश्चिमी एशिया में युद्ध की वजह से पूरी दुनिया में हाहाकार मचा है, हर देश त्रस्त है। इस युद्ध ने 21वीं सदी के सबसे बड़े ऊर्जा संकट को जन्म दिया। बड़े-बड़े देश आज ईंधन की किल्लत से जूझ रहे हैं। लेकिन, 21वीं सदी के इस सबसे बड़े ऊर्जा संकट पर 21वीं सदी के नए भारत की इच्छाशक्ति और प्रयास भारी पड़े हैं।

## बेवफा पार्टनर की अब खैर नहीं! शादी के बाद अब 'राइट टू प्राइवेसी' की आड़ में नहीं छिपा सकेंगे अफेयर!

**नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट ने 2 जुलाई को दिल्ली हाई कोर्ट के उस फैसले को सही ठहराया जिसमें कहा गया था कि वैवाहिक मामलों में व्यभिचार का आरोप साबित करने के लिए होटल बुकिंग रिकॉर्ड और कॉल डिटेल रिकॉर्ड (उऊफ) मंगाने का आदेश देना निजता के अधिकार का उल्लंघन नहीं है। जस्टिस मनमोहन और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की बेंच ने दिल्ली हाई कोर्ट के 10 मई, 2023 के फैसले को बरकरार रखा।

## आतंकवाद पर भारत सरकार का बड़ा प्रहार

**जम्मू-कश्मीर**

**जम्मू**-कश्मीर में सीमा-पार से संचालित हो रहे आतंकी नेटवर्क की कमर तोड़ने के लिए केंद्र सरकार ने एक बहुत बड़ा कदम उठाया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शनिवार (4 जुलाई, 2026) को एक आधिकारिक गजट नोटिफिकेशन जारी करते हुए गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम (वअढअ) के तहत 23 पाकिस्तान स्थित अपराधियों को 'आतंकवादी' घोषित कर दिया है। ये सभी आतंकी पाकिस्तान में बैठकर लश्कर-ए-तैयबा , जैश-ए-मोहम्मद (खीट) और द रेजिस्टेंस फ्रंट जैसे खूंखार संगठनों के लिए काम कर रहे हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि ये लोग कथित तौर पर जम्मू-कश्मीर में आतंकी भर्ती, घुसपैठ, ट्रेनिंग, ड्रोन के जरिए हथियार सप्लाई करने और हमलों की योजना बनाने में शामिल थे। इन 23 लोगों में से तीन छीळ के संस्थापक हाफि ज मुहम्मद सईद के करीबी सहयोगी बताए जाते हैं, तीन कथित तौर पर 2016 में नगरोटा में आर्मी कैंप पर हुए आतंकी हमले में शामिल थे, और दो कथित तौर पर 2018 में सुंजवान मिलिट्री स्टेशन पर हुए आतंकी हमले में शामिल थे।

## दिल्ली में सरकारी कर्मचारियों का वर्क फ्रॉम होम खत्म

**नई दिल्ली**

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने भू-राजनीतिक स्थिति सामान्य होने के मद्देनजर सरकारी कार्यालयों के लिए पहले घोषित की गई वर्क फ्रॉम होम (घर से कार्यालय का काम करने) और कर्मचारियों के अलग-अलग समय पर कार्यालय आने-जाने की व्यवस्था के आदेश को शनिवार को वापस लेने का निर्देश दिया। गुप्ता ने मई में ईरान में युद्ध के मद्देनजर ऊर्जा बचाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मितव्ययिता बरतने के आह्वान के कुछ दिन बाद सरकारी कार्यालयों में सप्ताह में दो दिन ह्यवर्क फ्रॉम होमह्ण का आदेश दिया था। मुख्यमंत्री कार्यालय ने कहा, अब भू-राजनीतिक स्थिति व्यावहारिक रूप से सामान्य हो गई है।

### ममता बनर्जी का बड़ा कदम!

## अभिषेक और डेरेक को सौंपी बड़ी जिम्मेदारी, नाराज चंद्रिमा भट्टाचार्य का इस्तीफा



**पश्चिम बंगाल**

**पश्चिम** बंगाल की पूर्व मुख्यमंत्री और तृणमूल कांग्रेस चीफ ममता बनर्जी ने 15 जून को भारत का चुनाव आयोग के सचिव अश्विनी मोहल को एक पत्र लिखा था. इस पत्र में उन्होंने स्पष्ट किया कि एउक के साथ पार्टी की ओर से आधिकारिक संवाद के लिए केवल दो नेताओं को अधिकृत किया गया है. पत्र के अनुसार, अभिषेक बनर्जी और डेरेक ओ'ब्रायन ही अब तृणमूल कांग्रेस की तरफ से चुनाव आयोग के साथ आधिकारिक बातचीत करेंगे. इस बीच आज सुबह चंद्रिमा भट्टाचार्य ने पार्टी के सभी पदों से इस्तीफा दे दिया. अपने इस्तीफा पत्र में उन्होंने कहा कि वह खुद को चुनाव आयोग के सामने TMC की अधिकृत प्रतिनिधि की भूमिका से भी अलग कर रही हैं.

चंद्रिमा भट्टाचार्य के इस्तीफे के बाद पार्टी के भीतर इस बदलाव को अहम माना जा रहा है. फिलहाल ळटउ की ओर से इस घटनाक्रम पर विस्तृत प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है. राजनीतिक हलकों में इस फैसले को संगठनात्मक बदलाव के तौर पर देखा जा रहा है. खासतौर पर चुनावी रणनीति और चुनाव आयोग के साथ समन्वय को लेकर पार्टी अब नई व्यवस्था के तहत आगे बढ़ती नजर आ रही है।

## उमर खालिद और शरजील इमाम को बड़ा झटका, कोर्ट ने खारिज की जमानत याचिका



**कड़कड़डूमा**

**कड़कड़डूमा** कोर्ट से 2020 के दिल्ली दंगों की कथित बड़ी साजिश से जुड़े मामले में बड़ा फैसला सामने आया है. कोर्ट ने उमर खालिद और शरजील इमाम की जमानत याचिका खारिज कर दी है. दोनों आरोपियों ने गैरकानूनी गतिविधियां रोकथाम अधिनियम यानी Unlawful Activities Act के तहत दर्ज मामले में नियमित जमानत के लिए ट्रायल कोर्ट का रुख किया था.

यह मामला दिल्ली दंगा साजिश केस, यानी FIR 59/2020 से जुड़ा है, जिसमें फरवरी 2020 में उत्तर-पूर्वी दिल्ली में हुई हिंसा के पीछे कथित बड़ी साजिश की जांच की जा रही है. दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल का आरोप है कि उअअ विरोधी प्रदर्शनों की आड़ में सुनियोजित तरीके से सांप्रदायिक हिंसा भड़काने की साजिश रची गई थी।

## केतन हत्याकांडः सिया ने नहीं किया था गंदा इशारा?

**नई दिल्ली**

**केतन** अग्रवाल हत्याकांड में आरोपी सिया गोयल पर मीडिया की तरफ अश्लील इशारा करने के आरोपों के बाद अब सिया के परिवार ने इस मामले में सफाई दी है. पिता प्रवीण गोयल ने कहा कि सिया पर मीडिया को मीडिल फिंगर दिखाने का आरोप लगाया जा रहा है, जबकि ऐसा कुछ भी नहीं है. उन्होंने कहा कि परसों जब सिया को उसके घर पुलिस जांच के लिए लाई थी, उस दौरान पुलिस वैन के दरवाजे में उसकी दो उंगलियां दब गई थी, जिस वजह से वह अनकंफर्टेबल स्टेट में थी और चोट लगने की वजह से उसने उंगली सीधी कर रखी थी.



अपने मोबाइल फोन पर सिया की सूजी हुई उंगली की तस्वीर दिखाते हुए प्रवीण गोयल ने कहा, "आप देख सकते हैं कि उसकी उंगली सूजी हुई है और उसके नाखून नीले पड़ गए हैं. उन्होंने दोहराया कि सोशल मीडिया पर जो कुछ भी कहा जा रहा है वह अच्छी बात नहीं है. परिवार का ये भी कहना है कि यह बात पुणे ग्रामीण पुलिस से वेरीफाई की जा सकती है.

**सिया और चेतन पर 18 जून को केतन की हत्या का आरोप**

पुणे में केतन अग्रवाल हत्याकांड में पुलिस आरोपी सिया गोयल और उनके प्रेमी चेतन चौधरी की जिंदगी के कई पहलुओं की जांच कर रही है. केतन अग्रवाल की मौत 18 जून को लोहगढ़ किले में एक चट्टान से गिरने से हुई थी. दोनों पर किले से धक्का देकर हत्या करने का आरोप है. आरोप है कि गोयल और चौधरी ने उन्हें मारने की साजिश रची, क्योंकि गोयल, केतन अग्रवाल से शादी नहीं करना चाहती थी. अग्रवाल और गोयल की शादी इसी साल नवंबर में होने वाली थी।

## राम मंदिर के चंदे से खड़ा किया करोड़ों का साम्राज्य?

**अयोध्या**

**अयोध्या** में राम मंदिर के लिए मिले दान की कथित चोरी की जांच में संपत्ति से जुड़ा एक अहम सुराग मिला है। अधिकारियों ने आरोपी से जुड़ी कई संपत्तियों की पहचान की है, जिससे यह सवाल उठ रहा है कि क्या चोरी किए गए दान के पैसे का इस्तेमाल इन संपत्तियों को खरीदने में किया गया था। अयोध्या प्रशासन अब चल रही जांच के तहत संपत्तियों की बारीकी से जांच-पड़ताल कर रहा है।



**अनुकल्प मिश्रा जांच के घेरे में**

अधिकारियों को पता चला है कि सबसे ज्यादा संपत्तियां कथित तौर पर आरोपी अनुकल्प मिश्रा और उनके जीजा लवकुश मिश्रा से जुड़ी हैं। सूत्रों के मुताबिक, अब तक इन दोनों से जुड़ी कम से कम 12 संपत्तियों की पहचान की गई है। बताया जा रहा है कि इन संपत्तियों की कीमत कई करोड़ रुपये है। अधिकारी अब यह पता लगा रहे हैं कि इनमें से कौन सी संपत्तियां पुश्तैनी हैं और कौन सी हाल ही में खरीदी गई हैं।

जांच में यह बात सामने आई है कि आरोपियों के पास न सिर्फ. अयोध्या में, बल्कि आसपास के इलाकों जैसे बसावा, मिल्कीपुर और रुदौली में भी संपत्तियां हैं।

## पायरेसी पर केंद्र का सबसे बड़ा एक्शन

**नई दिल्ली**

सूचना और प्रसारण मंत्रालय ने शनिवार को पायरेसी के मामलों को लेकर टेलीग्राम को एक नोटिस जारी किया। इसमें मंत्रालय ने टेलीग्राम से पायरेटेड फि ल्मों और OTT कंटेंट के खिलाफ तुरंत कदम उठाने और 15 दिनों के अंदर की गई कार्रवाई की रिपोर्ट सौंपने को कहा है। मंत्रालय ने यह कदम भारत की क्रिएटर इकॉनमी, फि ल्म इंडस्ट्री, ब्रॉडकास्टर्स, OTT प्लेटफॉर्म, प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के हितों की रक्षा के लिए उठाया है। इसके अलावा, टेलीग्राम को उन लोगों/संस्थाओं के खिलाफ भी कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है जिन्हें मंत्रालय ने 'बार-बार नियम तोड़ने वाले' बताया है; इनमें चैनल, ग्रुप, बॉट, अकाउंट, एडमिनिस्ट्रेटर और उनसे जुड़ी अन्य संस्थाएं शामिल हैं। केंद्र सरकार का यह कदम इस बात का संकेत है कि अब अलग-अलग कंटेंट को हटाने के बजाय प्लेटफॉर्म की जवाबदेही तय करने की दिशा में बदलाव हो रहा है। इससे पहले भी केंद्र सरकार पायरेटेड कंटेंट दिखाने वाले 3,000 से ज्यादा टेलीग्राम चैनलों के खिलाफ कार्रवाई कर चुकी है। दक्षिण-एशियाईऔर प्रवासी मंत्रालय का यह कदम भारत की क्रिएटर इकॉनमी को बचाने और ऑनलाइन पाइरेसी से फिल्म इंडस्ट्री, ब्रॉडकास्टर्स, OTT प्लेटफॉर्म, प्रोड्यूसर्स और डिस्ट्रीब्यूटर्स के हितों की रक्षा करने के मकसद से उठाया गया है।



# भारतगंज में भू-माफियाओं के अवैध कब्जो पर गरजा बुलडोजर, प्रशासन मौजूद

## करोड़ों की नगर पंचायत भूमि कराई गई कब्जामुक्त

**अखंड भारत सन्देश**





**मांडा।** नगर पंचायत भारतगंज के वार्ड नंबर 5 स्थित शिव मंदिर के पास वर्षों से नगर पंचायत की भूमि पर किए गए अवैध कब्जे के खिलाफ शनिवार शाम करीब 4 बजे प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की। नगर पंचायत के प्रभारी अधिशासी अधिकारी प्रवीण कुमार, अमर नाथ लेखपाल राजस्व टीम और शान्ति व्यवस्था के लिए मांडा इंस्पेक्टर अनिल कुमार वर्मा भारी पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे । वही जेसीबी मशीन से अवैध निर्माण ध्वस्त कर पूरी भूमि को कब्जामुक्त कराया गया।

बताया जा रहा है कि इस सरकारी भूमि पर कुछ लोगों ने अवैध कब्जा कर रखा था। कार्रवाई के दौरान पूरे इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी लगातार चलती रही और देखते ही देखते अवैध कब्जे को जमींदोज कर दिया गया।

नगर पंचायत प्रशासन के अनुसार, कब्जामुक्त कराई गई इसी भूमि पर करीब 50 बच्चों के लिए आधुनिक लाइब्रेरी तथा बच्चों के खेलने के लिए पार्क का निर्माण प्रस्तावित है। इससे क्षेत्र के बच्चों को शिक्षा और खेल दोनों की बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जहां भी अतिक्रमण मिलेगा, वहां इसी तरह सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## एमबीबीएस डॉ. प्रशांत तिवारी का मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में इंटर्नशिप में हुआ चयन



**सहसों।** सहसों के गुलालपुर गांव निवासी एवं प्रधानाचार्य शिव प्रकाश तिवारी के छोटे पुत्र प्रशांत तिवारी ने एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हांसिल कर क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। उत्तर प्रदेश चिकित्सा परिषद द्वारा आयोजित विदेशी चिकित्सा स्नातक (एफएमजी) काउंसिलिंग जून-2026 के तहत उन्हें मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, प्रयागराज में एक वर्ष अवधि की अनिवार्य चिकित्सीय इंटर्नशिप के लिए अस्थायी आवंटन पत्र जारी किया गया है। प्रशांत तिवारी ने रूस के उल्यानोव्स्क राज्य विश्वविद्यालय से एमबीबीएस की शिक्षा प्राप्त की है। राष्ट्रीय परीक्षा बोर्ड की मेरिट तथा ऑनलाइन काउंसिलिंग के आधार पर उनका चयन मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज प्रयागराज में इंटर्नशिप के लिए चयन हुआ। उल्लेखनीय है कि प्रयागराज में इंटर्नशिप के लिए आवंटित चार सीटों में प्रशांत तिवारी ने सर्वोच्च रैंक प्राप्त करते हुए प्रथम वरीयता के साथ मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज में स्थान हांसिल किया। उत्तर प्रदेश चिकित्सा परिषद के निदेर्शानुसार प्रशांत तिवारी निर्धारित समय सीमा के भीतर मेडिकल कॉलेज में रिपोर्ट कर अपनी एक वर्ष की अनिवार्य चिकित्सीय इंटर्नशिप प्रारंभ करेंगे। इंटर्नशिप सफलता पूर्वक पूर्ण होने तथा सभी अभिलेखों के सत्यापन के उपरांत उन्हें अस्थायी चिकित्सा पंजीकरण प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। प्रशांत तिवारी की इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी की लहर है। शुभचिंतकों, शिक्षकों एवं गणमान्य नागरिकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। बधाई देने वालों में शिक्षक नेता रमेश कुमार द्विवेदी, वेद मणि तिवारी, डॉ. राम दत्त तिवारी, डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. प्रयाग दत्त तिवारी, कृष्णा तिवारी, राजेश मिश्र, शिवेश शुक्ला, कमलाकांत शुक्ला, पुष्कर तिवारी, चंद्रधर द्विवेदी, शिक्षक राजेश कुमार द्विवेदी सहित आदि लोग शामिल रहे।

# प्रतिभा का सम्मान : कैम्ब्रिज और एनएसके इंटर कॉलेज के मेधावियों का शानदार अभिनंदन

## रक्षाबंधन पर पौधा' उपहार में देने का अनोखा संकल्प







**शंकरगढ़।** शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन और पर्यावरण संरक्षण के अनूठे संगम का एक बेहतरीन नजारा शंकरगढ़ में देखने को मिला। पंखा टोला स्थित कैम्ब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज परिसर में शनिवार को एक संयुक्त मेधावी सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान बोर्ड परीक्षा 2026 में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट में जिले का नाम रोशन करने वाले कैम्ब्रिज हाईस्कूल एण्ड कॉलेज तथा एन. एस. के. इंटर कॉलेज (लाइनपार) के छात्र-छात्राओं को उनकी शानदार सफलता के लिए विशेष रूप से सम्मानित किया गया।

परंपरागत सम्मान से हटकर, इस बार होनहारों को न केवल उपहार दिए गए, बल्कि वन महोत्सव के तहत उन्हें पौधे भी भेंट किए गए। कार्यक्रम का भव्य शुभारंभ मुख्य अतिथि वन विभाग के अधिकारी आकाश कुमार और विद्यालय के प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। अतिथियों द्वारा मेधावियों को माल्यार्पण कर सम्मानित किया गया। इसी कड़ी में परिसर के भीतर आंवले और आम के पौधों का रोपण भी किया गया।

समारोह में वन अधिकारी आकाश कुमार ने वृक्ष लगाओ, जीवन को सुरक्षित बनाओ₹ का नारा देते हुए कहा कि पेड़ केवल ऑक्सीजन नहीं देते, बल्कि वन्यजीवों का आश्रय भी हैं। उन्होंने अपील की कि इन पौधों की देखभाल बच्चों की तरह की जाए।

प्रबंधक संतोष त्रिपाठी ने छात्रों को एक अनोखा और संवेदनशील सुझाव दिया। उन्होंने कहा आने वाले रक्षाबंधन के पावन पर्व पर भाई और बहन एक-दूसरे को उपहार में एक पौधा भेंट करें और उसकी परवरिश की जिम्मेदारी लें।इस सम्मान समारोह की चमक उस वक्त और बढ़ गई जब इंटरमीडिएट की परीक्षा में पूरे प्रयागराज जिले में तीसरा स्थान हासिल करने वाली होनहार छात्रा सुश्री अंशिका द्विवेदी ने मंच से अपने भविष्य के इरादे जाहिर किए। अंशिका ने अपनी सफलता का श्रेय शिक्षकों व अभिभावकों को देते हुए कहा कि उनका अगला लक्ष्य एक प्रशासनिक अधिकारी बनकर देश की सेवा करना है।इस गौरवमयी क्षण के साक्षी बनने वालों में विद्यालय के प्रशासनिक अधिकारी बालेन्द्र पांडेय, कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रताप बहादुर सिंह, अशोक त्रिपाठी, मनी शंकर दुबे, सौरभ प्रकाश, इमरान अहमद, धर्मराज कुशवाहा, रमाशंकर मिश्रा, मनोज तिवारी, पंकज श्रीवास्तव, राजेश गोस्वामी, दीपक केशरवानी, नरेश श्रीवास्तव, बृजेश मिश्रा, आभा मिश्रा, रीतु सुसारी, रेखा सिंह, रीना गोस्वामी, सिम्मी गुप्ता, ऊषा सिंह, प्रीति सेन, निहारिका सेन, अंजु गुप्ता, सीमा सिंह, पूनम द्विवेदी, कोमल त्रिपाठी, रूचि शुक्ला सहित भारी संख्या में गणमान्य नागरिक और अभिभावक उपस्थित रहे।

# सपा सांसद सनातन पांडे का भव्य स्वागत, कार्यकर्ताओं में दिखा उत्साह

**अखंड भारत संदेश**



**शंकरगढ़।** बलिया से समाजवादी पार्टी के सांसद सनातन पांडे का शिवराजपुर में पार्टी कार्यकताओं, पदाधिकारियों और समाजसेवियों द्वारा भव्य स्वागत किया गया। कार्यकताओं ने सांसद का फूल-मालाओं से जोरदार स्वागत किया और नारेबाजी के बीच माहौल उत्साहपूर्ण रहा।अपने संबोधन में सांसद सनातन पांडे ने केंद्र सरकार पर तीखे राजनीतिक हमले किए। उन्होंने कहा कि आज के समय में लोकतांत्रिक संस्थाओं पर दबाव बढ़ा है और आम नागरिक को न्याय पाने के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के खिलाफ आवाज उठाने वालों की बातों को दबाने का प्रयास किया जाता है।सांसद ने आगे कहा कि देश में आर्थिक असमानता लगातार बढ़ रही है, जिससे गरीब और गरीब तथा अमीर और अधिक अमीर होता जा रहा है। उन्होंने दावा किया कि वर्तमान व्यवस्था में आम जनता के हितों की अनदेखी हो रही है।

कार्यक्रम में उन्होंने समाजवादी विचारधारा से जुड़े लोगों और ब्राह्मण समाज के लोगों से एकजुट होने की अपील की। साथ ही उन्होंने आने वाले समय में लखनऊ में बड़े स्तर पर राजनीतिक शक्ति प्रदर्शन की बात भी कही, जिससे पार्टी की संगठनात्मक ताकत को और मजबूत किया जा सके।कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रमुख कार्यकर्ता और पदाधिकारी मौजूद रहे, जिनमें कुंजन लाल मिश्रा, रामायण प्रसाद शुक्ला, सूर्य

निधान पांडेय,सूर्य बली चौबे, आनंद पांडे, चंद्रमणि मिश्रा, आर्यन यादव, मुलायम यादव, संजय सिंह तोमर, पूर्व ब्लॉक प्रमुख गुलाब कली, बसंत लाल केशरवानी, रंगीले गुरु, अमल पुष्प त्रिपाठी, अरविंद मिश्रा (गुड्डा), नवनीत मिश्रा, अर्जुन सिंह, शैलेंद्र यादव, पंचेश्वर त्रिपाठी, राघवेंद्र मिश्रा, राजकरण, और शैलेंद्र सिंह (मीडिया प्रभारी) सहित कई लोग शामिल रहे।

# छात्रों की गूंज' कार्यक्रम की तैयारी को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हुई बूथ स्तरीय बैठक



**सहसों।** कांग्रेस पार्टी गंगापार की ओर से शनिवार को फूलपुर विधानसभा क्षेत्र के सिलोखरा गांव में मंडल स्तरीय बूथ कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी 19 जुलाई को प्रयागराज में आयोजित होने वाले कांग्रेस नेता राहुल गांधी के 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को सफल बनाने तथा संगठन की मजबूती को लेकर विस्तृत रणनीति तैयार की गई।

बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि एवं कांग्रेस गंगापार के जिला अध्यक्ष अशफाक अहमद ने कहा कि 19 जुलाई को राहुल गांधी प्रयागराज की धरती पर छात्रों और युवाओं की आवाज बुलंद करने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेपर लीक, बेरोजगारी और युवाओं के भविष्य से जुड़े मुद्दों पर राहुल गांधी लगातार संघर्ष कर रहे हैं और अब यह लड़ाई निर्णायक मोड़ पर पहुंच चुकी है। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे गांव-गांव और बूथ स्तर तक पहुंचकर छात्र-छात्राओं तथा युवाओं को कार्यक्रम से जोड़ें और उनके अधिकारों की आवाज को मजबूत करें। उन्होंने बताया कि सिलोखरा सहित पूरी फूलपुर विधानसभा में बूथ कमेटियों को सक्रिय कर दिया गया है, ताकि कार्यक्रम को ऐतिहासिक बनाया जा सके। जिला उपाध्यक्ष निशा सिंह ने कहा कि भाजपा सरकार में महंगाई, बेरोजगारी और अपराध लगातार बढ़ रहे हैं। अपराधी बेखौफ होकर घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं, जबकि युवाओं के भविष्य के साथ भी लगातार खिलवाड़ हो रहा है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जनता के मुद्दों को लेकर सड़क से सदन तक संघर्ष करती रहेगी। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने एक स्वर में 19 जुलाई को राहुल गांधी की प्रयागराज यात्रा और 'छात्रों की गूंज' कार्यक्रम को ऐतिहासिक एवं सफल बनाने का संकल्प लिया।

बैठक की अध्यक्षता ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. अमर सिंह पटेल ने तथा संचालन जिला महासचिव सुनील पांडेय ने किया। इस अवसर पर सुषमा पाल, संगीता पाल, संगीता पटेल, फोटो देवी, हर्ष पटेल, मंजू देवी, गायत्री पाल, कृष्ण कुमार, श्यामजी धुरिया, रामराज पाल, देवेंद्र कुमार यादव, चंद्र पाल, दयाराम, रमेश मौर्य, रामकुमार पाल, लालाराम पाल, लालती देवी, रेखा पटेल, शिव प्रसाद मौर्य सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## आर ओ प्लांट में चोरी के मामले में मुकदमा दर्ज

**मऊआइमा।** मऊआइमा थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसेनगंज रतनसेनपुर निवासी शिवजी साहू नई पानी का आर ओ फैक्ट्री का प्लांट डाले हैं। बताया गया है कि प्लांट पूरी तरह बन कर तैयार थी। बताया गया है कि आर ओ प्लांट को चलाने की तैयारी चल रही थी।

29 जून की रात में चोरों ने आर ओ प्लांट में घुस कर सारी मशीनों का कीमती उपकरण चोरी कर लिए थे। फैक्ट्री के मालिक शिवजी साहू आर ओ प्लांट पर गए तो देखा की सारी मशीनें अस्त व्यस्त थीं।जिसका सारा कीमती उपकरण चोर चुरा ले गए थे।शिव जी साहू के मुताबिक चोरों ने उनके आर ओ प्लांट से लाखों का उपकरण चोरी कर ले गए हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने छान बीन की पीडित ने उसी दिन अज्ञात चोरों के खिलाफ थाने में तहरीर दी थी। तीन दिन बाद पुलिस ने शनिवार को अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

## नए थाना प्रभारी के लिए चुनौती पूर्ण है दर्जन भर चोरी और छिनैती की घटनाएं

**अखण्ड भारत संदेश**

**फाफामऊ।** पिछले एक माह के भीतर फाफामऊ क्षेत्र में घटित हुई करीब एक दर्जन चोरी और छिनैती की घटनाओं का पदार्फाश करना नए थाना प्रभारी के लिए चुनौती भरा है। पिछले कुछ महीनों में क्षेत्र में घटित चोरी और शांतिपुरम कॉलोनी में चेन स्नेचिंग की घटनाओं से लोगों में दहशत है। पुलिस महकमा भले ही पुराने थाना प्रभारी को लाइन हाजिर कर दूसरे को चार्ज दे दिया हो। क्षेत्र के लोगों को नए थाना प्रभारी से काफी उम्मीद है कि पूर्व में हुई चोरी और छिनैती की घटनाओं को जल्द खुलसा किया जाए। ऐसे में नए बनाए गए फाफामऊ थाना प्रभारी शांतनु सिंह के लिए घटना का खुलासा करना बहुत ही चुनौती पूर्ण है। बता दे कि पिछले एक महीने में रंगपूरा निवासी जय प्रकाश साहू के घर के ताला तोड़कर चोरों द्वारा एक लाख रुपया नकद वो करीब पांच लाख के जेवर चुरा लिया गया था। इसी तरह मलाक हरहर शिवपुरी निवासी करण कुमार श्रीवास्तव का 30 हजार नकद वी करीब तीन लाख गहने चोरों ने पार कर दिया था। मलाक हरहर नई बस्ती के रवींद्र कुमार पाण्डेय की चोरों ने रोड लाइट व अन्य सामान चुरा लिया था प्रसिद्ध का पूरा फाफामऊ की सरिता देवी के मकान का चोर एक सप्ताह में दो बार मकान का ताला तोड़कर हजारों कीमत का सामान व बिजली का मीटर चुरा लिया गया। करीब तीन अलग अलग लोगों की दो पहिया वाहन चोर चुरा ले गए। एक सप्ताह के अंदर शांतिपुरम के रहने वाले एक हिंदी दैनिक पत्रकार की पत्नी का सोने का चेन बदमाश छीन कर फरार हो गए। मातादीन का पूरा शांतिपुरम की रन्नो देवी मार्निंग वॉक कर रही थी तभी बदमाशों ने उनके गले से सोने के चेन छीनकर फरार हो गए। इसी तरह कॉलोनी की रहने वाली तीन अन्य महिलाओं का बदमाशों द्वारा चेन छीना गया। लेकिन पुलिस घटित हुई इन घटनाओं का न ही खुलासा कर पाया और न ही चोर बदमाशों को पकड़ पाई जिससे क्षेत्र में चोर और बदमाशों की दहशत है। इस संबंध में एसीपी थरवई अरुण परासर का कहना है कि पुलिस लगातार घटनाओं से जुड़े लोगों की तलाश कर रही है जल्द खुलासा किया जाएगा।

## पाली गई दो भैंस को चोरों ने किया पार

**करछना प्रयागराज।** क्षेत्र के सोनाई, देवरी गांव में शुक्रवार रात घर में पाली गई भैस को चोरों ने पार कर दिया। काफी खोजबीन के बाद भी भैंस की कही मिल नही सकी।गांव निवासी गनेश कुमार पटेल के घर में कीमती भैस पाला गया था। जिसका चोरों ने देररात किसी गाड़ी से भैंस चोरों ने चोरी कर भाग निकले। भोर में घर लोगों ने भैंस नही देखी तो परेशान होने लगे।काफी खोजबीन के बाद कहीं पता नही चल सका।जबकि चार दिन पहले गांव के इंद्रजीत पटेल की कीमती भैंस चोरों ने किसी वाहन से चुरा ले गये। खोजबीन के बाद कहीं पता न चलते से कीमती भैंस पालने वाले काफी परेशान, उदास है। हैरान परेशान भुक्तभोगी के अलावा गांव के लोगों में रोश व्याप्त है।

## छात्रा का फंदे से लटका मिला शव मामले की छानबीन में जुटी पुलिस




**नैनी।** नैनी क्षेत्र के महरा का पूरवा, चक दाऊद नगर में नौवीं की छात्रा का संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। कमरे में उसका शव फंदे से लटका मिलने से घर में कोहराम मच गया। महरा का पूरवा निवासी पायल विश्वकर्मा (15) पुत्री अरविंद विश्वकर्मा कक्षा नौ की छात्रा थी। उसके पिता क्षेत्र में साइकिल पंचर की दुकान चलाते हैं। परिजनों के अनुसार, घर पहुंचने पर उन्होंने पायल को खपरैल वाले कमरे में लोहे की रॉड से दुपट्टे के सहारे लटका देखा। यह दृश्य देखकर परिवार में चीख-पुकार मच गई और तत्काल पुलिस को सूचना दी गई। सूचना पर नैनी इंस्पेक्टर ब्रिज किशोर गौतम पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए तथा शव को कब्जे में लेकर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस का कहना है कि प्रथम दृष्टया मामला आत्महत्या का प्रतीत हो रहा है, हालांकि मृत्यु के वास्तविक कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही चल सकेगा। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है। पलक दो भाई एक बहन में सबसे बड़ी थी।

## विज्ञान के रंग में रंगा जी.एस. अकादमी 'सौरमंडल मॉडल' ने जीता सबका मन



**करछना।** विज्ञान को किताबों से निकालकर बच्चों के हाथों में उतारने की अनूठी पहल करछना के धरवारा स्थित जी.एस. अकादमी में देखने को मिली। यहां आयोजित *'सौरमंडल मॉडल प्रस्तुति' कार्यक्रम में छात्राओं ने न सिर्फ ग्रह-नक्षत्रों की जानकारी दी, बल्कि जीवन जीने का बड़ा संदेश भी दिया। कार्यक्रम की शुरूआत एक छात्रा की सौरमंडल प्रस्तुति से हुई। मॉडल के माध्यम से उन्होंने बताया कि सूर्य के चारों ओर बुध से लेकर वरुण तक आठों ग्रह अपनी निश्चित कक्षा में निरंतर गतिमान हैं। उन्होंने ग्रहों की तुलना विद्यार्थियों से करते हुए कहा कि "जिस तरह हर ग्रह अपनी अनोखी विशेषता के कारण महत्वपूर्ण है, उसी तरह हर बच्चा भी अपनी अलग प्रतिभा के साथ आता है।" प्रस्तुति का सबसे प्रेरणादायक हिस्सा रहा उनका संदेशः "अनुशासन, संतुलन और निरंतर प्रयास ही सफलता की कुंजी हैं। जिस प्रकार ग्रह अपनी कक्षा में रहकर पूरे सौरमंडल का संतुलन बनाए रखते हैं, उसी प्रकार हमें भी जीवन में अनुशासन और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ना चाहिए।"* उनकी बातों पर पूरा हॉल तालियों से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक *विनय प्रताप सिंह* ने सभी प्रतिभागी बच्चों का मनोबल बढ़ाया। उन्होंने मॉडल की जमकर सराहना की और सभी बच्चों को उपहार भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ऐसे प्रयोगों से बच्चों में विज्ञान के प्रति रुचि पैदा होती है। कार्यक्रम में विद्यालय की उप प्रबंधक नीतू सिंह, शिक्षक गण प्रधानाचार्या श्री मती स्तुति तिवारी , उप प्रधानाचार्य विष्णु गोपाल पाण्डेय, शिरीष पाण्डेय अनुराग सिंह , एस पी सिंह, करण पाण्डेय, लक्ष्य शुक्ला, के पी सिंह, संजू मिश्रा, संजू त्रिपाठी, स्वाती , दिव्यानी, सुचिता चौधरी, सुनीता सिंह, गरिमा जायसवाल, अंजली पटेल , नीलू सिंह, जयंती पाण्डेय,रोहित शुक्ला , राजेश गीरी पलक, पुनम यादव, प्रिया द्विवेदी, मनीषा निषाद , दीपिका पाण्डेय , रेनू देवी , आदि तथा समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे और बच्चों का उत्साहवर्धन ।

# चित्रकूट विश्राम स्थल जसरा में श्री मद्भागवत कथा से पूर्व निकाली गई भव्य कलश यात्रा






**जसरा।** चित्रकूट विश्राम स्थल जसरा में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान महायज्ञ का भव्य आयोजन किया गया। कथा के शुभारंभ के शुभ अवसर पर एक विशाल सामूहिक कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें भक्तों की भारी भीड़ उपस्थित रही।

श्री मद्भागवत कथा का शुभारंभ शुक्रवार को प्रारंभ किया गया । कथा की पूर्व संध्या पर कलश यात्रा चित्रकूट विश्राम स्थल केसरवानी वैश्य धर्मशाला जसरा से प्रारंभ होकर पूरे जसरा बाजार का भ्रमण करते हुए समापन किया गया। व्यापारियों ने जगह-जगह कलश यात्रा में भाग ले रहे भक्तों के लिए सर्बत व नाश्ता पानी की व्यवस्था की। भागवत कथा शुक्रवार से शुरू होकर गुरुवार के दिन समाप्त होगी। कथा व्यास के रूप में देवी रश्मि किशोरी श्री धाम वृंदावन से आई हैं। वहीं अयोध्या धाम से विजय रामदास जी महाराज का आगमन हुआ है। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सुरेंद्र केसरवानी सोनू,शंभू नाथ खरे, शंभू नाथ केसरवानी, राजू सेठ,शंकर लाल केशरवानी मधुकर , सतीश कुमार खरे, सुधीर केसरवानी, कमलाकर सिंह, रतन केसरवानी, शशि केसरवानी, लव कुश सोनी ,रविंद्र सिंह, बृजेश यादव, दिनेश पटेल, हरीराम त्रिपाठी, जितेंद्र केसरवानी जीतू सहित दर्जनों लोग उपस्थित रहे। बताते चलें कि यह श्री मद्भागवत कथा सामूहिक रूप से किया जा रहा है। यह कथा उन लोगों के लिए कराई जा रही है जो लोग आजतक कथा से वंचित रहे हैं।

# यूपी टीईटी 2026 : 60 जिलों में नकलविहीन परीक्षा संपन्न
## एआई की निगरानी में 44 फर्जी परीक्षार्थी पकड़े गए

अखंड भारत संदेश





**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग की ओर से आयोजित शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) 2026 की प्राइमरी (कक्षा 1 से 5) और उच्च प्राइमरी (कक्षा 6 से 8) स्तर की लिखित परीक्षा दो, तीन और चार जुलाई को प्रदेश के सभी 60 जिलों में शांतिपूर्ण और पारदर्शी ढंग से संपन्न हो गई। तीन दिनों तक चली परीक्षा में कुल 19,94,661 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 17,70,714 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। कुल उपस्थिति 88.77 प्रतिशत दर्ज की गई।उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि दो जुलाई की दोनों पालियों तथा तीन जुलाई की पहली पाली में उच्च प्राइमरी स्तर की परीक्षा आयोजित की गई। इसमें 12,11,459 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 10,57,055 ने परीक्षा दी। इस स्तर पर उपस्थिति 87.25 प्रतिशत रही। वहीं, तीन जुलाई की दूसरी पाली और चार जुलाई की पहली पाली में प्राइमरी स्तर की परीक्षा हुई। इसमें 7,83,202 पंजीकृत अभ्यर्थियों में से 7,13,659 अभ्यर्थी शामिल हुए। इस परीक्षा में उपस्थिति 91.12 प्रतिशत रही। उच्च प्राइमरी स्तर पर महिला अभ्यर्थियों की उपस्थिति 87 प्रतिशत और प्राइमरी स्तर पर 90.85 प्रतिशत दर्ज की गई। शनिवार को आयोजित अंतिम पाली की परीक्षा में प्रदेश के 955 परीक्षा केंद्रों पर 3,79,316 पंजीकृत अभ्यर्थियों के सापेक्ष 3,34,775 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। इस दिन उपस्थिति 88 प्रतिशत रही।

परीक्षा की निगरानी के लिए सभी 60 जिलों में आयोग के सदस्यों के साथ सेवानिवृत्त आईएएस और आईपीएस अधिकारियों को प्रेक्षक नियुक्त किया गया था। आयोग मुख्यालय से अध्यक्ष, सदस्य, सचिव, परीक्षा नियंत्रक और अन्य अधिकारियों ने सभी परीक्षा केंद्रों की लगातार निगरानी की। केंद्रों पर लगाए गए एआई कैमरों और एआई आधारित सॉफ्टवेयर की मदद से अभ्यर्थियों की गतिविधियों पर लगातार नजर रखी गई। एआई आधारित जांच में दूसरे अभ्यर्थी के स्थान पर परीक्षा देने पहुंचे कुल 44 फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ा गया। इनमें 2 जुलाई को 14, 3 जुलाई को 11 और 4 जुलाई को 19 फर्जी अभ्यर्थी शामिल हैं। इसके अलावा 3 जुलाई को एक अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में मोबाइल फोन के माध्यम से नकल करने का प्रयास करते हुए पकड़ा गया। सभी आरोपियों को आगे की कानूनी कार्रवाई के लिए स्थानीय पुलिस के हवाले कर दिया गया। आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने परीक्षा के सफल और निष्पक्ष संचालन में सहयोग देने के लिए जिला प्रशासन, पुलिस, सतर्कता विभाग, एसटीएफ, केंद्र व्यवस्थापकों, प्रेक्षकों और सभी अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

# अरैल में अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराई कार, छात्र की मौत

अखंड भारत संदेश



**नैनी।** नैनी अरैल बांध रोड पर शनिवार सुबह हुए भीषण सड़क हादसे में एक 19 वर्षीय युवक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद घटनास्थल पर राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पुलिस पहुंची और युवक की शिनाख्त कर परिजनों को सूचना दी। मृतक की पहचान नैनी एडीए स्थित शाहजी का पूरा निवासी अनुज कुमार (19) पुत्र कुलदीप भारतीय के रूप में हुई। अनुज अपनी मां के साथ ननिहाल में रहता था। वह बीए का छात्र था और परिवार की आर्थिक मदद के लिए पार्ट-टाइम कैफे में भी काम करता था। मिली जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह अनुज किसी परिचित की मारूति कार लेकर अरैल की ओर गया था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक कार आनियंत्रित हो गई इसी दौरान रिवर फ्रंट रोड पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक पेड़ से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अनुज को अस्पताल ले गये जहां डाक्टरों ने मृत घोषित कर दिये। सूचना पर पहुंचे परिजन शव को घर ले आए। बाद में पुलिस ने आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करते हुए शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के सभी पहलुओं की पड़ताल की जा रही है।

# प्रयागराज एडीएम ने बालिका संरक्षण गृह और महिला शरणालय का किया औचक निरीक्षण, स्पेशल एजुकेटर की व्यवस्था के दिए निर्देश

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) उपमा पाण्डेय ने शनिवार दोपहर शिशु सदन, बालिका संरक्षण गृह और महिला शरणालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संस्थान में रह रहे बच्चों, महिलाओं और बालिकाओं से बातचीत कर उन्हें उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। साथ ही अधिकारियों को सभी व्यवस्थाएं बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान एडीएम ने संस्थान में खान-पान, साफ-सफाई, स्वच्छ पेयजल, विद्युत आपूर्ति और अन्य मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि यहां रह रहे मूक-बधिर बच्चों, महिलाओं और बालिकाओं को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। यदि किसी विशेष सुविधा की आवश्यकता हो तो संबंधित अधिकारी तत्काल उच्चाधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उसका समाधान सुनिश्चित करें।

निरीक्षण में यह भी सामने आया कि संस्थान की मूक-बधिर महिलाएं हस्तकला के क्षेत्र में बेहतर कार्य कर रही हैं। प्रशिक्षण के माध्यम से वे विभिन्न प्रकार के हस्तनिर्मित उत्पाद तैयार कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। संस्था प्रभारी ने उनके प्रशिक्षण और कौशल विकास को और प्रभावी बनाने के लिए स्पेशल एजुकेटर की आवश्यकता बताई। इस पर अपर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करते हुए जल्द से जल्द स्पेशल एजुकेटर की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। एडीएम ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि भविष्य में होने वाले किसी भी निरीक्षण के दौरान सभी व्यवस्थाएं पूरी तरह दुरुस्त मिलनी चाहिए। संस्थान में गुणवत्तापूर्ण भोजन, स्वच्छ वातावरण, शुद्ध पेयजल और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि वहां रह रहे बच्चों, महिलाओं और बालिकाओं को सुरक्षित, सम्मानजनक और सुविधाजनक वातावरण मिल सके।

# तीसरे दिन कड़ी सुरक्षा के बीच शुरू हुई टीईटी की परीक्षा, डीएम ने कई केंद्रों का किया दौरा

अखंड भारत संदेश



**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा (यूपी टीईटी) 2026 शनिवार को तीसरे दिन कड़ी सुरक्षा व्यवस्था और एआई कैमरों की निगहबानी में शुरू हुई। तीसरे और अंतिम दिन टीईटी में 379316 अभ्यर्थी पंजीकृत हैं। दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गई है। स्कूल गेट पर सघन निगरानी के बाद अभ्यर्थियों को परीक्षा केंद्रों के भीतर प्रवेश दिया गया। जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा सहित तमाम अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का दौरा कर इंतजामों का जायजा लिया। उम्मीदवारों के प्रवेश, पहचान की पुष्टि, सीसीटीवी निगरानी, सुरक्षा, पीने के पानी और दूसरी सुविधाओं के इंतजामों का जायजा लिया गया। आयोग के दिशा-निदेर्शों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। परीक्षा निष्पक्ष, पारदर्शी और नकल-मुक्त तरीके से आयोजित हो यह सुनिश्चित करने के लिए सेक्टर और स्टैटिक मजिस्ट्रेट को निर्देश जारी किए गए।

## कमरा बंद कर युवक ने लगाई फांसी

**नैनी।** नैनी शनिवार को एक युवक का शव कमरे में साड़ी के फंदे पर लटकता मिला। घटना की जानकारी पाकर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। वही मृतक की पहचान अंशुमान पुत्र राजेश्वरी सिंह के रूप मे हुई। मिली जानकारी के अनुसार कोरांव गाढ़ा के रहने वाले राजेश्वरी सिंह ठेकेदारी करते है। वह नैनी के खरकौनी में मकान बनवा कर अपने परिवार के साथ रहते है। अंशुमान एक कमरे के अंदर ही रहता था। वह जल्दी किसी से कोई बात नही था। शनिवार को उसका शव उसके कमरे में साड़ी के फंदे पर लटकता मिला। घरवालों ने जब देखा तो शोर मचाया। इसके बाद घरवाले पहुंचे और दरवाजे को तोड़कर शव को फंदे से नीचे उतारा। इसके बाद सूचना पुलिस को दी। पुलिस ने शव को अपने कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम हाउस भेज दिया।

# करछना में उमड़ा जनसैलाब, जनविरोधी सरकार को उखाड़ फेंकेगी जेएसपी : डां. आर.एस.



**करछना प्रयागराज।** जनहित संकल्प पार्टी की ओर से शनिवार को करछना विधानसभा क्षेत्र में सरदार पटेल एकता रथ न्याय यात्रा निकाली गई । यात्रा में हजारों कार्यकताओं एवं समर्थकों ने प्रतिभाग किया ।इस दौरान जनहित संकल्प पार्टी/सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष डां आर एस पटेल ने कहा कि प्रदेश में सामाजिक न्याय और संवैधानिक अधिकारों की अनदेखी की जा रही हैं। उन्होंने नें देश में शीघ्र जातीय जनगणना करानें, ओबीसी वर्ग के लिए पृथक कांलम जोड़ने, महिलाओं को ५०प्रतिशत आरक्षण ,एक देश एक शिक्षा -एक सिलेबस लागू करने तथा हर घर को नौकरी और हाथ को रोजगार की कानूनी गारंटी सुनिश्चित करने की मांग की । उन्होंने ने कहा कि समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय और अधिकार पहुंचाना पार्टी का उद्देश्य हैं। यात्रा के समापन पर पार्टी कें पदाधिकारियों ने छह सूत्रीय मांगों से संबंधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी करछना को सौंपा। इस मौके पर जनहित संकल्प पार्टी सरदार सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष रमाशंकर सिंह पटेल, जनहित संकल्प पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष रमेश पटेल, सरदार सेना के कार्यालय प्रभारी एड़ रामलाल पटेल, सरदार सेना के प्रदेश अध्यक्ष इं अभिषेक पटेल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य जेएसपी चन्द्रशेखर पटेल, जिलाध्यक्ष जेएसपी सरदार उदय पटेल, सरदार सेना जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र पटेल, विवेक पटेल, संदीप पटेल आदि मौजूद थे।

# स्कूल चलो अभियान के प्रति निकाली जागरूकता रैली




अखंड भारत संदेश

**फाफामऊ।** जिला बेसिक शिक्षाधिकारी प्रयागराज के निर्देशन खंड शिक्षाधिकारी सोरांव सुमन मिश्रा के नेतृत्व में शनिवार को विकास खंड सोरांव अंतर्गत उच्च प्राथमिक विद्यालय गोहरी में स्कूल चलो अभियान के प्रति निकल गई जागरूकता रैली जिसका मुख्य उद्देश्य था कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न हो हर बच्चा पढ़ेगा और बढ़ेगा भी। उसी क्रम उच्च प्राथमिक विद्यालय

**पढ़ेंगे बच्चे तो बढ़ेंगे बच्चे - इं० प्रधानाध्यापिका प्रियंका गोपेश**

द्वारा निकाली गई जागरूकता रैली। जिससे बच्चे जागरूक हों, हर बच्चा शिक्षा की ओर अग्रसर हो। इस जागरूक रैली में इंचार्ज प्रधानाध्यापिका प्रियंका गोपेश, मध्यमा सिंह, सुमन सिंह, चन्द्रभूषण सिंह, कंचन खरवार, कल्पना पाण्डेय आदि मौजूद रहते हुए इस जागरूकता रैली को सफल सभी ने मिलकर सफल बनाया।

# मेजा की बेटी आस्था ने कड़ी मेहनत से तैयारी कर वायु सेना में चयनित हो युवाओं के लिए बनी प्रेरणास्त्रोत

अपनी मेहनत और पढ़ाई के दम पर भारतीय वायु सेना में चयनित हो आस्था शुक्ला ने परिवार के साथ साथ किया पूरे मेजा का नाम रोशन बेटी की इस उत्कृष्ट उपलब्धि पर परिजनों को है फक्र घर में है जश्न का माहौल बधाई देने वालों का लगा है तांता



होनहार बेटी आस्था शुक्ला

**मेजा।** कहते हैं कि हौंसला बुलंद हैं तो सफलता कदम चूमती है। इसी कहावत को चरितार्थ करते हुए मेजा की बेटी आस्था शुक्ला ने देश सेवा का बुलंद हौसला लिए अपनी कड़ी मेहनत और लगन के साथ की गई पढ़ाई के दम पर भारतीय वायु सेना में चयनित होकर न केवल परिवार का नाम रोशन किया बल्कि पूरे मेजा क्षेत्र का गौरव बढ़ाया है। होनहार बेटी आस्था शुक्ला की यह बड़ी और उत्कृष्ट उपलब्धि आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा स्त्रोत है। माता-पिता के शानिग्ध मे रहकर गृह क्षेत्र में ही कड़ी मेहनत से बीएससी तक की गई पढ़ाई और परिजनों का आशीर्वाद रंग लाया है। भारतीय वायु सेना में आस्था शुक्ला का वाई ग्रुप में चयन होने से परिवार में जश्न का माहौल है और बधाई देने वाले सगे संबंधियों का तांता हुआ है। उल्लेखनीय है कि मेजा बार एसोसिएशन में बतौर मंत्री पद पर तैनात पिता अधिवक्ता मनोज कुमार शुक्ला ने बताया कि शुरूआती शिक्षा से ही पढ़ने लिखने में आस्था बेहद होनहार रही हैं और भारतीय वायु सेना में उनका चयन पहले ही प्रयास में हुआ है। उन्होंने बताया कि कक्षा 6वीं से 12वीं तक की शिक्षा आस्था ने मेजा स्थित रजवंती देवी इंटर कालेज से पूरी करने के बाद मेजा के ही आरबीएस महाविद्यालय से ग्रेजुएशन की डिग्री हासिल कर एयरफोर्स का सपना साकार करने हेतु सेल्फ स्टडी के जरिए ऑनलाइन तैयारी में जुट गईं थी। आस्था शुक्ला की माता प्रेमा देवी शुक्ला बेहद सरल स्वभाव की एक सामान्य गृहणी हैं,आस्था अपने एक भाई अनुज शुक्ला के बीच एकलौती बहना हैं। आस्था के भाई अनुज भी पढ़ाई में बेहद होनहार हैं। गौरतलब है कि बेटी आस्था शुक्ला की इस उत्कृष्ट एवं गौरवशाली उपलब्धि पर माता प्रेमा देवी शुक्ला और पिता अधिवक्ता मनोज शुक्ला को जहां बेहद फक्र है वहीं परिवार के साथ साथ सगे संबंधियों और रिश्तेदारों में जश्न का माहौल है।

इतना ही नहीं बेटी के भारतीय वायु सेना में चयन होने की खुशी में परिजनों द्वारा पूरे मुहल्ले के लोगों का जहां मुंह मीठा कराया जा रहा है वहीं होनहार आस्था शुक्ला को बधाई देने तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना करने वाले उनके सगे संबंधियों और रिश्तेदारों व अन्य शुभचिंतकों का तांता लगा हुआ है। देश सेवा के लिए संकल्पित भारतीय वायु सेना में चयनित बेटी आस्था शुक्ला ने कहा कि बचपन से ही देश सेवा ही मेरा सपना रहा है। वायु सेना में चयन मेरे लिए गर्व का क्षण है।

# प्रयागराज में मतदेय स्थलों की प्रारूप सूची जारी, छह जुलाई तक दर्ज करा सकेंगे आपत्तियां और सुझाव

अखंड भारत संदेश

**प्रयागराज।** आगामी निर्वाचन की तैयारियों के तहत जनपद के संसदीय और विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए मतदेय स्थलों की प्रारूप (आलेख्य) सूची जारी कर दी गई है। जिला प्रशासन ने आम नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और मान्यता प्राप्त राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से छह जुलाई तक इस सूची पर आपत्तियां और सुझाव देने की अपील की है।

अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी उपमा पाण्डेय ने बताया कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा-25 तथा निर्वाचन आयोग की ओर से जारी मैनुअल ऑन पोलिंग स्टेशंस-2020 के निदेर्शों के तहत चार जुलाई को मतदेय स्थलों की प्रारूप सूची प्रकाशित की गई है।

उन्होंने बताया कि सूची को जनसामान्य की जानकारी के लिए जिला निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर अपलोड कर दिया गया है। इसके अलावा यह सूची जिला निर्वाचन कार्यालय, सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी (ईआरओ) कार्यालयों तथा संबंधित तहसीलों में भी उपलब्ध है। सूची की प्रतियां वर्तमान सांसदों, विधायकों और सभी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य स्तरीय राजनीतिक दलों के जिला प्रतिनिधियों को भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।

प्रशासन ने नागरिकों और राजनीतिक दलों से कहा है कि यदि किसी मतदेय स्थल के संबंध में कोई आपत्ति या सुझाव हो तो उसे छह जुलाई तक संबंधित तहसील स्थित निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी कार्यालय या जिला निर्वाचन कार्यालय, प्रयागराज में लिखित रूप से प्रस्तुत करें, ताकि प्राप्त आपत्तियों और सुझावों का समयबद्ध निस्तारण किया जा सके।

# रामनगर में स्वास्थ्य विभाग की टीम का पीतांबरा डेंटल क्लिनिक पर शिकंजा किया सीज

अखंड भारत संदेश

**मेजा।** रामनगर के चिरैया मोड़ स्थित मां पीताम्बरा डेंटल क्लीनिक हॉस्पिटल पर स्वास्थ्य विभाग ने शनिवार को शिकंजा कसा और कार्यवाही करते हुए क्लिनिक को सील कर दिया है। यह कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग के एसीएमओ आरसी पांडेय के नेतृत्व में गठित टीम के अधिकारियों द्वारा की गई।

इस दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चौकी प्रभारी रामनगर अभिनव उपाध्याय पुलिस बल के साथ मौके पर मौजूद रहे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने पुलिस की मौजूदगी में



रामनगर स्थित पीतांबरा डेंटल क्लिनिक को सीज करते स्वस्थ विभाग के अधिकारी

आवश्यक औपचारिकताएं पूरी करते हुए क्लीनिक को सील कर दिया। हालांकि, क्लीनिक को सील किए जाने के कारणों की आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है। फिलहाल स्वास्थ्य विभाग की ओर से विस्तृत जानकारी मिलने के बाद ही कारणों की स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

# मेजा में खादी बोर्ड का जागरूकता शिविर, युवाओं और महिलाओं को स्वरोजगार योजनाओं की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश




**प्रयागराज।** उत्तर प्रदेश खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की ओर से शनिवार को मेजा ब्लॉक परिसर में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ग्रामीण युवाओं, महिलाओं और स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक लोगों को विभाग की विभिन्न रोजगारपरक योजनाओं की जानकारी देकर उनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मेजा ब्लॉक प्रमुख गायत्री देवी मौजूद रहीं। उन्होंने ग्रामीण क्षेत्रों में स्वरोजगार को बढ़ावा देने वाली योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लेने की अपील की। इस दौरान विभागीय अधिकारियों ने प्रतिभागियों को योजनाओं की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया और मिलने वाले लाभ के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

शिविर में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम (पीएमईजीपी), मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला ग्रामोद्योग रोजगार योजना और माटीकला टूलकिट योजना सहित कई प्रमुख योजनाओं की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इन योजनाओं के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बढ़ाने और युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया जा रहा है।

जिला खादी एवं ग्रामोद्योग अधिकारी जवाहर लाल ने कहा कि विभाग की योजनाओं का उद्देश्य बेरोजगार युवाओं, महिलाओं और इच्छुक उद्यमियों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है। उन्होंने अधिक से अधिक लोगों से इन योजनाओं का लाभ लेने की अपील की।

कार्यक्रम में सुनील कुमार, नंद लाल पटेल, हिमांशु यादव, अभिषेक त्रिपाठी, राम लाल समेत विभाग के अन्य अधिकारी और कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा जागरूकता शिविर में स्वरोजगार योजनाओं की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश




**प्रतापगढ़।** उ०प्र० खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड की विपणन विकास सहायता योजना (एससीएसपी) के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री ग्रामोद्योग रोजगार योजना, मुख्यमंत्री माटीकला रोजगार योजना, मुख्यमंत्री युवा उद्यमी विकास अभियान एवं प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम के व्यापक प्रचार-प्रसार के उद्देश्य से तहसील सदर के नगर पंचायत पृथ्वीगंज के पृथ्वीगंज भगेसरा में एक दिवसीय जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कार्यालय प्रभारी रहेन्द्र कुमार शुक्ला ने की। शिविर में उपस्थित लोगों को विभाग द्वारा संचालित विभिन्न स्वरोजगारपरक योजनाओं की जानकारी देते हुए पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, ऋण सुविधा एवं सरकारी सहायता से संबंधित महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया गया। साथ ही युवाओं, कारीगरों एवं ग्रामीण उद्यमियों को योजनाओं का लाभ उठाकर आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रमोद शर्मा मण्डल महामंत्री (सभासद वार्ड संख्या-14 बकुलाही नगर पंचायत पृथ्वीगंज), विशिष्ट अतिथि के रूप में भाजपा नगर अध्यक्ष आलोक गर्ग तथा अतिविशिष्ट अतिथि समाजसेवी पंकज मिश्रा उपस्थित रहे। इस अवसर पर उ०प्र० ग्रामीण बैंक, पृथ्वीगंज (प्रतापगढ़) की शाखा प्रबंधक उत्प्रेक्षा चतुर्वेदी ने बैंकिंग सुविधाओं एवं स्वरोजगार से संबंधित ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन राम अजीत पटेल ने किया। शिविर में श्याम बहादुर यादव, सिद्धान्त मौर्य, हर्षित पाण्डेय, अमरनाथ, हरिराम पटेल सहित क्षेत्रीय नागरिक एवं लाभार्थी उपस्थित रहे।

## दुष्कर्म के मामले में एक बाल अपचारी गिरफ्तार

**कुण्डा।** थाना कुण्डा पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में फरार चल रहे 01 बाल अपचारी को शुक्रवार को उमरखन का पुरवा रास्ते के बाग के पास से पुलिस अभिरक्षा में लिया। पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी कुण्डा शिवनारायण वैस के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी मनोज कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में उपनिरीक्षक मनोज राय, हे0का0 दीपक दुबे व रि0का0 कुलदीप पटेल की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। मामला थाना कुण्डा क्षेत्र के ग्राम नया का पुरवा सुजौली से जुड़ा है। वादी की तहरीर पर उनकी माता के साथ सामूहिक दुष्कर्म व जान से मारने की धमकी देने के आरोप में मुकदमा पंजीकृत है। इस मामले में पूर्व में मो0 अशरफ उर्फ धोनी पुत्र जियाउद्दीन निवासी नया का पुरवा सुजौली को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।पुलिस के अनुसार गिरफ्तार बाल अपचारी से विधिक प्रक्रिया के तहत पूछताछ की जा रही है। मामले में दर्ज अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

# छह देसी सुतली बम के साथ युवक गिरफ्तार



**पट्टी।** कंधई पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक युवक को छह देसी सुतली बम के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया।पुलिस के अनुसार, थाना प्रभारी आदित्य कुमार सिंह के नेतृत्व में उपनिरीक्षक कैलाश यादव व उनकी टीम संदिग्ध व्यक्तियों और वाहनों की चेकिंग कर रही थी। इसी दौरान मुखबिर की सूचना पर महदेपुर मोड़ तिराहे के पास से समशेर उर्फ शमसुल (22) निवासी सोनाही, थाना दिलीपपुर को गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से छह देसी सुतली बम बरामद हुई है। इस संबंध में थाना कंधई में मुकदमा अपराध संख्या 150/2026, धारा 4\5 विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने आरोपी को आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद न्यायालय भेज दिया।

## ई-रिक्शा चालकों की पिटाई का वीडियो वायरल, जांच में जुटी पुलिस

**पट्टी।** सोशल मीडिया पर ई-रिक्शा चालकों की पिटाई का एक वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में एक चार पहिया वाहन सवार व्यक्ति दो ई-रिक्शा चालकों को लात-घूंसों से मारता हुआ दिखाई दे रहा है। बताया जा रहा है कि यह वीडियो 1 जुलाई की रात करीब 8 बजे का है और पट्टी क्षेत्र का बताया जा रहा है। वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले का संज्ञान लिया है। पट्टी कोतवाल आनंद पाल सिंह ने बताया कि वायरल वीडियो उनके संज्ञान में आया है। फिलहाल वीडियो की जांच की जा रही है। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि वीडियो में दिखाई दे रहे पीड़ित और आरोपी कौन हैं तथा किस क्षेत्र के रहने वाले हैं। पुलिस का कहना है कि वीडियो की सत्यता, घटना का स्थान और संबंधित लोगों की पहचान की जा रही है। जांच के आधार पर आगे आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## पेट्रोल लेने जा रहे युवकों को रास्ते में रोककर पीटा

**पट्टी।** कोतवाली क्षेत्र के रमईपुर नेवादा गांव निवासी अंकित हरिजन ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि वह बीती रात 9 बजे के आसपास तेल लेने के लिए रेडी गारापुर स्थित पेट्रोल पंप पर जा रहा था। इस दौरान गांव के समीप अचानक तीन मोटरसाइकिल रुकी तीनों मोटरसाइकिल पर आधा दर्जन नकाबपोश उतारे। उसे तथा उसके साथ रहे प्रमोद हरिजन को लाठी डंडा सरिया आदि से मार पीट करने लगे। अंकित का आरोप है कि उक्त लोग उसे पटक पटक कर गिरा गिरा कर पीटा। घटना की जानकारी 112 पुलिस को दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची तब तक आरोपी जा चुके थे। इस मामले में पीड़ित पक्ष शनिवार की दोपहर करीब 12रू30 बजे पट्टी कोतवाली आया और गंभीर आरोपों का प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है ।पीड़ित पक्ष के साथ आए लोग किसी बात को लेकर कोतवाली के ठीक सामने ही आपस में ही भिड़ गए और उनमें मारपीट होने लगी। आसपास के लोगों ने बीच बचाव कर मामला शांत कराया । फिलहाल पुलिस प्रार्थना पत्र के आधार पर मामले की जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

# जेठवारा पुलिस ने दुष्कर्म के मामले में एक अभियुक्त को किया गिरफ्तार




**कुंडा।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में चलाए जा रहे अपराधियों के खिलाफ अभियान के तहत थाना जेठवारा पुलिस ने दुष्कर्म के एक मामले में वांछित 01 अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय व क्षेत्राधिकारी सदर रविन्द्र प्रताप सिंह के पर्यवेक्षण में थाना प्रभारी नरेन्द्र सिंह के नेतृत्व में म0उ0नि0 आंकाझा वर्मा, का0 मोहन प्रसाद, रि0 जयप्रकाश भारती व रि0म0का0 अन्नू कुमारी की टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई की। टीम ने थाना क्षेत्र के खटवारा पुलिया के पास से मो0 साकिर उर्फ भुवर पुत्र अब्दुल खालिद निवासी ग्राम शाह गरीब की तकिया सरायइन्द्रावत, थाना जेठवारा उम्र 40 वर्ष को गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध थाना जेठवारा में धारा 64(1), 115(2), 126(2), 351(3), 352, 333 बीएनएस के तहत मामला दर्ज है। गिरफ्तार अभियुक्त को विधिक कार्रवाई के बाद न्यायालय में पेश किया गया।

## जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष

**पट्टी।** कंधई थाना क्षेत्र के सरसी खाम गांव में शनिवार को जमीन विवाद को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया और दोनों पक्षों के बीच जमकर लात-घूंसे, लाठी-डंडे चले। घटना के दौरान मौजूद लोगों ने मारपीट का वीडियो बना लिया, जो अब सोशल मीडिया के विभिन्न प्लेटफॉर्म पर तेजी से वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में दोनों पक्ष एक-दूसरे पर हमला करते दिखाई दे रहे हैं। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया और आसपास के लोगों ने बीच-बचाव का प्रयास किया। घटना की सूचना पुलिस को भी दी गई।इस संबंध में कंधई थाना प्रभारी आदित्य सिंह ने बताया कि दोनों पक्षों की ओर से शिकायत मिली है। मामले की जांच की जा रही है। जांच के आधार पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पुलिस वायरल वीडियो की भी जांच कर रही है और पूरे मामले की पड़ताल में जुटी है।

# महिलाओं को हेल्पलाइन नंबर व सुरक्षा उपायों की दी जानकारी

अखंड भारत संदेश



**कुंडा।** पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर के निर्देशन में शुक्रवार को मिशन शक्ति चरण-5 के तहत थाना नवाबगंज की एंटी रोमियो टीम ने विशेष जागरूकता अभियान चलाया। टीम ने नवाबगंज बाजार, बैंक परिसर और आसपास के क्षेत्रों में महिलाओं व बालिकाओं को महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण के बारे में जानकारी दी। अभियान के दौरान शासन द्वारा संचालित हेल्पलाइन सेवाओं के बारे में विस्तार से बताया गया। इस दौरान वूमेन पावर लाइन-1090, महिला हेल्पलाइन-181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन-1076, पुलिस आपातकालीन सेवा -112, चाइल्ड हेल्पलाइन -1098, स्वास्थ्य सेवा -102, 108, साइबर अपराध हेल्पलाइन -1930 इसके साथ ही महिलाओं को नवीन आपराधिक कानूनों के महत्वपूर्ण प्रावधानों से भी अवगत कराया गया। उनकी समस्याएं व सुझाव सुने गए और थाना स्तर पर संचालित महिला हेल्प डेस्क व मिशन शक्ति की सेवाओं का अधिक उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर महिलाओं को मिशन शक्ति प्रभारी का सीयूजी नंबर - 9454407329 और थाना नवाबगंज का सीयूजी नंबर 9454404120 भी उपलब्ध कराए गए, ताकि जरुरत पड़ने पर तत्काल पुलिस सहायता मिल सके।

# समाजसेवी विनोद मिश्र का निधन अधिवक्ताओं व पत्रकारों में शोक की लहर



**लालगंज।** मोठिन निवासी समाजसेवी विनोद मिश्रा 57 का शनिवार की सुबह लखनऊ के एक अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वह अधिवक्ता प्रेम मिश्र के पिता भी थे। निधन की जानकारी मिलने पर क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना ने परिजनों से फोनिक वार्ता कर संवेदना प्रकट की। इधर साथी के पिता के निधन पर तहसील परिसर में अधिवक्ताओं ने शोक सभा कर श्रद्धांजलि अर्पित की। शोक सभा की अध्यक्षता संयुक्त अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष राजेशचंद्र तिवारी एवं संचालन महामंत्री शिवरंजन यादव ने किया। इस मौके पर देवी प्रसाद मिश्र, अबरार खान, नामवर सिंह, उमेश तिवारी, अनिल त्रिपाठी महेश, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संदीप सिंह, रामकुमार पाण्डेय, शहजाद अंसारी, बालेन्द्र त्रिपाठी, रामकृष्ण दुबे, धीरेन्द्र मिश्र, अजय शुक्ला, हरिश्चंद्र पाण्डेय, मो0 असलम, शिवाकांत उपाध्याय, अरूण तिवारी, तपन पाण्डेय, अरूण पाण्डेय, पिण्टू मिश्र, मोनू पाण्डेय आदि अधिवक्ता रहे। वहीं भारतीय राष्ट्रीय पत्रकार महासंघ की भी बैठक तहसील इकाई अध्यक्ष विकास मिश्र की अध्यक्षता में हुई। इसका संचालन महामंत्री साकेत मिश्र ने किया। इस मौके पर मण्डल अध्यक्ष चंद्रशेखर तिवारी, सुरेंद्र तिवारी सागर, डॉ0 आशीष सिंह, मनोज सिंह, सुरेश मिश्र मदन, गौरीशंकर तिवारी, मुकेश सिंह, डॉ0 वीरेश सिंह, जगत वर्मा, प्रमोद सिंह बाबा, विनोद सिंह बघेल, सुशील सिंह, शत्रुघ्न पाण्डेय, मनोज त्रिपाठी, आनन्द त्रिपाठी, आशुतोष मिश्र, अखिलेश मिश्र, शुभम श्रीवास्तव, राजीव तिवारी, उमेश तिवारी, संजय शुक्ला, संजीव तिवारी, अनूप तिवारी, अजय यादव, अरविन्द दुबे, राकेश त्रिपाठी, शास्त्री सौरभ, सुमित त्रिपाठी, मुकेश तिवारी, आईपी मिश्र, शिवकरन चैबे, रामू मिश्र, संदीप मिश्र राहुल, संजीव द्विवेदी, जाकिर अली, लवलेश शुक्ला, राजेन्द्र मिश्र, सरवर आलम, डॉ0 आरआर पाण्डेय, धीरेन्द्र सिंह, बाबा नरेन्द्र ओझा, राजेश पाण्डेय, विवेक शुक्ला आदि रहे। महासंघ के राष्ट्रीय संयोजक भगवान प्रसाद उपाध्याय, राष्ट्रीय अध्यक्ष मुनेश्वर मिश्र, राष्ट्रीय मुख्य महासचिव मथुरा प्रसाद धुरिया, प्रदेश प्रवक्ता अजय पाण्डेय, जिलाध्यक्ष अजय ओझा ने भी साथी पत्रकार प्रेम मिश्रा के पिता विनोद के निधन पर गहरा दुःख जताया है।

## लकड़ी हटाने के विवाद में दो पक्षों में मारपीट

**कुंडा।** थाना क्षेत्र के भैरु लाल का पूर्व नदिया गांव में शुक्रवार शाम आबादी की जमीन पर जेसीबी से लकड़ी हटाने को लेकर दो पक्षों में विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा कि दोनों पक्षों में मारपीट हो गई। पुलिस के अनुसार पहले पक्ष से शिखा यादव, नितिन यादव व रामपति यादव शामिल थे। वहीं दूसरे पक्ष से सोनम यादव व नीलू यादव पुत्रियां मुन्ना लाल यादव शामिल थीं। दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर मारपीट और छेड़खानी का आरोप लगाते हुए महेशगंज थाने में तहरीर दी है। थाना प्रभारी ने बताया कि दोनों पक्षों की तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है। जांच के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# नहर में शव मिलने से मचा हडकंप, कोहराम



अखंड भारत संदेश

**लालगंज।** नहर में शव मिलने की जानकारी पर ग्रामीणों में हडकंप मच गया। मौत की जानकारी होने पर परिजनों में कोहराम मचा है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा कर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया है। लालगंज कोतवाली के चुंगुलपुर बटौली गांव निवासी राजू सरोज 38 पुत्र बिहारी लाल शुक्रवार की देर शाम खेत में पानी लगाने की बात कहकर घर से निकला था। उसके वापस न लौटने पर परिजन खोजबीन में जुटे थे। इधर शनिवार की सुबह करीब छः बजे घर से करीब पांच सौ मीटर दूर नहर में युवक का शव उतराया देख ग्रामीणों में हडकंप मच गया। जानकारी होने पर खोजबीन में जुटे परिजन भी पहुंच गये। मृतक की पहचान राजू सरोज के रूप में होने पर परिजनों मे कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे लेकर पीएम के लिए जिला मुख्यालय भेजवाया। उधर ग्रामीणों में मृतक को मिर्गी का रोगी होने को लेकर भी चर्चा रही। युवक की मौत से परिजनों का रो रो कर बुराहाल है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि पीएम रिपोर्ट आने पर मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा। तहरीर मिलने पर उचित कार्रवाई की जाएगी।

## पेड़ की डाल काटने के विवाद में चार पर केस

**प्रतापगढ़।** पेड़ की डाल काटने के विवाद को लेकर हुई मारपीट की घटना में पुलिस ने चार आरोपियो के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के पुरवारा गांव निवासी रोशनी सरोज पुत्री राम किशोर सरोज ने पुलिस को दी गई तहरीर मे कहा है कि बीती दो जुलाई की शाम करीब साढ़े छः बजे परिवार के राजेन्द्र सरोज और उनकी पत्नी व पुत्री पिंकी तथा पन्ने सरोज एकराय होकर पेड़ की डाल काट रहे थे। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपियों ने एकराय होकर मारापीटा व जान से मारने की धमकी दी। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच के बाद चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## डीएम से दुष्कर्म के आरोपी की गिरफ्तारी की मांग

**प्रतापगढ़।** दुष्कर्म के मुकदमे में आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर पीडिता ने जिलाधिकारी से गुहार की है। लीलापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की पीड़िता का आरोप है कि बीती उन्तीस जून को उसकी बहन के साथ गांव के ही कुश वर्मा पुत्र रामदुलारे वर्मा ने दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया। घटना को लेकर आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। लेकिन गिरफ्तारी न होने से पीड़ित व उसके परिवार के सदस्य डरे सहमे हैं। पीड़िता का यह भी आरोप है कि आरोपी कभी भी कोई अप्रिय घटना को अंजाम दे सकता है। पीडिता ने जिलाधिकारी से आरोपी की गिरफ्तारी तथा परिवार की सुरक्षा की गुहार लगायी है। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# सामूहिक सुन्दरकाण्ड व भण्डारे मे उमड़े श्रद्धालु गूंजा हनुमान जी महाराज का जयघोष



**लालगंज।** नगर के रायबरेली प्रतापगढ़ रोड पर स्थित श्रीहनुमत निकेतन मंदिर में शनिवार को विशाल भण्डारे का आयोजन हुआ। हनुमत उपासना समिति द्वारा हुए धार्मिक आयोजन में सामूहिक सुंदरकांड मे श्रीहनुमान भक्तों की भारी भीड़ जुटी दिखी। भक्तों ने हनुमान जी महाराज का भव्य श्रृंगार किया और सामूहिक आरती पूजन कर लोकमंगल की प्रार्थना की। हनुमान जी महाराज के जयघोष के मध्य दिन भर भण्डारे मे व्यापारियों तथा राहगीरों के साथ श्रद्धालुओं ने भगवान का प्रसाद ग्रहण किया। भण्डारे का संयोजन जय कौशल तथा बबलू पटवा, पवन पटवा, मोहित जायसवाल, पवन कौशल ने किया। इस मौके पर चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी, सभासद आशीष कौशल व सोनू शुक्ला, राजा शुक्ला, रमेश जायसवाल, विनोद जायसवाल, अनिल पाण्डेय, डॉ0 संजय दुबे, आशु कौशल, अमित यादव, अमित गुप्ता, मुन्ना जायसवाल, मो0 चांद, गोलू कौशल, राजेन्द्र अग्रहरि, मोती लाल जायसवाल, विमल सिंह आदि रहे।

### जमीन पर अवैध कब्जे की हुई शिकायत

**प्रतापगढ़।** जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर पीड़ित ने पुलिस से शिकायत की है। लालगंज कोतवाली के रायपुर तियाई गांव निवासी कन्हैया लाल पुत्र स्व0 दादू गौतम ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि उसकी भूमिधरी जमीन पर अवैध कब्जे को लेकर विपक्षी आये दिन मारपीट व धमकी पर आमदा रहते हैं। आरोप है कि बीती तीन जुलाई को आरोपियों ने पीड़ित को खेत की जुताई करने से जबरन मना कर दिया। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि तहरीर मिली है जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

## अपहरण का वांछित धराया, गया जेल

**लालगंज।** अपहरण के मुकदमे मे वांछित को गिरफ्तार कर पुलिस ने गायब किशोरी की बरामदगी भी की है। गिरफ्तार वांछित को पुलिस ने शनिवार को जेल भेज दिया। लालगंज कोतवाली के दरोगा राजेन्द्रराम शनिवार की सुबह पुलिसबल के साथ गश्त पर निकले थे। इसी बीच मुखबिर की सूचना पर अपहरण के मुकदमे में वांछित डिहवा पूरे सेवकराय निवासी मोहित सरोज पुत्र वीरेन्द्र सरोज को नया पुरवा के समीप से गिरफ्तार कर लिया। उप निरीक्षक ने बताया कि वांछित द्वारा अपहृत की गयी किशोरी की भी बरामदगी की गयी है। गिरफ्तार किये गये वांछित को जेल भेज दिया गया है।

# जमीनी विवाद में महिला के घर में घुसकर मारपीट

**पट्टी।** बसौली में शनिवार को जमीनी विवाद के चलते पड़ोसियों ने जमकर तांडव मचाया। पीड़िता ने आरोप लगाया है कि दबंगों ने घर में घुसकर उसे बेरहमी से पीटा, बाल खींचे और उसके गले से सोने की चेन छीन ली। पीड़िता ने थाने में तहरीर देकर जान-माल की सुरक्षा और दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

बसौली निवासी संगीता वर्मा पत्नी हरीनाथ ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि शनिवार दोपहर वह अपनी जमीन पर थी। इसी दौरान पड़ोसी अमर बहादुर पुत्र जगन्नाथ, शुभम पुत्र अमर बहादुर, शोभा देवी पत्नी अमर बहादुर और शुभम की पत्नी ने एक राय होकर जमीन पर जबरन बल्ली गाड़नी शुरू कर दी।संगीता का आरोप है कि जब उसने इसका विरोध किया तो आरोपियों ने उसे गालियां देते हुए मारने के लिए दौड़ा लिया। जान बचाने के लिए वह भागकर अपने घर के भीतर चली गई, लेकिन दबंगों ने घर में घुसकर उसके साथ मारपीट की और बाल पकड़कर घसीटा। इस दौरान शुभम ने उसके गले से सोने की चेन छीन ली। जाते समय आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देकर फरार हो गए। घटना से डरी-सहमी पीड़िता ने पट्टी थाने पहुंचकर पुलिस को आपबीती बताई है। पीड़िता ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। वहीं, स्थानीय पुलिस ने मामले की जानकारी होने की पुष्टि की है और जांच के बाद कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## विवाहिता से छेडछाड़ का आरोप, दी तहरीर

**प्रतापगढ़।** छेडछाड के आरोप को लेकर पीड़िता ने पुलिस से शिकायत की है। उदयपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की विवाहिता ने शनिवार को पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती गुरूवार की रात करीब ग्यारह बजे रेहुला लालगंज इलाके का एक व्यक्ति खिड़की की जाली तोडकर जबरन उसके घर में घुस आया। आरोप है कि आरोपी ने विवाहिता के साथ जबरन छेडछाड़ की व कहीं शिकायत करने पर जान से मारने की धमकी भी दी। प्रभारी निरीक्षक दीप नारायण का कहना है कि जांच के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी।

# अनियंत्रित फॉर्च्यूनर ने बाइक को सामने से मारी टक्कर पति की मौत, पत्नी घायल

अखंड भारत संदेश

**कौशांबी** महेवाघाट थाना क्षेत्र में धाता मोड़ हिनौता के पास अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार चालक ने सामने से आ रहे बाइक सवार दंपत्ति को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर पड़े और गंभीर रूप से घायल हो गए हैं घटना स्थल पर तड़प तड़प के पति की दर्दनाक मौत हो गई है पत्नी गंभीर घायल है दुर्घटना देखकर आसपास सैकड़ो लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना थाना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई है सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस में मृतक पति के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल पत्नी को




**लग्जरी वाहनों के अंधे चालकों पर कठोर कार्रवाईकी मांग**

**अंधे मोड़ पर आए दिन होने वाली दुर्घटना को रोकने का प्रयास नहीं कर रही थाना पुलिस**

इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग भी रोते बिलखते मौके पर पहुंच गए हैं इस स्थान पर इसके पहले भी कई दुर्घटनाएं हो चुकी है लेकिन फिर भी दुर्घटना रोकने की कोशिश थाना पुलिस नहीं कर रही है इस मोड को अंधा मोड़ कहा जाता है और यहां आए दिन दुर्घटना में मौत होती है जानकारी के मुताबिक केवटमई गांव निवासी नोखे लाल गुप्ता उम्र लगभग 24 वर्ष शनिवार के दोपहर को बाइक में अपनी पत्नी को लेकर धाता की तरफ जा रहे थे जैसे ही बाइक सवार दंपति महेवा घाट थाना क्षेत्र के धाता मोड़ हिनौता के पास पहुंचे राजापुर की तरफ से आ रही तेजगति अनियंत्रित फॉर्च्यूनर कार चालक ने सामने से बाइक में जोरदार टक्कर मार दिया जिससे बाइक सवार दंपति सड़क पर गिर गए और गंभीर घायल हो गए घटना देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे मामले की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी गई लेकिन तब तक देर हो चुकी थी पति नोखेलाल गुप्ता की तड़प तड़प तड़प दर्दनाक मौत हो गई है सूचना मिलते ही महेवाघाट पुलिस मौके पर पहुंची और फॉर्च्यूनर कार को कब्जे में लेकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और घायल महिला को इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया है पुलिस मामले की जांच कर आगे की विधिक कार्रवाई में जुटी

## फॉर्च्यूनर ने ई रिक्शा में मारी टक्कर चालक घायल

**हर्रायपुर कौशांबी** संदीपन घर थाना क्षेत्र के तेरह मिल नारायण स्वरूप हॉस्पिटल के पास शुक्रवार की रात्रि लगभग 8:30 बजे मंझनपुर की तरफ से जा रही तेज रफ्तार अनियंत्रित फॉर्च्यूनर चालक विपिन कुमार केसरवानी ने सामने से आ रहे ई-रिक्शा को जोरदार टक्कर मार दिया जिससे ई रिक्शा सड़क पर पलट गया है चारों पहिए आसमान की ओर हो गया है रिक्शा चालक वाहन के नीचे दब गया है बताया जाता है कि फॉर्च्यूनर चालक शराब के तेज नशे में थे जिससे उन्हें सड़क और आसमान में अंतर नहीं दिखाई पड़ा दुर्घटना हो गई मौके से गुजर रहे लोगों ने दुर्घटना देखा तो मामले की सूचना थाना पुलिस को दी और घायल ई रिक्शा चालक को इलाज के लिए एंबुलेंस से अस्पताल पहुंचाया गया है जहां चालक की हालत गंभीर बताई जाती है दुर्घटना की जानकारी मिलते ही घर परिवार के लोग भी पहुंच गए हैं दुर्घटना के बाद फॉर्च्यूनर चालक वाहन समेत मंझनपुर की ओर भाग कर चला आया है इस दुर्घटना में घायल ई रिक्शा चालक का नाम अनिल कुमार पुत्र विजय कुमार निवासी उमरपुर बताया जाता है उसकी हालत लगातार गंभीर बनी हुई है



## टैग लगे गौवंशों के अवशेष धुमाई के जंगल में मिलने से हड़कंप

अखंड भारत संदेश

**अझुवा कौशाम्बी** सैनी कोतवाली के धुमाई गांव के जंगल में गेंदिया नदी के किनारे टैग लगे कई गौवंशों के अवशेष मिलने से शनिवार दोपहर को हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय गौ रक्षा परिषद के पदाधिकारी मौके पर पहुंच गए। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिस और पशुपालन विभाग की टीम ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया।राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय गौ रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष राजवीर मौर्य ने बताया कि उन्होंने मामले की सूचना तत्काल सिराथू क्षेत्राधिकारी सत्येंद्र कुमार तिवारी को दी। उस समय फतेहपुर जनपद के खखरेरू थाना पुलिस भी मौके पर मौजूद थी।पशुधन अधिकारी संजय कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर अवशेषों की जांच की। यह स्थान फतेहपुर जनपद के बिछियांवा गांव स्थित अस्थायी गौशाला से लगभग 200 मीटर की दूरी पर,कौशाम्बी के धुमाई जंगल में गेंदिया नदी के किनारे स्थित है।पुलिस

**गोकशी के आरोप और प्रशासन का अलग दावा**




अधिकारियों और पशुपालन विभाग का कहना है कि मौके पर मिले अवशेष उन गौवंशों के हैं जिनकी मृत्यु हो चुकी थी अथवा जो मरणासन्न अवस्था में थे।अधिकारियों के अनुसार ऐसे पशुओं को संबंधित गौशाला के कमर्चारी यहां लाकर फेंक जाते थे।वहीं राष्ट्रीय बजरंग दल एवं राष्ट्रीय गौ रक्षा परिषद के जिला अध्यक्ष राजवीर मौर्य तथा गौरक्षा समिति के आशीष शुक्ला ने प्रशासन के इस दावे पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि घटनास्थल पर गौवंशों की हत्या की जा रही है। उनका कहना है कि मौके पर पेड़ो से बंधी रस्सियां और संदिग्ध रक्त के निशान मिले हैं,जो गोकशी की आशंका को मजबूत करते हैं। उन्होंने पूरे प्रकरण की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। साथ ही गौशालाओं की व्यवस्था पर भी गंभीर सवाल उठाए।मामले को लेकर क्षेत्र में काफी देर तक चर्चा का माहौल बना रहा।सकड़ों की संख्या में लोग मौजूद रहे जांच के बाद पशुपालन विभाग और पुलिस की मौजूदगी में जेसीबी की सहायता से मिले अवशेषों को नदी किनारे गड्ढा खोदकर डिस्पोज कर दिया गया।


## चार थानेदारों के क्षेत्र में एसपी ने किया परिवर्तन

**कौशांबी** कानून व्यवस्था को चुस्त दुरुस्त बनाए रखने के उद्देश्य से देर रात एसपी सत्यनारायण प्रजापत ने कई थाना प्रभारी के कार्य क्षेत्र में परिवर्तन किया है पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक संदीपन घाट थाना प्रभारी इंद्र देव को लाइन हाजिर कर दिया है।एसपी ने एसपी कार्यालय में वाचक कार्यालय पर तैनात रहे इंस्पेक्टर संतोष शर्मा को कोखराज थाना का प्रभारी बनाया है,और अभी तक कोखराज थाना प्रभारी रहे चंद्रभूषण मौर्य को मोहब्बतपुर पैंसा थाना का चार्ज दिया है।संदीपन घाट थाना प्रभारी रहे इंद्रदेव को लाइन हाजिर कर क्राइम ब्रांच से आशुतोष सिंह को संदीपन घाट थाना का प्रभारी बनाया है कौशाम्बी थाना प्रभारी रहे केके यादव को कौशांबी से हटाकर एसपी ने विशेष जांच प्रकोष्ठ का प्रभारी बनाया है।वही फील्ड यूनिट में तैनात रहे जगदीश कुमार को कौशाम्बी थाना का प्रभारी बनाया है मोहब्बतपुर पैंसा थाना प्रभारी रहे राजेंद्र कुमार वर्मा को एसपी ने चुनाव सेल भेजा है।

## पिछला पहिया फटने से स्कॉपियो कंटेनर में घुसी, सात लोग घायल

**फूलपुर से कानपुर जा रहे थे सभी यात्री, कोखराज के ककोढ़ा गांव के पास हुआ हादसा**

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के ककोढ़ा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर शनिवार शाम करीब 6:30 बजे एक तेज रफ्तार स्कॉपियो का अगला पहिया फट जाने से वह अनियंत्रित होकर आगे चल रहे कंटेनर से टकरा गई। हादसे में स्कॉपियो सवार सात लोग घायल हो गए। सभी को प्राथमिक उपचार के लिए सिराथू अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार,फूलपुर से कानपुर जा रही स्कॉपियो ल पिछला पहिया अचानक फट गया। चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख सका और स्कॉपियो आगे चल रहे कंटेनर में पीछे से जा भिड़ी। टक्कर के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।हादसे में घायल होने वालों में आसिफ करीम सिद्दीकी,मो. अजीम,शमा परवीन,मल्लिका खातून, मरियम फातिमा,रेशमा परवीन व नाजरा बेगम शामिल हैं। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को वाहन से बाहर निकालकर उपचार के लिए मूरतगंज के एक अस्पताल पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के सभी को छुट्टी दे दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहन को किनारे कर यातायात सुचारु कराया। सभी घायलों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है।



## न्यूज झरोखा

### डॉ चिरौंजी लाल केसरवानी के अंतिम संस्कार में उमड़ा जनसैलाब



**कौशांबी** मंझनपुर मुख्यालय के कस्बा निवासी डॉ चिरौंजी लाल केसरवानी उम्र 73 वर्ष पुत्र हीरालाल बीते दो महीने से बीमार चल रहे थे प्रयागराज से लेकर लखनऊ दिल्ली के बेहतर अस्पताल के चिकित्सकों से परिजनों ने उनका इलाज कराया लेकिन ईश्वर को कुछ और मंजूर था शुक्रवार की शाम को इलाज के दौरान अस्पताल में डॉ चिरौंजी लाल केसरवानी की मौत हो गई जैसे ही मौत की जानकारी रिश्तेदार परिवार और शुभचिंतको को लगी उनके आवास पर लोगों का हुजूम उमड़ पड़ा शनिवार दोपहर उनका अंतिम संस्कार मंझनपुर श्मशान घाट पर सैकड़ो लोगों की उपस्थिति में किया गया डॉ चिरौंजी लाल केसरवानी के अंतिम संस्कार में जनसैलाब उमड़ पड़ा अश्रुपूरित नेत्रों ने लोगों ने उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया उनके बड़े पुत्र डॉ अरुण केसरवानी ने उन्हें मुखाग्नि दी डॉ चिरौंजी लाल केसरवानी अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ कर संसार छोड़ कर चले गए हैं डॉ चिरौंजी लाल केसरवानी के चले जाने के बाद भी उनका मधुर स्वभाव और उनकी जनसेवा हमेशा उनकी याद दिलाता रहेगा अंतिम संस्कार में नगर पालिका परिषद मंझनपुर अध्यक्ष वीरेंद्र कुमार फौजी समेत तमाम लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित किया

### भवंस मेहता विद्याश्रम के छात्र छात्राओं को दी गई यातायात की जानकारी




**भरवारी कौशांबी** भवंस मेहता विद्याश्रम भरवारी में सी ओ यातायात भैया संतोष कुमार सिंह यातायात निरीक्षक प्रमोद कुमार टी एस आई शशिकांत यादव एवं हेड कांस्टेबल प्रवीण कुमार राय,संतोष कुमार,गोपाल शंकर राय ने यातायात के नियमों के बारे में छात्र छात्राओं को अवगत कराया। टी एस आई शशिकांत यादव ने कविता के माध्यम से हेलमेट,18 वर्ष के कम लाइसेंस न होने पर जुर्माना एवं अभिभावक को सजा रोड कैसे क्रॉस करें एवं रोड सिग्नल के बारे में बड़े ही अच्छे ढंग से सुनाया छात्रों ने कविता के माध्यम से शशिकांत जी को ध्यान मग्न होकर सुना विद्याश्रम के उप प्रधानाचार्य सुधाकर सिंह सभी यातायात पुलिस को धन्यवाद दिया सीनियर अध्यापक अवधेश कुमार मिश्रा भी उपस्थित रहे।

### कोखराज थानेदार का हुआ भव्य विदाई समारोह नए थाने की मिली कमान पइंसा हुए रवाना



**कोखराज कौशांबी** थाना कोखराज में लंबे समय से तैनात रहे थानेदार चंद्र भूषण मौर्या का स्थानांतरण मोहब्बत पुर पाइंसा थाना में कर दिया गया है चंद्र भूषण मौर्या के स्थानांतरण के बाद शनिवार को कोखराज थाना परिसर में थानेदार चंद्र भूषण मौर्या के सम्मान में उनके साथियों ने विदाई समारोह कार्यक्रम आयोजित कर थानेदार को माला पहना कर फूल बुके देकर पुलिस कर्मियों ने सम्मानित किया बीते हुए कायर्कालों की प्रशंसा की गई और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया गया उन्होंने सभी पुलिस कर्मियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं भी दिया आये हुए तमाम गणमान्य लोगों का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस क्षेत्र में मेरे कायर्काल में सभी के योगदान का मैं सदा आभारी रहूँगा इस मौके पर निरीक्षक उप निरीक्षक पुलिसकमी चौकी इंचार्ज सहित इलाके के तमाम लोग मौजूद रहे

### रोड के किनारे जंगल में संदिग्ध परिस्थितियों में आग



**कोखराज कौशाम्बी** सिराथू तहसील क्षेत्र के नोढिया आमद करारी वार्ड नम्बर 10 मंगल पांडेय नगर में रोड के किनारे जंगल में शनिवार को संदिग्ध परिस्थितियों में भयंकर आग लग गयी देखते देखते आगे विकराल रूप ले लिया जिससे अफरा तफरी मच गई जिसकी सूचना ग्रामीणों ने फायर ब्रिगेड को दिया मौके पर पहुँची फायर ब्रिगेड की दो टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पा लिया जिससे जल्द ही आग पर नियंत्रण किया जा सका

## बिन ड्यूटी के छह वर्षो से नेवादा से वेतन! मनरेगा की वित्तीय व्यवस्था पर उठे बड़े सवाल

अखंड भारत संदेश

**मुख्यालय मंझनपुर में तैनाती, कड़ा का अतिरिक्त प्रभार**

**कौशाम्बी** महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) में अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारियों की तैनाती और वेतन आहरण की व्यवस्था को लेकर गंभीर सवाल उठ खड़े हुए हैं। उपलब्ध विभागीय अभिलेखों के अनुसार अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी जितेन्द्र कुमार सिंह का वेतन वर्ष 2020-21 से लेकर 2025-26 तक लगातार विकास खंड नेवादा से आहरित होता रहा है। जबकि इसी अवधि में उनकी मूल तैनाती जिला मुख्यालय मंझनपुर रही और समय-समय पर उन्हें विभिन्न विकास खंडों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा जाता रहा।उपायुक्त (श्रम रोजगार) कार्यालय के 15 अप्रैल 2025 के आदेश में स्पष्ट है कि अधिकारी को सप्ताह में तीन दिन जिला मुख्यालय मंझनपुर तथा तीन दिन विकास खंड कड़ा में कार्य करना है। आदेश में विकास खंड नेवादा का कहीं कोई उल्लेख नहीं है। इसके बावजूद वेतन का लगातार नेवादा विकास खंड से आहरित होना प्रशासनिक हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है।इस संबंध में जब उपायुक्त (श्रम रोजगार/मनरेगा) विनय मिश्र से पक्ष लिया गया तो उन्होंने कहा कि ₹जनपद में आठ विकास खंड और छह अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी हैं। किसी भी अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी का वेतन किसी भी विकास खंड से निकल सकता है। इसमें कोई नियमगत विसंगति नहीं है।₹हालांकि विभाग का यह स्पष्टीकरण अपने साथ एक महत्वपूर्ण प्रश्न भी छोड़ता है। यदि किसी भी विकास खंड से वेतन आहरित किया जा सकता है, तो इसका आधार बनने वाला शासनादेश,वित्तीय नियम या सक्षम अधिकारी का आदेश क्या है? यदि ऐसा कोई प्रावधान मौजूद है तो उसे सार्वजनिक करने से न केवल स्थिति स्पष्ट होगी,बल्कि मनरेगा जैसी महत्वपूर्ण योजना में वित्तीय पारदर्शिता और जवाबदेही भी मजबूत होगी।लगातार छह वित्तीय वर्षों तक एक ही विकास खंड से वेतन आहरित होने की व्यवस्था अब केवल विभागीय प्रक्रिया का विषय नहीं रह गई है,बल्कि प्रशासनिक पारदर्शिता और वित्तीय उत्तरदायित्व का प्रश्न बन गई है। ऐसे में विभाग द्वारा अधिकृत नियमों और आदेशों को सार्वजनिक कर स्थिति स्पष्ट करना जनहित में आवश्यक माना जा रहा है।

## कल से शुरू होगा शक्तिपीठ कड़ा धाम का आषाढ़ मेला, सफाई व्यवस्था की खुली पोल

अखंड भारत संदेश




**अझुवा कौशाम्बी** जनपद के प्रसिद्ध शीतला माता शक्तिपीठ कड़ा धाम में रविवार से आषाढ़ मेले का शुभारंभ होने जा रहा है। लाखों श्रद्धालुओं के आगमन की संभावना है लेकिन अभी तक कड़ा धाम मेला क्षेत्र में साफ सफाई की व्यवस्था नहीं हो सकी है चारों तरफ गंदगी का अंबार लगा हुआ है जिससे कड़ा धाम मेला क्षेत्र की सफाई व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं।मेला शुरू होने से ठीक पहले कड़ा धाम बाइपास से लेकर कालेश्वर घाट मार्ग तक कई स्थानों पर गंदगी,कीचड़ और जलभराव की स्थिति बनी हुई है। श्रद्धालुओं को माता शीतला देवी मंदिर एवं गभर्गृह तक पहुंचने के लिए गंदे पानी और कीचड़ से होकर गुजरने की मजबूरी है,जिससे उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।स्थानीय लोगों का आरोप है कि मेला तैयारियों को लेकर प्रशासन और नगर पंचायत द्वारा बड़े-बड़े दावे किए जा रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत इन दावों से बिल्कुल अलग दिखाई दे रही है। सफाई व्यवस्था संतोषजनक न होने से नगर पंचायत की तैयारियों पर सवाल उठ रहे हैं।श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि मेले के शुभारंभ से पहले तत्काल सफाई अभियान चलाकर जलभराव और गंदगी की समस्या का समाधान कराया जाए, ताकि दूर-दराज़ से आने वाले श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

## सैय्यद सरवा चौराहे पर अवैध अस्पतालों की भरमार

**मरीजों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ स्वास्थ्य विभाग की कायर्शैली पर उठ रहे सवाल**

**कौशांबी।** चायल तहसील क्षेत्र के मनौरी मार्ग स्थित सैय्यद सरवा चौराहे पर बिना रजिस्ट्रेशन और मानक विहीन अस्पतालों के संचालन का मामला चर्चा का विषय बना हुआ है। जहां मरीजों के इलाज के नाम पर मोटी रकम तो वसूली जाती है लेकिन कुशल चिकित्सकों द्वारा उनका इलाज नहीं किया जाता है अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग के अफसर की लगातार मेहरबानी बनी हुई है क्षेत्र में कई ऐसे निजी अस्पताल और क्लीनिक संचालित होने की बात सामने आ रही है,जो बिना वैध पंजीकरण के मरीजों का इलाज कर रहे हैं। मानक ना पूरा करने वाले इन अस्पतालों पर स्वास्थ्य विभाग की मेहरबानी के चलते तमाम सवाल खड़े हो गए हैं इन अस्पतालों में न तो स्वास्थ्य विभाग द्वारा निर्धारित मानकों का पालन किया जा रहा है और न ही आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि इन अस्पतालों में न प्रशिक्षित डॉक्टर मौजूद हैं, न पर्याप्त प्रशिक्षित मेडिकल स्टाफ और न ही आपातकालीन सुविधाएं है इसके बावजूद मरीजों का इलाज खुलेआम किया जा रहा है। गंभीर बात यह है कि कई अस्पतालों में अनुभवहीन लोग भी इलाज करते नजर आ रहे हैं,जिससे मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ हो रहा है। जबकि अस्पतालों के बोर्ड पर बड़े डॉक्टरों के नाम लिखकर मरीज को गुमराह किया जा रहा है अस्पताल के बोर्ड में लिखें डॉक्टरों की मौजूदगी मरीज के इलाज के समय अस्पताल में नहीं रहती है ग्रामीणों का कहना है कि कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। इससे स्वास्थ्य विभाग की कायर्शैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं। लोगों का आरोप है कि विभागीय लापरवाही या मिलीभगत के कारण ऐसे अस्पताल बेखौफ होकर संचालित हो रहे हैं सैय्यद सरवा चौराहे के आसपास रहने वाले लोगों में इस मुद्दे को लेकर भारी नाराजगी है। उनका कहना है कि गरीब और जरूरतमंद लोग बेहतर इलाज की उम्मीद में इन अस्पतालों का रुख करते हैं,लेकिन उन्हें सही उपचार नहीं मिल पाता। कई मामलों में मरीजों की हालत बिगड़ने पर उन्हें बड़े अस्पतालों के लिए रेफर कर दिया जाता है।अब क्षेत्रीय जनता ने जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि बिना रजिस्ट्रेशन चल रहे अस्पतालों की तत्काल जांच कर सख्त कार्रवाई की जाए। साथ ही यह सुनिश्चित किया जाए कि क्षेत्र में केवल मानकों के अनुरूप अस्पताल ही संचालित हों,ताकि मरीजों को सुरक्षित और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

## बाइक सवार बदमाशों ने महिला का मंगलसूत्र झपटा, साहस से लूट की वारदात टली

अखंड भारत संदेश

**पल्टीपुर गांव के पास चाय-नाश्ते की दुकान चलाने वाली महिला से हुई हाथापाई, बिना नंबर की बाइक से भागे आरोपी**

**टेढ़ी मोड़ कौशाम्बी** कोखराज थाना क्षेत्र के पल्टीपुर गांव के पास शनिवार शाम एक महिला दुकानदार से मंगलसूत्र छीनैती करने का प्रयास किया गया।महिला की सूझबूझ और साहस के कारण बदमाश अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो सके और मंगलसूत्र फेंककर मौके से फरार हो गए।पल्टीपुर गांव के पास खुशबू देवी पत्नी अनिल कुमार अंडा व चाय-नाश्ते की दुकान चलाती हैं। शनिवार शाम करीब 5:30 बजे दो युवक बाइक से उनकी दुकान पर पहुंचे और अंडा बनाकर देने को कहा। महिला ने अंडा तैयार कर जैसे ही युवकों को देने का प्रयास किया,तभी पीछे बैठे एक युवक ने उनके गले में पहने मंगलसूत्र पर झपट्टा मारकर उसे छीन लिया। मंगलसूत्र छीनने के बाद दोनों युवक बाइक से भागने लगे। इसी दौरान खुशबू देवी ने फुती दिखाते हुए बाइक के पीछे बैठे युवक की शर्ट पकड़कर खींच लिया,जिससे वह नीचे गिर पड़ा। इसके बाद महिला और युवक के बीच हाथापाई होने लगी। मामला बिगड़ता देख बदमाश महिला का मंगलसूत्र वहीं फेंककर बाइक से फरार हो गए।पीड़िता ने बताया कि बदमाश जिस बाइक से आए थे, उस पर कोई नंबर प्लेट नहीं लगी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू कर दी है।ग्रामीणों ने महिला के साहस की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बहादुरी के चलते लूट की बड़ी वारदात टल गई पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों और अन्य सुरागों के आधार पर बदमाशों की तलाश में जुटी है।

## किसान क्रेडिट कार्ड संतृप्तिकरण अभियान

**किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने हेतु 06 जुलाई से 26 जुलाई तक संचालित किया जाएगा विशेष अभियान**

**कौशांबी** जनपद के सभी पात्र किसानों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना का लाभ दिलाये जाने के लिए मुख्य विकास अधिकारी कौशाम्बी द्वारा दिनाँक 04 जुलाई को विकास भवन में समीक्षा की गई समीक्षा के दौरान उप कृषि निदेशक,जिला कृषि अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, सहायक निदेशक मत्स्य, अग्रणी जिला बैंक प्रबंधक,सहायक निबंधक सहकारिता आदि उपस्थित रहे।मुख्य विकास अधिकारी द्वारा निर्देश दिया गया कि जनपद में किसान क्रेडिट कार्ड के नवीनीकरण एवं नए किसान क्रेडिट कार्ड बनाए जाने हेतु दिनांक 06 जुलाई से 26 जुलाई तक विशेष अभियान संचालित किया जाएगा। अभियान के सफल एवं प्रभावी क्रियान्वयन हेतु निम्नलिखित निर्देश भी दिए गए जनपद के सभी ग्राम पंचायत में किसान क्रेडिट कार्ड कैम्प (शिविर) लगाए जाएंगे। कृषि विभाग द्वारा शिविर आयोजित किये जाने का रोस्टर तैयार कर उसकी सूचना ग्राम पंचायतों में उपलब्ध करा दी जाए शिविरों का आयोजन संबंधित पंचायत भवन,बैंक शाखा परिसर अथवा प्राथमिक पाठशाला जैसे उपयुक्त सार्वजनिक स्थलों पर किया जाए।अग्रणी जिला प्रबंधक,बैंक ऑफ बड़ौदा,कौशाम्बी यह सुनिश्चित करेंगे कि सभी बैंक शाखाओं की सक्रिय सहभागिता रहे तथा शिविरों में आवश्यक बैंक प्रतिनिधियों की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इसके अतिरिक्त सभी शाखाओं पर किसान क्रेडिट कार्ड अभियान का बैनर लगाएंगे। सहायक निबंधक, सहकारिता द्वारा भी बी-पैक्स समितियों के माध्यम से पात्र कृषकों को साधन सहकारी बैंक द्वारा अधिक से अधिक कृषकों को किसान क्रेडिट कार्ड वितरण कराने के निर्देश दिए गए सहायक निदेशक,मत्स्य एवं मुख्य पशु चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि पात्र मत्स्य पालकों एवं पशुपालकों को किसान क्रेडिट कार्ड योजना से जोड़ने हेतु शिविरों में उनकी सहभागिता सुनिश्चित की जाए।उप कृषि निदेशक,कौशाम्बी द्वारा एफपीओ के माध्यम से पात्र कृषकों को अभियान में सम्मिलित कराने हेतु निर्देश दिया गया।शिविरों के आयोजन,प्रचार-प्रसार एवं समन्वय की समस्त व्यवस्था संबंधित विभागों द्वारा आपसी सहयोग से सुनिश्चित की जाएगी मुख्य विकास अधिकारी कौशांबी द्वारा कृषकों से अपील की गई कि जनपद के सभी किसान कैम्प में या अपने अपने नजदीकी बैंक शाखा में जाकर किसान क्रेडिट कार्ड के लिए आवेदन करें। किसी भी समस्या के लिए जिला कृषि अधिकारी या जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक से संपर्क करें।



# दो साल बाद भी उड़ान नहीं भर सकी शिवपुरी एयरपोर्ट

## परियोजना, जमीन आवंटन के इंतजार में अटका 45 करोड़ का सपना

अखंड भारत संदेश



**शिवपुरी।** क्षेत्रीय हवाई संपर्क को मजबूत करने और शिवपुरी को पर्यटन व औद्योगिक विकास की नई दिशा देने के उद्देश्य से घोषित एयरपोर्ट परियोजना दो वर्ष से अधिक समय बाद भी शुरुआती प्रक्रियाओं से आगे नहीं बढ़ सकी है। 6 मार्च 2024 को केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने गुना दौरे के दौरान उड़ान (यूडीएएन) 5.2 योजना के तहत शिवपुरी और गुना में 45-45 करोड़ रुपये की लागत से एयरपोर्ट विकसित करने की घोषणा की थी। उस समय इसे क्षेत्र के विकास की बड़ी पहल माना गया था, लेकिन आज तक न परियोजना के लिए भूमि का अंतिम आवंटन हो सका है और न ही निर्माण कार्य शुरू हो पाया है। घोषणा के अनुसार नागरिक उड्डयन मंत्रालय की ओर से शिवपुरी में क्षेत्रीय एयरपोर्ट विकसित किया जाना था। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण (एएआई) को संचार, नेविगेशन और एयर ट्रैफिक प्रबंधन सहित आवश्यक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराने की जिम्मेदारी सौंपी जानी थी, ताकि भोपाल सहित अन्य प्रमुख शहरों के लिए हवाई सेवाएं शुरू की जा सकें। घोषणा के बाद लोगों को उम्मीद थी कि शिवपुरी जल्द ही प्रदेश के हवाई नेटवर्क से जुड़ जाएगा और पर्यटन, व्यापार तथा निवेश को नई गति मिलेगी। हालांकि दो साल से अधिक समय बीत जाने के बावजूद परियोजना कागजों से बाहर नहीं निकल सकी है। वर्ष 2025 में राज्य सरकार ने एयरपोर्ट के लिए भूमि उपलब्ध कराने की प्रक्रिया शुरू करने का निर्णय लिया था, लेकिन अब तक जमीन का अंतिम आवंटन नहीं हो सका है। भूमि उपलब्ध नहीं होने से रनवे, टर्मिनल भवन, एप्रन और अन्य आधारभूत ढांचे का निर्माण शुरू नहीं हो पाया है। यही कारण है कि परियोजना की प्रगति को लेकर कोई स्पष्ट समय-सीमा भी सामने नहीं आई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि किसी भी बड़े विकास कार्य के लिए केवल घोषणा पर्याप्त नहीं होती, बल्कि समयबद्ध क्रियान्वयन भी जरूरी है। उनका सवाल है कि जब तक भूमि आवंटन की प्रक्रिया पूरी नहीं होगी, तब तक एयरपोर्ट निर्माण कैसे शुरू होगा और शिवपुरी को हवाई सेवा का लाभ कब मिलेगा। पर्यटन और व्यापार से जुड़े लोगों का मानना है कि एयरपोर्ट बनने से जिले की आर्थिक गतिविधियों को नई गति मिलेगी। माधव टाइगर रिजर्व, सख्या सागर, जॉर्ज कैसल, भदैया कुंड और ऐतिहासिक छतरियों जैसे प्रमुख पर्यटन स्थलों तक देशभर के पर्यटकों की पहुंच आसान होगी। साथ ही व्यापार, उद्योग और निवेश को भी बढ़ावा मिलेगा तथा स्थानीय युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। अब जिले की निगाहें केंद्र और राज्य सरकार की अगली पहल पर टिकी हैं। लोगों को उम्मीद है कि लंबित प्रक्रियाएं जल्द पूरी होंगी और जिस एयरपोर्ट परियोजना को शिवपुरी के विकास की नई उड़ान बताया गया था, वह जल्द धरातल पर भी दिखाई देगी।

## चाकू दिखाकर जान से मारने की धमकी का आरोप, पुलिस जांच में जुटी

**विजयीपुर/फतेहपुर।** किशनपुर थाना क्षेत्र के सिलमी गांव निवासी मोहम्मद राशिद ने पुलिस चौकी विजयीपुर में प्रार्थना पत्र देकर आरोप लगाया है कि शनिवार को दोपहर करीब एक बजे एक व्यक्ति उनके घर में घुस आया और लाकर की चाभी की मांग करने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने कथित रूप से चाकू निकालकर जान से मारने की धमकी दी। इस दौरान बीच-बचाव में उनके हाथ में चोट भी लग गई। पीड़ित ने मामले में आरोपित के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग करते हुए पुलिस को लिखित शिकायत दी है। घटना के बाद क्षेत्र में कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल रहा। मामले में चौकी प्रभारी विजयीपुर अखिलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया कि शिकायत प्राप्त हुई है। प्रकरण की जांच की जा रही है। जांच में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उनके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# न्यूज झरोखा

## फूल सिंह मौर्य के जन्मदिन पर 5 लोगों ने किया रक्तदान, चेयरमैन ने किया सम्मानित




**फतेहपुर।** सर्व फॉर ह्यूमैनिटी फाउंडेशन के तत्वावधान में शुक्रवार को फूल सिंह मौर्य के जन्मदिन के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष राजकुमार मौर्य ने शिविर में पहुंचकर रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन किया और उन्हें प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। शिविर के बाद केक काटकर फूल सिंह मौर्य का जन्मदिन भी मनाया गया।शिविर में फूल सिंह मौर्य, वसीम, तौफ़ीक़अहमद, शकील और बालेंद्र ने रक्तदान कर मानवता का संदेश दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में संस्था के गुरमीत सिंह और मानस रक्तकेंद्र के प्रभारी अमन यादव, टेक्नोलॉजिस्ट अनामिका पाल व विष्णु सिंह का विशेष सहयोग रहा। इस अवसर पर अजय सिंह मौर्य, चंद्रभान यादव, धीरेंद्र मौर्य, टीकू, हिमांशु, पुनीत लोधी, श्रेयांस पटेल और तौसीफ सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## गैंगस्टर एक्ट के मामलों में तेजी लाएं अधिकारी : डीएम-एसपी



**फतेहपुर।** जिलाधिकारी श्रीमती निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार को गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में गैंगस्टर अधिनियम के अंतर्गत लंबित एवं प्रस्तावित कार्यवाहियों की समीक्षा बैठक की। बैठक में गैंगस्टर एक्ट के प्रकरणों में प्रभावी एवं समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। अधिकारियों को गुणवत्तापूर्ण विवेचना, अभियोजन की प्रगति तेज करने और अपराधियों के खिलाफ विधिक कार्रवाई को और अधिक सख्त बनाने को कहा गया।डीएम-एसपी ने स्पष्ट किया कि गैंगस्टर एक्ट के मामलों में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, क्षेत्राधिकारी बिंदकी, क्षेत्राधिकारी खागा, अभियोजन अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कमर्चारी मौजूद रहे।

# शिवपुरी में 2500 करोड़ का रक्षा उद्योग




कोलारस में अदाणी का डिफेंस प्लांट, हजारों युवाओं को मिलेगा रोजगार, एनएच-27 और एनएच-46 के जंक्शन पर प्रस्तावित परियोजना से मध्य भारत में विकसित होगा नया रक्षा विनिर्माण केंद्र, स्थानीय उद्योग और बुनियादी ढांचे को भी मिलेगा बढ़ावा

**शिवपुरी।** मध्यप्रदेश का शिवपुरी जिला जल्द ही देश के प्रमुख रक्षा विनिर्माण केंद्रों में अपनी पहचान बना सकता है। कोलारस क्षेत्र में अदाणी समूह द्वारा करीब 2500 करोड़ रुपये के निवेश से डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग प्लांट स्थापित करने की तैयारी की जा रही है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया द्वारा परियोजना की जानकारी सार्वजनिक किए जाने के बाद जिले में औद्योगिक विकास की नई संभावनाएं दिखाई देने लगी हैं। प्रस्तावित परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-27 और राष्ट्रीय राजमार्ग-46 के जंक्शन के समीप विकसित की जाएगी। रणनीतिक दृष्टि से यह स्थान उत्तर, पश्चिम और मध्य भारत को जोड़ने वाले प्रमुख सड़क नेटवर्क पर स्थित है, जिससे रक्षा उपकरणों के परिवहन और लॉजिस्टिक्स को बेहतर सुविधा मिलने की उम्मीद है।

**आत्मनिर्भर रक्षा उत्पादन को मिलेगा बल :** केंद्र सरकार रक्षा क्षेत्र में स्वदेशी निर्माण को बढ़ावा देने के लिए निजी निवेश को लगातार प्रोत्साहित कर रही है। इसी दिशा में प्रस्तावित यह परियोजना भारतीय रक्षा उत्पादन क्षमता को मजबूत करने की महत्वपूर्ण कड़ी मानी जा रही है। विशेषज्ञों का कहना है कि ऐसे निवेश रक्षा आयात पर निर्भरता कम करने के साथ 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान को भी मजबूती देंगे।

**करीब 12 हजार रोजगार की संभावना :** प्रशासनिक अधिकारियों के अनुसार परियोजना से लगभग दो हजार प्रत्यक्ष और दस हजार से अधिक अप्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होने का अनुमान है। इससे शिवपुरी सहित ग्वालियर-चंबल अंचल के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिलने की संभावना बढ़ेगी। इंजीनियरिंग, आईटीआई, पॉलिटेक्निक और अन्य तकनीकी संस्थानों से प्रशिक्षित युवाओं को इसका सबसे अधिक लाभ मिलने की उम्मीद है।

**स्थानीय अर्थव्यवस्था को मिलेगा नया आधार :** विशेषज्ञों का मानना है कि बड़े औद्योगिक निवेश का लाभ केवल एक कारखाने तक सीमित नहीं रहता। इसके साथ परिवहन, वेयरहाउसिंग, होटल, रेस्टोरेंट, निर्माण कार्य, सुरक्षा सेवाएं, पैकेजिंग और लघु उद्योगों का भी तेजी से विस्तार होता है। इससे जिले की आर्थिक गतिविधियों में दीर्घकालिक वृद्धि होने की संभावना है।

**रणनीतिक रूप से उपयुक्त है कोलारस :** कोलारस क्षेत्र एनएच-27 और एनएच-46 के संगम पर स्थित होने के कारण उत्तर प्रदेश, राजस्थान, गुजरात और मध्यप्रदेश से बेहतर सड़क संपर्क प्रदान करता है। रक्षा उत्पादन जैसे संवेदनशील उद्योगों के लिए तेज और सुरक्षित लॉजिस्टिक्स महत्वपूर्ण होता है, इसलिए इस स्थान को परियोजना के लिए उपयुक्त माना जा रहा है।

**कौशल विकास पर भी रहेगा जोर :** परियोजना के साथ जिले में तकनीकी प्रशिक्षण और कौशल विकास की आवश्यकता भी बढ़ेगी। स्थानीय आईटीआई, पॉलिटेक्निक और इंजीनियरिंग संस्थानों में उद्योगों की जरूरत के अनुरूप प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू किए जाने की संभावना है, जिससे युवाओं की रोजगार क्षमता में सुधार होगा।

**पर्यटन और कृषि के साथ अब औद्योगिक पहचान भी :** अब तक शिवपुरी पर्यटन, कृषि और प्राकृतिक संसाधनों के लिए जाना जाता रहा है। माधव टाइगर रिजर्व और ऐतिहासिक धरोहरों के कारण जिले की अलग पहचान रही है। रक्षा विनिर्माण परियोजना के शुरू होने के बाद शिवपुरी औद्योगिक निवेश के क्षेत्र में भी नई पहचान बना सकता है।

**बुनियादी सुविधाओं के विस्तार की उम्मीद :** बड़े औद्योगिक निवेश के साथ सड़क, बिजली, जलापूर्ति, आवास, स्वास्थ्य और शिक्षा जैसी आधारभूत सुविधाओं के विस्तार की संभावना भी बढ़ गई है। स्थानीय व्यापारियों का मानना है कि इससे रियल एस्टेट, सेवा क्षेत्र और छोटे उद्योगों में भी निवेश बढ़ेगा।

**स्थानीय युवाओं को प्राथमिकता देने की मांग :** परियोजना की घोषणा के बाद युवाओं और व्यापारिक संगठनों ने इसका स्वागत किया है। हालांकि स्थानीय लोगों की मांग है कि रोजगार में शिवपुरी और आसपास के जिलों के युवाओं को प्राथमिकता दी जाए। साथ ही कौशल विकास कार्यक्रम समय रहते शुरू किए जाएं, ताकि स्थानीय युवाओं को परियोजना का पूरा लाभ मिल सके। फिलहाल परियोजना के लिए भूमि, पर्यावरणीय स्वीकृतियों और अन्य प्रशासनिक प्रक्रियाओं पर कार्य किया जा रहा है। यदि निर्माण कार्य तय समयसीमा में शुरू होकर पूरा होता है तो शिवपुरी मध्य भारत के प्रमुख रक्षा विनिर्माण केंद्रों में शामिल हो सकता है।

**बोले कलेक्टर :** यह निवेश जिले के लिए मील का पत्थर साबित होगा। बड़े उद्योग के साथ अनेक सहायक गतिविधियां विकसित होती हैं, जिससे लोगों की आय बढ़ती है और पूरे क्षेत्र की अर्थव्यवस्था को नई गति मिलती है।"

– अर्पित वर्मा, कलेक्टर, शिवपुरी

## यूपी आम महोत्सव में फतेहपुर के किसानों ने लहराया परचम

**फतेहपुर।** इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खण्ड, गोमती नगर लखनऊ में आयोजित तीन दिवसीय उत्तर प्रदेश आम महोत्सव 2026 में जनपद फतेहपुर के किसानों ने अपनी पहचान बनाई। महोत्सव में संतलाल मौर्य, नीतू सिंह, नागेश द्विवेदी, दुर्गेश सिंह सहित सभी विकासखण्डों के लगभग 200 किसानों ने प्रतिभाग किया। किसानों ने फतेहपुर की आम की विभिन्न प्रजातियों और उत्पादों का प्रदर्शन किया, जिसकी आगंतुकों और अधिकारियों ने सराहना की।जिला उद्यान अधिकारी डॉ. रमेश पाठक के नेतृत्व में फतेहपुर में औद्यानिक खेती को बढ़ावा मिल रहा है। विभाग द्वारा तकनीकी सहयोग मिलने से किसान अब आम की खेती के साथ-साथ अन्य औद्यानिक फसलों को अपनाकर आत्मनिर्भर बन रहे हैं।कृषि विभाग के अधिकारियों का कहना है कि फतेहपुर के आम जल्द ही विदेशों में भी अपनी पहचान बनाएंगे। इससे किसानों की आय बढ़ेगी और जिले का नाम भी रोशन होगा।

## जमीन विवाद में ग्रामीण को जिंदा जलाने का आरोप, इलाज के दौरान मौत

अखंड भारत संदेश



शिवपुरी के पोहरी क्षेत्र में वारदात; पोते का दावा-मेरे सामने डीजल डालकर लगाई आग, पुलिस जांच में जुटी

**शिवपुरी।** जिले के पोहरी थाना क्षेत्र के नयागांव में जमीन विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। विवाद के दौरान गंभीर रूप से झुलसे एक ग्रामीण की शनिवार सुबह जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई। मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि विरोधी पक्ष ने पहले मारपीट की और फिर ट्रैक्टर से डीजल निकालकर आग लगा दी। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराकर मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान अरविंद धाकड़ के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार, परिवार के बीच लंबे समय से जमीन को लेकर विवाद चल रहा है और मामला न्यायालय में विचाराधीन है। गुरुवार को अरविंद धाकड़ और उनके परिजनों ने विवादित जमीन पर बोवनी की थी।

**खेत पर पहुंचे तो हुआ हमला :** परिजनों के मुताबिक शुक्रवार दोपहर अरविंद धाकड़ अपने पोते अंशुल धाकड़ के साथ खेत पर फसल देखने गए थे। इसी दौरान प्रकाश धाकड़, आशा धाकड़, बंटी धाकड़, हरिओम धाकड़, हरिशंकर धाकड़ और विमल धाकड़ वहां पहुंचे। आरोप है कि सभी ने लाठियों से हमला कर दिया।

**पोते का आरोप दादा पर डीजल डालकर लगा दी आग :** अंशुल धाकड़ का आरोप है कि मारपीट के दौरान वह किसी तरह अपनी जान बचाकर मौके से भाग निकला। उसने दूर से देखा कि आरोपी उसके दादा के साथ मारपीट करते रहे। अंशुल का दावा है कि इसके बाद आरोपियों ने ट्रैक्टर से डीजल निकालकर अरविंद धाकड़ के ऊपर डाला और उन्हें आग के हवाले कर दिया। घटना के बाद सभी आरोपी मौके से फरार हो गए।

**जिला अस्पताल में उपचार के दौरान मौत :** अंशुल के पास मोबाइल फोन नहीं होने के कारण वह दौड़कर गांव पहुंचा और परिजनों को घटना की जानकारी दी। परिजन गंभीर रूप से झुलसे अरविंद धाकड़ को पहले पोहरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल शिवपुरी रेफर कर दिया गया। शनिवार सुबह करीब पांच बजे उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई।

**जांच के बाद होगी कार्रवाई :** पोहरी थाना प्रभारी रवि चौहान ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस परिजनों एवं प्रत्यक्षदर्शियों के बयान दर्ज कर रही है। उन्होंने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट, फोरेंसिक साक्ष्य और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर संबंधित धाराओं में प्रकरण दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

## जेठ ने देवरानी से की मारपीट, आरोपी पर एफआईआर दर्ज




**शिवपुरी।** जिले के कोलारस थाना क्षेत्र के मोहराई गांव में पारिवारिक विवाद के चलते एक महिला के साथ कथित मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत पर कोलारस थाना पुलिस ने आरोपी जेठ के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, मोहराई गांव निवासी जानकी बैरागी (27), पत्नी मनीष बैरागी ने शिकायत दर्ज कराई है कि उसकी जेठानी पूजा बैरागी अक्सर उसके जेठ गोविंद बैरागी को उसके खिलाफ भड़काती रहती है, जिससे परिवार में लंबे समय से विवाद की स्थिति बनी हुई है। शिकायत के अनुसार, 3 जुलाई की दोपहर करीब 3 बजे जानकी अपने घर के बाहर खड़ी थी। इसी दौरान उसका जेठ गोविंद बैरागी वहां पहुंचा और कथित रूप से गाली-गलौज करने लगा। जब जानकी ने इसका विरोध किया, तो आरोप है कि गोविंद बैरागी ने उसके साथ थप्पड़ों से मारपीट कर दी। घटना में महिला के दोनों हाथों और पीठ पर चोटें आई हैं। जानकी ने बताया कि घटना के दौरान उसका भाई जितेंद्र बैरागी तथा छोटू कोरी (निवासी कोरी मोहल्ला, कोलारस) मौके पर पहुंच गए। दोनों ने बीच-बचाव कर उसे आरोपी से बचाया। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि जाते समय आरोपी ने उसे और उसके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। कोलारस थाना पुलिस ने पीड़िता की शिकायत के आधार पर आरोपी गोविंद बैरागी के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## सीमांकन विवाद में पिता-पुत्र पर लाठी से हमला, चार लोगों पर एफआईआर

अखंड भारत संदेश



**शिवपुरी।** जिले के भौंती थाना क्षेत्र के इमलिया गांव में जमीन के सीमांकन और मकान विवाद को लेकर पिता-पुत्र के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि चार लोगों ने घर के बाहर गाली-गलौज करते हुए लाठियों से हमला कर दोनों को घायल कर दिया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर चार आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।भौंती थाना पुलिस के अनुसार, इमलिया गांव निवासी अमर सिंह लोधी (53) ने शिकायत दर्ज कराई है कि शुक्रवार रात करीब आठ बजे वह अपने घर के बाहर बैठे थे। इसी दौरान गांव के भरत लोधी, रामकुमार लोधी, रानी लोधी और पर्वत लोधी वहां पहुंचे और जमीन के सीमांकन को लेकर विवाद करते हुए गाली-गलौज करने लगे।

**विरोध करने पर लाठियों से किया हमला :** शिकायत के अनुसार, विरोध करने पर रामकुमार लोधी और रानी लोधी ने लाठियों से अमर सिंह पर हमला कर दिया, जिससे उनके सिर और हाथ में चोटें आईं। शोर सुनकर उनका बेटा राजीव कुमार लोधी बचाने पहुंचा तो आरोप है कि भरत लोधी और पर्वत लोधी ने उस पर भी लाठियों से हमला कर दिया। इस हमले में राजीव के सिर और पीठ पर चोटें आईं।

**पत्नी और दामाद ने कराया बीच-बचाव :** मारपीट की आवाज सुनकर अमर सिंह की पत्नी पाना बाई और दामाद मोहन लोधी मौके पर पहुंचे। दोनों ने बीच-बचाव कर पिता-पुत्र को हमलावरों से बचाया। इसके बाद घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

**मकान पर कब्जे की नीयत से विवाद का आरोप :** परिजनों का आरोप है कि दोनों पक्षों के बीच लंबे समय से जमीन और मकान को लेकर विवाद चल रहा है। उनका कहना है कि आरोपियों ने मकान पर कब्जा करने की नीयत से तहसील में सीमांकन के लिए आवेदन दिया था, लेकिन सीमांकन की प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी। परिजनों ने यह भी आरोप लगाया कि घटना वाली रात आरोपी मकान में ताला लगाने का प्रयास कर रहे थे। विरोध करने पर पिता-पुत्र को घर से बाहर खींचकर लाठियों से पीटा गया और जाते समय जान से मारने की धमकी भी दी गई।

**चार आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज :** भौंती थाना पुलिस ने अमर सिंह लोधी की शिकायत पर भरत लोधी, रामकुमार लोधी, रानी लोधी और पर्वत लोधी के खिलाफ संबंधित धाराओं में एफआईआर दर्ज कर ली है। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच जारी है और जांच में सामने आने वाले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## वन महोत्सव-2026 के तहत महेशपुर मठेठा में हुआ भव्य वृक्षारोपण, एक पेड़ माँ के नाम" अभियान को मिला जनसमर्थन

**विजयीपुर।** वन महोत्सव-2026 के अंतर्गत "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के तहत शुक्रवार को विकासखंड विजयीपुर की ग्राम पंचायत महेशपुर मठेठा में भव्य वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख नेहा त्रिवेदी, समाजसेवी आदित्य त्रिवेदी तथा वन विभाग की टीम ने संयुक्त रूप से पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर आम, सहजन, पाकड़, आंवला, अमरूद सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। उपस्थित जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों ने अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनकी नियमित देखभाल करने का संकल्प लिया। वक्ताओं ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौती से निपटने के लिए वृक्षारोपण अत्यंत आवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति यदि अपनी माँ के नाम एक पौधा लगाए और उसकी देखभाल करे, तो पर्यावरण संरक्षण की दिशा में बड़ा योगदान दिया जा सकता है। वन विभाग के अधिकारियों ने लोगों से पौधों को सुरक्षित रखने और उन्हें पेड़ बनने तक संरक्षित करने की अपील की। कार्यक्रम में ग्रामीणों, जनप्रतिनिधियों एवं वन विभाग के कर्मचारियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने हरित और स्वच्छ वातावरण के निर्माण का संकल्प लेते हुए अभियान को सफल बनाने का आह्वान किया।

## एक पेड़ मां के नाम वन महोत्सवः एसपी ने किया पौधारोपण, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश


**फतेहपुर।** पर्यावरण संरक्षण और हरित आवरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से गुरुवार 03 जुलाई 2026 को कैंप कार्यालय परिसर में ह्यएक पेड़ मां के नामह्न वन महोत्सव के तहत पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने प्रभागीय निदेशक जी. डी. मिश्र के साथ मिलकर परिसर में पौधारोपण किया और स्वयं पौधे का सिंचन किया। इस अवसर पर एसपी ने कहा कि वृक्ष ही जीवन का आधार हैं। पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए हर व्यक्ति को कम से कम एक पौधा लगाकर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी लेनी चाहिए।उन्होंने जनसामान्य से अपील की कि अधिक से अधिक पौधे लगाएं और उन्हें पेड़ बनने तक सुरक्षित रखें, ताकि आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ, स्वस्थ और हरित वातावरण मिल सके। प्रभागीय निदेशक जी. डी. मिश्र ने भी वृक्षारोपण को सामाजिक दायित्व बताते हुए लोगों को जागरूक किया। कार्यक्रम में पुलिस विभाग के अधिकारी व कर्मचारी भी मौजूद रहे।

# पहली बारिश में उधड़ी सड़कों की परत...

## गहरे गड्ढे और खुले सीवर चेंबर बने हादसों की वजह

अखंड भारत संदेश







**शिवपुरी।** मानसून की पहली ही बारिश ने शहर में विकास कार्यों और प्री-मानसून तैयारियों की हकीकत सामने ला दी है। कई प्रमुख सड़कों पर बड़े-बड़े गड्ढे उभर आए हैं, जबकि जगह-जगह खुले पड़े सीवर चेंबर राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बन गए हैं। सबसे अधिक खराब स्थिति रेलवे स्टेशन रोड की है, जहां सड़क कई स्थानों पर धंस चुकी है। जलभराव के कारण गड्ढे दिखाई नहीं देते, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ रहा है। रेलवे स्टेशन रोड पर कई स्थानों पर करीब तीन फीट तक गहरे गड्ढे बन गए हैं। शुक्रवार रात बारिश के दौरान एक बाइक सवार पानी से भरे गड्ढे को नहीं देख सका और उसमें गिरकर घायल हो गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि बारिश के समय सड़क और गड्ढे में अंतर कर पाना मुश्किल हो जाता है। इसी सड़क पर दो दिन पहले भाजपा नेता धैर्यवर्धन शर्मा की कार भी क्षतिग्रस्त और खुले सीवर चेंबर में फंस गई थी, जिससे वाहन को नुकसान पहुंचा। स्थिति केवल गड्ढों तक सीमित नहीं है। रेलवे स्टेशन रोड पर दो से तीन स्थानों पर सीवर चेंबर बिना ढक्कन के खुले पड़े हैं। रात के समय यहां से गुजरना और भी जोखिम भरा हो जाता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले वर्ष भी इसी क्षेत्र में खुले चेंबर में गिरने से दो बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हुए थे, लेकिन इसके बावजूद स्थायी समाधान नहीं किया गया। फतेहपुर रोड सहित शहर की कई अन्य सड़कों की हालत भी खराब है। कहीं सड़क धंस गई है तो कहीं सीवर चेंबर क्षतिग्रस्त हैं। बारिश के दौरान जलभराव होने से सड़क, गड्ढे और खुले चेंबर का अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है, जिससे हर समय हादसे की आशंका बनी रहती है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि हर वर्ष मानसून से पहले नगर पालिका और संबंधित विभाग सड़क मरम्मत तथा सीवर चेंबरों की मरम्मत के दावे करते हैं, लेकिन पहली ही बारिश में पैचवर्क उखड़ जाता है और सड़कें फिर बदहाल हो जाती हैं। उनका आरोप है कि शिकायतें सीएम हेल्पलाइन सहित विभिन्न माध्यमों से लगातार की जाती हैं, लेकिन मौके पर स्थायी समाधान नहीं हो पाता। वार्ड-1 के पार्षद अमरदीप शर्मा का कहना है कि उन्होंने कई बार नगर पालिका से सड़क मरम्मत और पीएचई विभाग से खुले चेंबरों पर ढक्कन लगाने की मांग की, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। वहीं वार्ड-7 के पार्षद अरविंद ठाकुर ने बताया कि रेलवे स्टेशन रोड की समस्या को लेकर विधायक, नगर पालिका अध्यक्ष और अधिकारियों को कई बार अवगत कराया गया, लेकिन हालात जस के तस बने हुए हैं। खराब सड़कों का असर आम लोगों की जेब पर भी पड़ रहा है। ऑटो चालक राजू कुशवाह ने बताया कि गड्ढों के कारण आए दिन जाम लगता है और उनकी ऑटो के शॉकर दो बार टूट चुके हैं, जिससे मरम्मत पर अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

शहर की सड़कों की मरम्मत की जिम्मेदारी नगर पालिका और लोक निर्माण विभाग की है, जबकि सीवर चेंबरों का रखरखाव पीएचई विभाग के अधीन आता है। इसके बावजूद विभागों के बीच समन्वय की कमी साफ दिखाई दे रही है। कई नई सड़कें भी गारंटी अवधि के भीतर क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं, लेकिन जिम्मेदार ठेकेदारों पर प्रभावी कार्रवाई नहीं हुई है। मानसून की शुरुआत के साथ ही शहर की सड़क और सीवर व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे हैं। नागरिकों का कहना है कि यदि समय रहते गड्ढों की मरम्मत और खुले चेंबरों को सुरक्षित नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में बड़े हादसे हो सकते हैं।

**पीएचई विभाग का पक्ष**

कार्यपालन यंत्री शुभम अग्रवाल ने बताया कि शहर में सीवर सफाई का कार्य जारी है। इस दौरान कई स्थानों पर चेंबरों के फ्रेम क्षतिग्रस्त पाए गए हैं। संबंधित एजेंसी को निर्देश दिए गए हैं कि नए फ्रेम पहले से उपलब्ध रखें और किसी भी चेंबर को खुला न छोड़ा जाए, ताकि आम लोगों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

# मुख्यमंत्री के जनपद भ्रमण की तैयारियों को लेकर मण्डलीय एवं जनपदीय अधिकारियों ने किया स्थलीय निरीक्षण



**अखंड भारत संदेश**

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 8 जुलाई को जनपद चित्रकूट में भ्रमण कार्यक्रम के दृष्टिगत शनिवार को मण्डलायुक्त चित्रकूटधाम मण्डल (बाँदा) अजीत कुमार, उप महानिरीक्षक (डीआईजी) राजेश एस., जिलाधिकारी पुलकित गर्ग एवं पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह द्वारा संयुक्त रूप से कार्यक्रम स्थलों का स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

अधिकारियों द्वारा सर्वप्रथम चित्रकूट इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया गया, जहां मुख्यमंत्री द्वारा दो बजे एक विशाल जनसभा को संबोधित किया जाना प्रस्तावित है। इसके उपरांत, कलेक्ट्रेट सभागार मे मुख्यमंत्री द्वारा लोक निर्माण विभाग द्वारा कराए गए पुराने व नए कार्यों की मंडलीय समीक्षा के पश्चात जनपदीय विकास कार्यों एवं कानून-व्यवस्था की समीक्षा बैठक करेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री रात्रि प्रवास करेंगे। निरीक्षण के दौरान मण्डलायुक्त ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को कड़े निर्देश दिए कि सौंपे गए समस्त दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन समय-सीमा के भीतर सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि तैयारियों में किसी भी स्तर पर शिथिलता अक्षम्य होगी। इस अवसर पर जनपद के संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

# बुजुर्गों का सम्मान केवल परंपरा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और संस्कारों की पहचान : अखिलेश प्रधान सिंह

## अपने पैतृक गांव के 135 बुजुर्गों को कराया रामलला के वीआईपी दर्शन

**चित्रकूटधाम।** मण्डल के बांदा जिले के जौहरपुर गांव निवासी अखिलेश प्रधान सिंह, जो वर्तमान में मुंबई में सरकारी सेवा में कार्यरत हैं, ने अपने पैतृक गांव के लगभग 135 बुजुर्ग श्रद्धालुओं को तीन जुलाई को अयोध्या धाम की पावन यात्रा कराकर प्रभु श्रीरामलला के दर्शन कराए। यात्रा के बाद उन्होंने सभी बुजुर्गों का आशीर्वाद लिया और भविष्य में भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर करते रहने का संकल्प व्यक्त किया।

यात्रा के लिए जौहरपुर से दो बसें रवाना हुईं। प्रातःकाल सभी श्रद्धालु अयोध्या पहुंचकर सर्वप्रथम सरयू नदी में स्नान किया। इसके बाद हनुमानगढ़ी मंदिर में दर्शन-पूजन कर प्रभु श्रीरामलला सरकार के दिव्य दर्शन किए। दर्शन के बाद सभी बुजुर्गों के चेहरों पर संतोष, श्रद्धा और प्रसन्नता साफ झलक रही थी।

पूरे यात्रा दल का नेतृत्व स्वयं अखिलेश ने किया। उन्होंने पहले से ही मंदिर प्रशासन से समन्वय स्थापित कर बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए सुगम एवं व्यवस्थित दर्शन की व्यवस्था सुनिश्चित कराई, ताकि किसी भी



बुजुर्ग को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े।

गौरतलब है कि जौहरपुर निवासी प्रधान सिंह पेशे से सरकारी कर्मचारी हैं, लेकिन अपने गांव और समाज के प्रति उनका लगाव आज भी उतना ही गहरा है। वे समय-समय पर सामाजिक सेवा के कार्यों में सक्रिय रहते हैं। हाल ही में उन्होंने एक ऐसी बेटी के विवाह में भी महत्वपूर्ण सहयोग किया, जिसकी मां का निधन हो चुका था और पिता दोनों हाथ-पैर दिव्यांग थे।

इस अवसर पर प्रधान ने कहा, मनुष्य का जीवन बहुत छोटा है। इसे ईर्ष्या, द्वेष और बुराइयों में व्यर्थ करने के बजाय समाज और मानवता की सेवा में लगाना चाहिए। यदि हमारे छोटे-छोटे प्रयासों से किसी के चेहरे पर मुस्कान आती है, तो यही जीवन की सबसे बड़ी उपलब्धि है। बुजुर्गों को अयोध्या धाम की यात्रा और रामलला के दर्शन कराना, उनके द्वारा दिए गए संस्कारों की छोटी-सी दक्षिणा है।

उन्होंने कहा कि आगे भी ऐसे सेवा कार्य निरंतर जारी रहेंगे, ताकि अधिक से अधिक बुजुर्गों को तीर्थयात्रा का अवसर मिल सके और समाज में सेवा, सम्मान एवं संस्कार की भावना और अधिक मजबूत हो।

# मऊ में पॉलिथीन के खिलाफ एसडीएम का अभियान, 22 दुकानदारों पर जुर्माना

**अखंड भारत संदेश**

**मऊ/चित्रकूट।** मऊ नगर पंचायत क्षेत्र में बीते एक से 12 जुलाई तक चल रहे प्लास्टिक उन्मूलन महा-अभियान के तहत शुक्रवार शाम उप जिलाधिकारी रामऋषि रमन के नेतृत्व में प्रतिबंधित पॉलिथीन के खिलाफ विशेष अभियान चलाया गया। नगर पंचायत और पुलिस प्रशासन की संयुक्त टीम ने बाजार रोड एवं बस स्टैंड क्षेत्र की दुकानों पर छापेमारी कर जांच की।




अभियान के दौरान 22 दुकानों से प्रतिबंधित पॉलिथीन बरामद होने पर संबंधित दुकानदारों पर कुल 14,700 का जुमार्ना लगाया गया। अधिकांश दुकानदारों पर पांच सौ, कुछ पर एक हजार तथा एक दुकानदार पर दो सौ का अर्थदंड लगाया गया। कार्रवाई के दौरान सड़क और फुटपाथ पर अतिक्रमण कर दुकान लगाने वालों को भी कड़ी चेतावनी दी गई। उप जिलाधिकारी ने कहा कि सार्वजनिक मार्गों पर किसी भी प्रकार का अतिक्रमण बर्दाश्त नहीं किया जाएगा और भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी।

एसडीएम राम ऋषि रमन ने बताया कि प्रतिबंधित पॉलिथीन के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा। उन्होंने व्यापारियों से पॉलिथीन का उपयोग पूरी तरह बंद करने तथा ग्राहकों को कपड़े या अन्य पर्यावरण अनुकूल थैलों का उपयोग करने के लिए प्रेरित करने की अपील की। उन्होंने स्पष्ट किया कि भविष्य में किसी भी दुकान पर प्रतिबंधित पॉलिथीन मिलने पर उसे जब्त करने के साथ-साथ नियमानुसार जुमार्ना भी लगाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के तहत लोगों को प्लास्टिक एवं प्लास्टिक उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान में कपड़े के थैलों के उपयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ बच्चों को भी घर, स्कूल और समाज में प्लास्टिक के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

इस दौरान थाना प्रभारी श्रीप्रकाश यादव, मऊ थाना पुलिस, नगर पंचायत के कर्मचारी तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

# 11 जुलाई तक प्रस्तुत करें आपत्ति

**चित्रकूट।** जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी पुलकित गर्ग ने जानकारी देते हुए बताया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित समय-सारणी के अनुसार जनपद की समस्त दो विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों 236-चित्रकूट व 237-मानिकपुर में विद्यमान मतदेय स्थलों के भौतिक सत्यापन 1200 मतदाता वाले मतदान स्थलों में सम्भाजन के बाद मतदान स्थलों की सूचियां सर्वसाधारण की जानकारी के लिए एतद्वारा समस्त मतदान केन्द्रों रिटर्निंग आफिसर्स के कार्यालयों (तहसील) सहित समस्त मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों सहित सांसद/विधायकों के संज्ञान के लिए उपलब्ध कराई जा रही है एवं इसके अतिरिक्त डीईओ पोर्टल पर भी आलेख्य सूची सर्वसाधारण के लिए भी उपलब्ध है। शनिवार को प्रकाशित आलेख्य मतदान स्थलों की सूचियों के सन्दर्भ में यदि कोई आपत्ति या सुझाव हो तो वह विलंबत आगामी 11 जुलाई तक लिखित रूप से संबन्धित रिटर्निग आफिसर्स के कार्यालय (तहसील) अथवा जिला निर्वाचन कार्यालय में उपलब्ध करा दें।

# सूचना निदेशक ने पत्रकार बन्धुओं के हित में उठाया महत्वपूर्ण कदम

### आयुष्मान कार्ड के लिए अलग से पत्रकारों की सुविधा के लिए जल्द ही शुरू होगा नया पोर्टल

**चित्रकूट।** सूचना निदेशक विशाल सिंह ने बताया कि पत्रकार बन्धुओं के हितार्थ महत्वपूर्ण कदम उठाये गये है। अब पत्रकार बन्धुओं को आयुष्मान कार्ड और आसानी से प्राप्त हो सकेंगे। उन्होने बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन किया है और कतिपय कारणों से उनका कार्ड नहीं बन पाया है, वह इमदमपिबपंतल.दीं.हवअ.पद पोर्टल पर अपने कार्ड का स्टेटस चेक कर सकते है। पोर्टल पर नाम प्रदर्शित होने पर किसी भी प्रकार के संसोधन के लिए संबधित जनपद के मुख्य चिकित्साधिकारी कार्यालय में सम्पर्क स्थापित कर संसोधन भी करा सकते है।

उन्होने यह भी बताया कि जिन पत्रकार बन्धुओं ने अभी तक आयुष्मान कार्ड के लिए अपना आवेदन नहीं किया है या आवेदन किया है और उनका कार्ड नहीं बना है, इसके समाधान हेतु शीघ्र ही ऑनलाइन पोर्टल शुरू किया जायेगा। पोर्टल शुरू होने के पश्चात पत्रकार बंधु अपने जनपद के जिला सूचना अधिकारी के माध्यम से पोर्टल पर अपना आवेदन उपलब्ध करा सकेंगे। पोर्टल प्रारम्भ होने की सूचना तत्काल उपलब्ध करा दी जाएगी।

# त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग में चित्रकूट देश में द्वितीय व प्रदेश में प्रथम

**चित्रकूट।** नीति आयोग द्वारा सामाजिक एवं आर्थिक रूप से पिछड़े देश के 112 जनपदों को आकांक्षी जनपद कार्यक्रम के अंतर्गत सम्मिलित किया गया है। कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य एवं पोषण, शिक्षा, कृषि एवं जल संसाधन, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास तथा आधारभूत संरचना सहित पांच प्रमुख क्षेत्रों में प्रगति के आधार पर त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग जारी की गई है।

मार्च 2026 की त्रैमासिक डेल्टा रैंकिंग में जनपद चित्रकूट ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए सम्पूर्ण भारत में द्वितीय स्थान तथा उत्तर प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है। यह उपलब्धि जनपद प्रशासन, विभिन्न विभागों, विकास साझेदारों एवं जनसहभागिता के संयुक्त प्रयासों का परिणाम है। विशेष गर्व का विषय है कि मार्च की रैंकिंग में जनपद चित्रकूट ने शिक्षा तथा वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास सेक्टर में सम्पूर्ण देश में प्रथम स्थान प्राप्त किया है।

मार्च 2026 की सेक्टरवार रैंकिंग में स्वास्थ्य एवं पोषण में 14वां स्थान, शिक्षा में प्रथम स्थान, कृषि एवं जल संसाधन 103वां स्थान, वित्तीय समावेशन एवं कौशल विकास प्रथम स्थान, आधारभूत संरचना में 90वां स्थान प्राप्त किया। उल्लेखनीय है कि दिसंबर 2025 की डेल्टा रैंकिंग में जनपद चित्रकूट को राष्ट्रीय स्तर पर 12वां स्थान प्राप्त हुआ था। वर्तमान रैंकिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त कर जनपद ने उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। यह उपलब्धि जनपद के समग्र एवं समावेशी विकास की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों की सफलता का प्रतीक है। जनपद प्रशासन आगामी समय में भी विकास के सभी मानकों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रतिबद्ध है।

# खाद्य पदार्थो से संबंधित उद्योग लगाने के लिए आवेदन पत्र आंमत्रित, पहले आओ पहले पाओ पद्धति के आधार पर प्राप्त कर सकते हैं लाभ

**चित्रकूट।** जिला उद्यान अधिकारी प्रतिभा पाण्डेय द्वारा अगवत कराया गया कि निदेशालय उद्यान विभाग लखनऊ द्वारा जनपद चित्रकूट मे संचालित प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) योजना अन्तर्गत 848 इकाईयों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। जिसमें उद्यामियों एवं युवाओं के लिए फ्लोर मिल, ऑयल मिल, मसाला उद्योग, डेयरी उत्पाद उद्योग, पशु एवं मुर्गी चारा उद्योग, दाल मिल, नमकीन उद्योग, फास्टफूड ढावा, मिठाई उद्योग, अचार मुरब्बा, जूस सेक आदि उद्योगों पर भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लागत का 35 प्रतिशत अनुदान अधिकतम 10.00 लाख तक (मशीनरी और तकनीकी सिविल कार्य पर) दिया जा रहा है। योजना का लाभ प्राप्त करने के लिए ोजजचेरूध्ध् चउउिम.उवचिप.हवअ.पद पर पंजीकरण कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए आधार कार्ड, पेन कार्ड, ई-मेल, मोवाइल नं., शैक्षिक योग्यता, माता का नाम, फोटो (स्थल जांच), बैंक खता का छः माह का स्टेटमेंट, डीपीआर, राश कार्ड, बिजली विल, टेलीफोन विल, गैस विल, नगर निकाय टैक्स की रसीद आवश्यक है। इच्छुक व्यक्ति कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी चित्रकूट कैम्प कार्यालय के पास, कचेहरी परिसर में संपर्क कर लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

# ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में थाना पहाड़ी पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद किया

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में चलाए जा रहे अभियान ऑपरेशन मुस्कान के क्रम में निशिकान्त राय प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी के मार्गदर्शन में थाना पहाड़ी पुलिस ने अपहृता को सकुशल बरामद किया।

उल्लेखनीय है कि एक वादिनी द्वारा थाना पहाड़ी में सूचना दी गयी थी कि बीते 20 मई को दोपहर दो बजे वादिया व उसके परिजन घर पर सो रहे थे तभी वादिया की लड़की उम्र करीब 17 वर्ष घर से बिना बताए कहीं चली गई। वादिया व उसके परिजनों द्वारा खोजबीन करने पर पता चला कि अंकेश अपने साथ भगा कर ले गया। सूचना के आधार पर थाना पहाड़ी में बीएनएस बनाम अंकेश पंजीकृत किया गया था। प्रभारी निरीक्षक पहाड़ी द्वारा अभियुक्त की गिरफ्तारी एवं पीड़िता की बरामदगी के लिए उपनिरीक्षक सुरेश प्रताप सिंह को निर्देशित किया गया। उपनिरीक्षक सुरेश तथा उनकी टीम द्वारा अथक प्रयास करते हुए मुखविर की सूचना पर पीड़िता को बरामद किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तार करने वाली टीम में आरक्षी राजदीप यादव व महिला आरक्षी सीमा देवी मौजूद रहीं।

# डीएम से लगाई चार माह का बकाया वेतन दिलाने की गुहार

**चित्रकूट।** उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिला प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र देकर चार माह से वेतन न मिलने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने अधिकारियों पर मनमानी और आर्थिक शोषण का आरोप लगाते हुए मामले की निष्पक्ष जांच कर बकाया वेतन दिलाने की मांग की है। उत्तर प्रदेश पावर कार्पोरेशन निविदा संविदा कर्मचारी संघ के जिला प्रभारी अजय कुमार मिश्रा ने बताया कि वह वर्ष 2012 से बिजली विभाग में कार्यरत हैं। उनका आरोप है कि किसी कारणवश दो दिन कार्य पर नहीं पहुंच पाने के बाद जून माह से उसका वेतन रोक दिया गया। जबकि अन्य संविदा कर्मियों को नियमित रूप से वेतन दिया जा रहा है।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया कि संबंधित एसडीओ द्वारा नौकरी से हटाने की धमकी दी जा रही है तथा नए लोगों से धन लेकर नियुक्ति कराने की बात कही जा रही है। उसने बताया कि इस संबंध में पहले भी विभागीय कार्यालय में शिकायत दी गई थी। लेकिन अब तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। उन्होंने बताया कि गरीब संविदा कर्मियों का वेतन वैसे भी कम है। इसके बावजूद पूरी ड्यूटी कराकर कई लोगों का दो माह का वेतन काट लिया गया है। उन्होंने जिलाधिकारी से पूरे मामले की जांच कराकर चार माह का बकाया वेतन दिलाने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई किए जाने की मांग की है।

### राजकीय जिला पुस्तकालय में आठ जुलाई से प्रवेश आवेदन शुरू

**चित्रकूट।** प्रभारी पुस्तकालय अध्यक्ष राजकीय जिला पुस्तकालय डॉ. प्रदीप नारायण शुक्ला ने बताया कि राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी चित्रकूट में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग के निदेर्शानुसार अधिकतम प्रतियोगी छात्रों को लाभान्वित करने के लिए सत्र 2026- 27 से दो पालियों में संचालित होगा, जिसका समय प्रथम पाली 8:00 बजे से अपराह्न 1:45 बजे तक तथा द्वितीय पाली में अपरान्ह 2:15 बजे से रात्रि 8:00 बजे तक होगा। वर्तमान में पुस्तकालय में बैठने के लिए कुल 75 सीटों की व्यवस्था है। पुस्तकालय में विगत वर्षों में पढ़ रहे 80 पाठकों का नवीनीकरण करने के बाद कुल 70 सीटें रिक्त हैं। कुल रिक्त 70 सीटों में 30 छात्रों के लिए तथा 40 सीटें छात्राओं के लिए हैं, सभी अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि आठ जुलाई दिन बुधवार को प्रातः 10:00 बजे से पहले आओ पहले पाओ के आधार पर कार्यालय राजकीय जिला पुस्तकालय कर्वी चित्रकूट नगर पालिका के पीछे जिला सूचना अधिकारी कार्यालय के बगल में स्वयं आकर अपना रजिस्ट्रेशन करा लें। सीटें भर जाने के बाद रजिस्ट्रेशन संभव नहीं होगा।

# 6 से 20 जुलाई तक चलेगा खाद्यान्न वितरण

**चित्रकूट।** जिलापूर्ति अधिकारी कमल नयन सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि माह जुलाई के सापेक्ष आवंटित खाद्यान्न का वितरण दिनांक 6 जुलाई से आगामी 20 जुलाई तक वितरण कराए जाने के निर्देश प्राप्त हुए हैं। इस अवधि में अंत्योदय कार्ड धारकों के मध्य प्रति कार्ड 14 किलो ग्राम गेहूं 21 किलोग्राम चावल 35 किलोग्राम खाद्यान्न तथा पात्र गृहस्थी योजना के कार्ड धारकों के मध्य 2 किलोग्राम गेहूं 3 किलोग्राम चावल कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति यूनिट निःशुल्क वितरित किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को प्रथम त्रैमास अप्रैल मई व जून के सापेक्ष तीन किलोग्राम चीनी प्रति कार्ड 18 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से कुल 54 रुपए में वितरित किया जाएगा। अंत्योदय कार्ड धारकों को चीनी के संबंध में पोर्टेबिलिटी की सुविधा अनुमन्य नहीं होगी। लाभार्थी अपनी मूल दुकान से ही चीनी प्राप्त कर सकेंगे। खाद्यान्न के निःशुल्क वितरण में इंटर स्टेट इंट्रा स्टेट पोर्टेबिलिटी ट्रांजैक्शन की सुविधा उपलब्ध रहेगी। विक्रेता अपने उपलब्ध स्टॉक की सीमा तक पोर्टेबिलिटी ट्रांजैक्शन कर सकेंगे। इस योजना के अंतर्गत वितरण की अंतिम तिथि 20 जुलाई होगी जिस दिन आधार प्रमाणीकरण के माध्यम से आवश्यक वस्तुओं को प्राप्त न कर सकने वाले उपभोक्ताओं के लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन के माध्यम से निःशुल्क वितरण संपन्न किया जा सकेगा। जनपद के समस्त उचित दर विक्रेताओं को निर्देशित किया गया है कि उपभोक्ताओं कार्ड धारकों के बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण के बाद तत्काल उसी समय अनुमन्य मात्रा में राशन सामग्री उपलब्ध करा दी जाए। वितरण व्यवस्था के सुचारू एवं पारदर्शी क्रियान्वयन के लिए नोडल अधिकारी जिलाधिकारी के द्वारा नामित किए गए हैं जिनके द्वारा तथा समस्त पूर्ति निरीक्षक द्वारा निरंतर चेकिंग कर नियमानुसार खाद्यान्न का वितरण कराया जाएगा।

# होमगार्ड की परीक्षा में फेल होने पर युवक ने खाया सल्फास की गोली हुई मौत

**बबेरू/बाँदा।** मरका थाना क्षेत्र के गुजेनी गांव निवासी एक युवक का होमगार्ड की परीक्षा मे फेल हो जाने से सल्फाज की गोली खाकर किया आत्महत्या, परिवार मे मचा कोहराम मरका थाना क्षेत्र के गुजेनी गांव निवासी प्रीतम यादव पुत्र सत्यनारायण यादव उम्र करीब 25 वर्ष, यह पिछले पांच से छः वर्षो से रेलवे,आर्मी व पुलिस की भर्ती देख चुका था, लेकिन कामयाबी ना मिलने से परेशान रहता था, अभी पिछले दिनों होमगार्ड की जगह निकली थी तो होमगार्ड बनने के लिए फार्म अप्लाई किया था, लेकिन अभी पिछले दिनों होमगार्ड की परीक्षा जो हुई थी और



रिजल्ट घोषित हुआ लेकिन प्रीतम यादव का होमगार्ड की परीक्षा भी नाम नहीं आ पाया, जिससे नाम ना आने पर शुक्रवार को घर से बाहर कमाने बहाने पिता जी से कहकर निकल गया, और मुरहा मोड़ के पास सल्फास की गोली खा लिया, जिससे हालत बिगड़ने लगी, वही राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने प्रीतम यादव को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बबेरू में भर्ती कराया, जहां पर डॉक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार करने के बाद गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वही बांदा जिला अस्पताल ले जाते समय प्रीतम यादव की रास्ते में मौत हो गई, मौत की खबर सुनकर परिवार में कोहराम मच गया, जानकारी के मुताबिक मृतक प्रीतम यादव चार भाइयों में से तीसरे नंबर का था। वहीं परिजनों के द्वारा मृतक प्रीतम यादव के शव को घर ले जाकर औगासी यमुना नदी पर अंतिम संस्कार कर दिया गया।

# मंडौली कला में 10 दिन से बूंद-बूंद पानी को तरस रहे ग्रामीण, पेयजल संकट से बढ़ी परेशानी

## नमामि गंगे के तहत हर घर जल योजना भी पूरी तरह से धड़ाम हो गई है

**बांदा।** पैलानी तहसील क्षेत्र के ग्राम मंडौली कला में इन दिनों भीषण पेयजल संकट गहराता जा रहा है। लोगों को 10 दिनों से पीने को पानी नहीं मिला गांव के ग्रामीणों को बूंद-बूंद पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। कई परिवारों को दूर-दराज से पानी लाकर अपनी दैनिक जरूरतें पूरी करनी पड़ रही हैं। रामकुमार सिंह पूर्व प्रधान देशपत्र सिंह फौजी

अखिलेश छोटा यादव जयराम सिंह सहित ग्रामीणों का कहना है कि गांव में पेयजल व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। हैंडपंप और अन्य जलस्रोत पर्याप्त पानी नहीं दे रहे हैं। नमामि गंगे के तहत हर घर जल योजना भी पूरी तरह से धड़ाम



हो गई है जिससे लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। सबसे अधिक दिक्कत महिलाओं, बुजुर्गों और बच्चों को हो रही है, जिन्हें घंटों लाइन में लगकर या दूर जाकर पानी लाना पड़ता है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द पेयजल संकट का स्थायी समाधान कराने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि समय रहते समस्या का समाधान नहीं किया गया तो आने वाले दिनों में हालात और गंभीर हो सकते हैं।

ग्रामीणों ने संबंधित विभाग और जिला प्रशासन से गांव में पर्याप्त पेयजल उपलब्ध कराने, खराब हैंडपंपों की मरम्मत कराने तथा आवश्यकतानुसार टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित करने की मांग की है।

# कीव पर रूस का अब तक का सबसे भीषण हमला! रातभर बरसीं मिसाइलें और ड्रोन

**यूक्रेन**

**रूस** और यूक्रेन के बीच चल रहा युद्ध एक बार फिर बेहद हिंसक और विनाशकारी मोड़ पर पहुंच गया है। रूस ने यूक्रेन की राजधानी कीव को निशाना बनाते हुए अब तक का सबसे भीषण मिसाइल और ड्रोन हमला किया। रातभर चले इस हवाई हमले में कम से कम 8 नागरिक मारे गए हैं और एक स्वास्थ्यकर्मी सहित 34 से अधिक लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बैलिस्टिक मिसाइलों, क्रूज मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन्स की इस बौछार से पूरी राजधानी दहल उठी और कई घंटों तक आसमान धमाकों की गूंज और आग की लपटों से लाल रहा।यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की और अन्य अधिकारियों की ओर से हमले को लेकर पहली बार सतर्क किए जाने के बाद बड़ी संख्या में लोगों ने मेट्रो स्टेशनों में शरण ली।



कीव शहर के सैन्य प्रशासन के प्रमुख तिमूर तकाचेंको ने बताया कि इस हमले में आठ लोगों की मौत हो गई और आवासीय इमारतों व नागरिक बुनियादी ढांचों समेत 28 स्थानों पर भारी नुकसान की सूचना है। कीव के मेयर विताली क्लिट्स्को ने बताया कि कम से कम 34 लोग घायल हुए हैं। हाल के सप्ताहों में रूस ने कीव पर अपने हमले और तेज कर दिए हैं। वहीं, यूक्रेन भी रूस के सैन्य ठिकानों और ऊर्जा प्रतिष्ठानों पर लगातार ड्रोन हमले कर रहा है जिससे रूस के भीतर ईंधन की कमी पैदा हो गई है तथा उसकी आपूर्ति श्रृंखला भी प्रभावित हुई है। क्लिट्स्को ने राजधानी पर दुश्मन के भीषण हमले होने की बात कहते हुए लोगों से सुरक्षित स्थानों पर ही रहने की अपील की। उन्होंने बताया कि शेवचेंकिव्स्की जिले में पांच लोग घायल हुए हैं। घायलों में से एक स्वास्थ्यकर्मी की हालत बेहद गंभीर है। यूक्रेन की आपातकालीन सेवा के अनुसार, इस जिले में एक होटल और दो पांच मंजिला आवासीय इमारतों को नुकसान पहुंचा है। क्लिट्स्को ने बताया कि देस्न्यांस्की जिले में क्षतिग्रस्त नौ मंजिला आवासीय इमारत में कुछ लोग फंस गए, जिनकी मदद के लिए बचाव दल को मौके पर भेजा गया। आपातकालीन सेवा के अनुसार, होलोसिएव्स्की जिले में एक 16 मंजिला इमारत की छत पर आग लग गई। वहीं, स्वियातोशिनस्की जिले में दो घरों में आग लग गई। मेयर के अनुसार, इनमें से एक मकान के मलबे में लोग फंस गए थे। क्लिट्स्को ने बताया कि रूस की ओर से किए गए हमले के बाद दार्नित्स्की जिले में नौ मंजिला इमारत के छह फ्लोर ढह गए।

# दुनिया भर में मचा हड़कंप!

**अमेरिका**

**अमेरिकी** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के एक हालिया बयान ने पूरी दुनिया में सनसनी फैला दी है और वैश्विक राजनीति में भारी तनाव पैदा कर दिया है। पनामा नहर पर चीन के बढ़ते प्रभाव को लेकर ट्रंप ने बेहद आक्रामक रुख अपनाते हुए साफ चेतावनी दी है कि अमेरिका इस रणनीतिक जलमार्ग पर चीन का कब्जा किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगा। वैश्विक व्यापार की जीवनरेखा मानी जाने वाली पनामा नहर को लेकर दोनों महाशक्तियों के बीच पैदा हुआ यह टकराव अब एक नए अंतरराष्ट्रीय संकट का रूप ले चुका है। कूटनीतिक गलियारों और डिफेंस एक्सपर्ट्स के बीच इस बात का डर तेजी से गहरा रहा है कि लैटिन अमेरिका में प्रभाव जमाने की यह जंग कहीं दोनों परमाणु संपन्न देशों को एक भीषण महायुद्ध की तरफ न धकेल दे, जिसने इस समय पूरी दुनिया को बेहद तनाव और खौफ के माहौल में डाल दिया है।



मेडोरा में थियोडोर रूजवेल्ट प्रेसिडेंशियल लाइब्रेरी के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए ट्रंप ने साफ कहा कि अमेरिका अब चीन को पनामा नहर पर अपना प्रभाव या कब्जा नहीं बढ़ाने देगा। अपने इस संबोधन में ट्रंप ने न सिर्फ ऐतिहासिक फैसलों पर सवाल उठाए, बल्कि पनामा नहर के जरिए अमेरिका की आर्थिक और रणनीतिक संप्रभुता को लेकर भी बड़ी बात कही।

नियंत्रण सौंपने का फैसला 'बेवकूफी भरा': ट्रंप

अपने संबोधन में राष्ट्रपति ट्रंप ने अतीत में अमेरिका द्वारा पनामा नहर का नियंत्रण पनामा को सौंपने के फैसले की तीखी आलोचना की। उन्होंने कहा कि नियंत्रण मिलने के तुरंत बाद पनामा ने जहाजों के लिए ट्रांज़िट फीस (पारगमन शुल्क) चार गुना बढ़ा दी। इसके बाद भी इसे दो बार और बढ़ाया गया, फिर भी नहर से गुजरने वाले जहाजों की संख्या में कोई कमी नहीं आई। ट्रंप ने कहा, "उन्होंने बस सालों-साल तक बहुत सारा पैसा कमाया। यह कितना बेवकूफी भरा फैसला था?"

# यूक्रेनी सेना के पलटवार से भड़का रूस, कीव में रिहायशी इमारतों पर बरसाए बम

**रूस**

**रूस** तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव पर मिसाइलों और सुसाइड ड्रोन से अब तक का सबसे बड़ा हमला किया है। इस अचानक और भारी बमबारी ने कीव शहर को पूरी तरह से हिलाकर रख दिया। शुरूआती जानकारी के मुताबिक, इस भीषण हमले में अब तक 8 लोगों की जान जा चुकी है और 39 लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

अचानक गूंजने लगे सायरन

कीव में देर रात अचानक हवाई हमले के सायरन बजने लगे, जिससे पूरे शहर में अफरा-तफरी मच गई। सायरन बजने के कुछ ही देर बाद रूस की तरफ से खतरनाक बैलिस्टिक मिसाइलें और ड्रोन गिरने लगे। कीव के डेस्न्यान्स्की इलाके में एक 9 मंजिला रिहायशी (रहने वाली) इमारत पर सीधा मिसाइल हमला हुआ, जिससे उसका एक बड़ा हिस्सा ढह गया। इस मलबे में कई आम नागरिक फंस गए, जिन्हें बाहर निकालने के लिए राहत और बचाव कार्य तेजी से चलाया जा रहा है।

कई इमारतों में लगी आग, मेट्रो स्टेशनों में ली शरण

महानगर के बीचों-बीच बने एक बड़े होटल की छत और आसपास के कई अपार्टमेंट्स (फ्लैट्स) में इस हमले के बाद भयंकर आग लग गई। हालांकि, हमले की चेतावनी पहले ही मिल चुकी थी, इसलिए कीव के हजारों नागरिकों ने अपने पालतू जानवरों और जरूरी सामान के साथ जमीन के नीचे बने मेट्रो स्टेशनों में छिपकर अपनी जान बचाई। कीव के मेयर विटाली



क्लिट्स्को ने बताया कि हमले में कम से कम 11 लोग बहुत गंभीर रूप से घायल हैं, जिनमें 5 डॉक्टर और मेडिकल कर्मचारी शामिल हैं।

यूक्रेन के पलटवार से भड़का रूस

विशेषज्ञों का मानना है कि रूस का यह गुस्सा यूक्रेन के उस बड़े पलटवार का नतीजा है, जो उसने कुछ घंटे पहले रूस की सीमा के अंदर घुसकर किया था। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने बताया कि उनकी सेना ने रूस के अंदर तीन बड़े ठिकानों को तबाह कर दिया था। इसमें रूस के उफा में मौजूद एक बहुत बड़ी तेल रिफाइनरी, पेन्जा इलाके का मिलिट्री कॉम्प्लेक्स (सैन्य परिसर) और मॉस्को का सैटेलाइट कम्युनिकेशन सेंटर शामिल था। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के राष्ट्रपति पुतिन युद्ध रोकना नहीं चाहते, इसलिए हमें रूस के सामने ऐसी मुश्किलें खड़ी करनी होंगी कि उनके लिए आगे जंग लड़ना नामुमकिन हो जाए।

# स्वात घाटी की सैफुल्ला झील में नाव पलटने से एक ही परिवार के 6 लोगों की मौत



**पाकिस्तान**

**पाकिस्तान** के अशांत उत्तर-पश्चिमी प्रांत खैबर पख्तूनख्वा से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। यहाँ के बेहद खूबसूरत और लोकप्रिय पर्यटन स्थल स्वात जिले की कलाम घाटी में स्थित सैफुल्ला झील में बुधवार को एक नाव पलटने से एक ही परिवार के कम से कम छह लोगों की डूबने से मौत हो गई। इस हादसे में परिवार के तीन अन्य सदस्य अभी भी लापता हैं, जिनकी तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यह हादसा बुधवार को अपर स्वात जिले की कलाम घाटी स्थित सैफुल्ला झील में हुआ। सैफुल्ला झील एक लोकप्रिय पर्यटन स्थल है। पुलिस के अनुसार, झील में सैर के दौरान नाव में सवार सभी नौ यात्री एक ही परिवार के सदस्य थे। दुर्घटना की सूचना मिलने के बाद ह्यरेस्क्यू 1122 स्वात की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं और बचाव अभियान शुरू किया। अधिकारियों ने बताया कि महोदंद क्षेत्र के पास झील से छह लोगों के शव बरामद कर लिए गए जबकि लापता तीन अन्य लोगों की तलाश के लिए खोज अभियान जारी है। उन्होंने बताया कि मृतकों में शामिल सभी लोग पाकिस्तान के पूर्वी पंजाब प्रांत के निवासी थे। अधिकारियों ने बताया कि दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है। खैबर पख्तूनख्वा के मुख्यमंत्री सोहेल अफरीदी ने इस घटना पर संज्ञान लिया और संबंधित अधिकारियों से रिपोर्ट तलब की।

# जन्म से नागरिकता का अधिकार कायम



**अमेरिका**

**अमेरिका** में जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता को लेकर चल रहा विवाद अब काफी हद तक समाप्त हो गया है। अमेरिका के सर्वोच्च न्यायालय ने राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के उस आदेश को खारिज कर दिया है, जिसके जरिए वह जन्म के आधार पर मिलने वाली नागरिकता की व्यवस्था को समाप्त करना चाहते थे। अदालत के इस फैसले को लाखों प्रवासी परिवारों, विशेष रूप से भारतीय मूल के लोगों के लिए बड़ी राहत माना जा रहा हैं।

बता दें कि डोनाल्ड ट्रंप ने वर्ष 2025 में अपने दूसरे कार्यकाल की शुरूआत के बाद कई नए आदेश जारी किए थे। इनमें एक प्रमुख आदेश यह भी था कि बिना वैध दस्तावेज वाले प्रवासियों और अस्थायी वीजा पर अमेरिका में रह रहे विदेशी नागरिकों के यहां जन्म लेने वाले बच्चों को अमेरिकी नागरिकता नहीं मिले। इस आदेश को कई राज्यों, सामाजिक संगठनों और कानूनी विशेषज्ञों ने अदालत में चुनौती दी थी।

मौजूद जानकारी के अनुसार, सर्वोच्च न्यायालय की नौ सदस्यीय पीठ ने छह के मुकाबले तीन मतों से ट्रंप के इस आदेश को खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश जॉन रॉबर्ट्स ने फैसला सुनाते हुए कहा कि अमेरिका में जन्म के आधार पर नागरिकता देने की व्यवस्था पिछले लगभग 150 वर्षों से लागू हैं और इसका मूल आधार जन्मस्थान रहा है, न कि माता-पिता की इमीग्रेशन स्थिति या नागरिकता।

मुख्य न्यायाधीश ने अपने फैसले में कहा कि अमेरिकी संविधान के चौदहवें संशोधन का उद्देश्य इस देश में जन्म लेने वाले प्रत्येक स्वतंत्र व्यक्ति को समान अधिकार देना था। उन्होंने स्पष्ट किया कि न्यायालय कोई नया सिद्धांत नहीं बना रहा।

# क्या अमेरिका-ईरान परमाणु कूटनीति फिर पटरी पर आ रही है?

**पश्चिम एशिया**

**पश्चिम** एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और हालिया सैन्य गतिविधियों के बीच एक बार फिर कूटनीतिक गलियारों से बड़ी खबर आ रही है। अमेरिका और ईरान के बीच तनाव कम करने की नई कोशिशों के तहत कतर की राजधानी दोहा में हुई बातचीत से सकारात्मक संकेत मिले हैं। कतर के आधिकारिक बयान और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावों ने इस चर्चा को हवा दे दी है कि क्या दोनों देशों के बीच परमाणु कूटनीति फिर से पटरी पर लौट रही है। कतर ने गुरुवार को कहा कि अमेरिका और ईरान के



बातचीत करने वालों के बीच अलग-अलग बैठकों से 14-सूत्रीय समझौता ज्ञापन से जुड़े मुद्दों पर "सकारात्मक प्रगति" हुई है और दोनों पक्ष आने वाले दिनों में बातचीत जारी रखने पर सहमत हुए हैं। यह ताजा बातचीत पश्चिम एशिया में बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच हो रही है, जहाँ ईरान, अमेरिका और इजराइल से जुड़ी हालिया सैन्य गतिविधियों के बाद कूटनीतिक बातचीत का महत्व फिर से बढ़ गया है।

कतर ने दोहा बातचीत के सकारात्मक नतीजों की पुष्टि की

कतर के विदेश मंत्रालय ने कहा कि बातचीत कतर और पाकिस्तान ने मिलकर कराई, जिसमें दोनों देशों ने वाशिंगटन और तेहरान के बीच मध्यस्थ की भूमिका निभाई। कतर के प्रधानमंत्री के सलाहकार और विदेश मंत्रालय के आधिकारिक प्रवक्ता माजेद अल-अंसारी ने पर जानकारी दी कि यह बातचीत लेक ल्यूसर्न शिखर सम्मेलन के दौरान बनी समझ पर आधारित थी।

# 11 साल के बच्चे ने 8 बौद्ध भिक्षुओं को रौंदा, तीर्थयात्रा पर थे सभी

**थाईलैंड**

**थाईलैंड** के उत्तर-पूर्वी इलाके से एक बेहद दर्दनाक हादसे की खबर सामने आई है। गुरुवार को एक 11 साल के लड़के ने पिकअप ट्रक चलाते हुए तीर्थयात्रा पर पैदल जा रहे भिक्षुओं के एक समूह को बुरी तरह कुचल दिया। इस भयानक सड़क दुर्घटना में 8 भिक्षुओं की मौत हो गई है, जबकि 14 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। बताया जा रहा है कि मुकदहन प्रांत के रहने वाले कुल 35 भिक्षु इस धार्मिक यात्रा पर निकले थे।

अस्पताल में चल रहा है घायलों का इलाज

मुकदहन प्रांत के गवर्नर वोरयान बूननारत ने हादसे की जानकारी देते हुए बताया कि 5 भिक्षुओं की मौत दुर्घटना वाली जगह पर ही हो गई थी, जबकि 3 अन्य ने अस्पताल ले जाने के बाद इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। उन्होंने आगे बताया कि घायल हुए 14 अन्य लोगों को तुरंत पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जिनमें से 4 भिक्षुओं की हालत बेहद नाजुक बनी हुई है। यह पूरा समूह इस हादसे से महज 30 मिनट पहले ही उबोन रत्चाथानी प्रांत के लिए 260 किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा पर निकला था।

अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरा ट्रक

स्थानीय बचाव दल 'रुआम जाई मुकदहन रेस्क्यू एसोसिएशन' द्वारा जारी किए गए वीडियो में देखा जा सकता है कि सभी भिक्षु सड़क के किनारे एक लाइन में शांति से चल रहे थे, तभी अचानक तेज रफ्तार पिकअप ट्रक उन्हें रौंदते हुए निकल जाता है। हादसे का शिकार हुए भिक्षुओं ने



पुलिस को बताया कि उन्होंने गाड़ी को सड़क पर लहराते हुए आते देखा था, जिसके बाद वह पूरी तरह अनियंत्रित होकर सड़क से नीचे उतरी और सीधे उनके ग्रुप से जा टकराई।

आरोपी बच्चा पुलिस हिरासत में

स्थानीय पुलिस ने बताया कि गाड़ी चला रहे 11 वर्षीय लड़के को फिलहाल हिरासत में ले लिया गया है। चूंकि आरोपी एक बच्चा है, इसलिए बाल सुरक्षा अधिकारियों (चाइल्ड प्रोटेक्शन ऑफिसर्स) के आने के बाद ही उससे कानून के मुताबिक पूछताछ की जाएगी। फिलहाल पुलिस हादसे की असली वजह का पता लगाने के लिए मामले की जांच कर रही है।

अखंड भारत संदेश
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक
स्वामी श्री योगी सत्यम् फॉर योग सत्संग समिति
द्वारा विपिन इण्टरप्राइजेज
1/6C माधव कुंज
कटरा, प्रयागराज से मुद्रित
एवं
क्रियायोग आश्रम एण्ड अनुसंधान संस्थान
झूंसी, प्रयागराज उत्तर प्रदेश
से प्रकाशित
सम्पादक
स्वामी श्री योगी सत्यम्
RNI NO. UPHIN/2001/09025
प्रबन्धक
अनूप मिश्रा
ऑफिस मो.:
9565333000
Email:
akhandbharatsandesh1@gmail.com
सभी विवादो का न्याय क्षेत्र प्रयागराज होगा

# आतंकवाद पर दोहरा रवैया नहीं चलेगा, अच्छा या बुरा नहीं होता कोई आतंकी

## संयुक्त राष्ट्र में भारत की खरी-खरी

**संयुक्त राष्ट्र**

**भारत** ने एक बार फिर अंतरराष्ट्रीय मंच पर आतंकवाद के खिलाफ अपनी जीरो टॉलरेंस नीति को मजबूती से दोहराया है। संयुक्त राष्ट्र में भारत के स्थाई प्रतिनिधि हरीश पर्वथानेनी ने दुनिया के सभी देशों से अपील की है कि वे आतंकवाद की खूनी सोच को जड़ से खत्म करने के लिए एक साथ मिलकर काम करें। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि किसी भी शिकायत या वजह के नाम पर आतंकवाद को सही नहीं ठहराया जा सकता।

आतंकवाद पर दोहरा मापदंड बंद करे दुनिया

वैश्विक मंच पर भारत ने दो टूक अंदाज में कहा कि आतंकवाद के मामले में दुनिया को दोहरा रवैया बंद करना होगा। कोई भी आतंकवादी अच्छा या बुरा नहीं होता, आतंकी सिर्फ आतंकी होता है। आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले, उन्हें पैसा देने वाले और अपने यहां पनाह देने वाले देशों को कानून के कठघरे में खड़ा करना बेहद जरूरी है। राजदूत पर्वथानेनी ने भारत का दर्द बयां करते हुए कहा कि हमारा देश दशकों से सीमा पार आतंकवाद का शिकार रहा है। हमने अपनों को खोया है और समाज को भारी नुकसान झेला है, इसलिए



आतंकवाद के पक्ष में कोई दलील नहीं दी जा सकती।

फंडिंग रोकने और नई टेक्नोलॉजी के गलत इस्तेमाल पर चिंता

भारत ने इस बात पर जोर दिया कि आतंकवादियों तक पहुंचने वाले पैसे को रोकना सबसे जरूरी है। इसके लिए सभी देशों को आपस में वित्तीय खुफिया जानकारी साझा करनी चाहिए और फाइनेंशियल एक्शन टास्क फोर्स के नियमों को सख्ती से लागू करना चाहिए। इसके साथ ही भारत ने चिंता जताई कि आतंकवादी अब नई तकनीकों का गलत इस्तेमाल कर रहे हैं, लेकिन संयुक्त राष्ट्र की बैठक में इस तकनीकी खतरे से निपटने पर कोई ठोस फैसला न हो पाना काफी निराशाजनक है।

सभी धर्मों के खिलाफ नफरत का हो विरोध

भारत ने साफ किया कि वह किसी भी धर्म, जाति या नस्ल के खिलाफ होने वाली नफरत की कड़ी निंदा करता है। भारत ने कहा कि संयुक्त राष्ट्र को सिर्फ कुछ गिने-चुने धर्मों के खिलाफ होने वाली नफरत तक ही सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि हिंदू, सिख और बौद्ध जैसे अन्य सभी धर्मों के खिलाफ फैलाई जाने वाली नफरत को भी स्वीकार करना और रोकना चाहिए।

30 साल की देरी अब और नहीं

भारत ने याद दिलाया कि उसने करीब 30 साल पहले अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर एक वैश्विक कानून बनाने का प्रस्ताव दिया था, जो आज तक लटका हुआ है।

इस कानूनी ढांचे के न होने से आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई कमजोर पड़ रही है। भारत ने जोर देकर कहा कि अब समय आ गया है कि दुनिया के देश अपनी राजनीतिक इच्छाशक्ति दिखाएं और इस कानून को तुरंत पास करें, ताकि आतंकवादियों को छिपने की जगह, पैसा और हथियार न मिल सकें।

## सम्पादकीय

### महुआ मोईत्रा पर हमला चिंताजनक

**प.बंगाल** में सत्ता परिवर्तन के साथ ही विपक्ष से बदले की राजनीति का ऐसा दौर शुरू हुआ है, जो न केवल बंगाल के लोगों के लिए बल्कि पूरे देश के लिए चिंता का विषय होना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस को हरा कर भाजपा ने भारी बहुमत से जीत हासिल की और सरकार बना ली। इसके बाद टीएमसी में बड़ी फूट भी डाली जा चुकी है, जिसमें करीब 60 विधायक और 20 सांसद ममता बनर्जी के खिलाफ हो गए हैं। 20 सांसदों ने तो एनसीपीआई नाम की अनजान सी पार्टी में विलय भी कर लिया। इसी तरह कई पार्षदों को भी भाजपा ने तोड़ लिया है। अपने विरोधी को पूरी तरह कुचलने के लिए उसे कमजोर करने की रणनीति यहीं तक सीमित रहती तब भी समझ आता कि भाजपा राजनीति के चलते ऐसा कर रही है। लेकिन जिस तरह ममता बनर्जी के साथ बने रहने वाले नेताओं पर हमले हो रहे हैं, वह किसी नजरिए से राजनीति नहीं है, बल्कि विशुद्ध गुंडागर्दी है। टीएमसी सांसद अभिषेक बनर्जी पर भीड़ ने जैसा हमला किया था, वह वीडियो सार्वजनिक है, जिसमें नजर आ रहा है कि अभिषेक बनर्जी को बाकायदा हेलमेट पहनकर खुद को चोटिल होने से बचाना पड़ा। इसके बाद कुणाल घोष पर भी अंडे फेंककर हमला हुआ। अब टीएमसी की महिला सांसद महुआ मोईत्रा भाजपा के निशाने पर आई हैं।

महुआ मोइत्रा बुधवार को नादिया में टीएमसी ममता बनर्जी गुट के कार्यकताओं की मीटिंग में शामिल होने गईं थी। तभी पार्टी ऑफिस पर प्रदर्शनकारियों ने अंडों और टमाटर की बौछार कर दी। इस हमले के दौरान महुआ मोईत्रा ने इसका वीडियो ही बना लिया और साथ ही टीएमसी का झंडा लहराकर जतला दिया कि वे ऐसे हमलों से डरने वाली नहीं हैं। गौरतलब है कि बुधवार 1 जुलाई को दोपहर करीब साढ़े तीन बजे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर उन्होंने एक वीडियो पोस्ट शेयर किया। वीडियो में महुआ मोइत्रा पार्टी ऑफिस बिल्डिंग की खिड़की से लोगों को अंडे फेंकते हुए दिखा रही हैं। उन्होंने वीडियो पोस्ट में आरोप लगाते हुए कहा, भाजपा समर्थक एक घंटे से ज्यादा समय से लगातार पार्टी ऑफिस की खिड़की को निशाना बनाकर अंडे और सब्जियां फेंक रहे हैं। मैंने डीजीपी से भी बात की है। पुलिस काफी देर के बाद मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस ने हमला करने वाले लोगों पर कोई कार्रवाई नहीं की और सिर्फ तमाशा देखती रही। घटना के बाद उन्होंने चुनौती देते हुए कहा कि वह डटी रहेंगी और टीएमसी का यह झंडा भी लहराता रहेगा। भाजपा किसी हालत में उन्हें चुप कराने में कामयाब नहीं हो पाएगी।

बंगाल के ये हालत क्यों और कैसे बने इसके लिए अब भाजपा के शीर्ष नेताओं को जवाब देना ही होगा। क्योंकि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने खुद कहा था कि बदला नहीं बदलाव की राजनीति होगी, लेकिन 4 मई को परिणाम आने के साथ ही जिस तरह पहले टीएमसी के दफ्तरों पर हमले हुए और अब नेताओं पर हमले हो रहे हैं, उसे किसी तरह सभ्य समाज और लोकतांत्रिक राजनीति में स्वीकार नहीं किया जा सकता।

# दिल्लीः वायु प्रदूषण के साथ ओजोन प्रदूषण की चुनौती

-ः ललित गगः-

**राजधानी** दिल्ली वर्षों से वायु प्रदूषण की भयावह समस्या से जूझती रही है। हर सर्दी में धुंध की मोटी चादर, जहरीली हवा और दमघोंटू वातावरण राष्ट्रीय चिंता का विषय बनते हैं। अब तक इस संकट की चर्चा मुख्यतः पीएम 2.5, पीएम 10, पराली और वाहनों के धुएँ तक सीमित रही, लेकिन अब एक नया और अधिक खतरनाक खतरा तेजी से उभरकर सामने आया है-भूतलीय (ग्राउंड लेवल) ओजोन प्रदूषण। सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरनमेंट की हालिया रिपोर्ट ने स्पष्ट किया है कि दिल्ली-एनसीआर ही नहीं, जयपुर, चंडीगढ़ और अहमदाबाद जैसे शहर भी ओजोन प्रदूषण की गिरफ्त में आते जा रहे हैं। यह प्रदूषण दिखाई नहीं देता, लेकिन इसके दुष्प्रभाव धीरे-धीरे मानव जीवन, कृषि और पर्यावरण को भीतर तक बीमार कर रहे हैं। विडम्बना यह है कि प्रदूषण जैसे गंभीर विषय को भी अक्सर राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप तक सीमित कर दिया जाता है। कभी किसानों की पराली को संपूर्ण दोषी ठहरा दिया जाता है तो कभी केवल वाहनों को। जबकि वास्तविकता कहीं अधिक व्यापक है। यदि समस्या की जड़ तक पहुँचना है तो अनियोजित शहरीकरण, अंधाधुंध औद्योगिकीकरण, ऊर्जा उपभोग की वर्तमान व्यवस्था और विकास के मौजूदा मॉडल पर गंभीर पुनर्विचार करना होगा।

दिल्ली आज केवल देश की राजधानी नहीं, बल्कि देश का सबसे बड़ा प्रदूषण हॉटस्पॉट भी बन चुकी है। गर्मियों में बढ़ते तापमान, तेज धूप और वाहनों एवं उद्योगों से निकलने वाली नाइट्रोजन ऑक्साइड तथा वाष्पशील कार्बनिक यौगिकों की रासायनिक प्रतिक्रिया से भूतलीय ओजोन बनती है। यह वही ओजोन नहीं है जो वायुमंडल की ऊपरी परत में पृथ्वी को पराबैंगनी किरणों से बचाती है। धरातल पर बनने वाली ओजोन एक विषैली गैस है, जो फेफड़ों की कार्यक्षमता कम करती है, दमा के रोगियों की स्थिति बिगाड़ती है, आँखों में जलन पैदा करती है तथा हृदय रोगों का जोखिम बढ़ाती है। आज दिल्ली-एनसीआर में बड़ी संख्या में लोग सांस लेने में कठिनाई, एलर्जी और अस्थमा जैसी समस्याओं का सामना कर रहे हैं, जिनमें ओजोन प्रदूषण की भूमिका लगातार बढ़ रही है। दिल्ली सरकार ने प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इलेक्ट्रिक वाहनों को प्रोत्साहन, नई इलेक्ट्रिक वाहन नीति, सार्वजनिक परिवहन को बढ़ावा, चार्जिंग स्टेशन विकसित करने की योजना और पुराने प्रदूषणकारी वाहनों को चरणबद्ध तरीके से हटाने जैसे निर्णय निश्चित रूप से सकारात्मक हैं। यदि इन योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन होता है तो आने वाले वर्षों में प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में सार्थक परिवर्तन देखने को मिल सकता है। लेकिन केवल वाहन नीति से समस्या का समाधान संभव नहीं है।

वास्तविक संकट अनियोजित शहरीकरण का है। पिछले दो दशकों में दिल्ली और उससे लगे क्षेत्रों में जिस तेजी से खेत, तालाब और हरित क्षेत्र कंक्रीट के जंगलों में बदले हैं, उसने प्राकृतिक संतुलन को गहरा आघात पहुँचाया है। जहाँ कभी वर्षा का पानी धरती में समा जाता था, वहाँ अब सीमेंट और डामर की सतह है। पारंपरिक जलस्रोत मिट गए, पेड़ों की संख्या घटी और गर्मी बढ़ती गई। यही कारण है कि शहरों का तापमान आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों की तुलना में कई डिग्री अधिक रहने लगा है। यही अतिरिक्त गर्मी ओजोन बनने की प्रक्रिया को और तेज करती है। आज महानगरों का विस्तार



विकास का प्रतीक माना जाता है, लेकिन यह विकास प्रकृति की कीमत पर हो रहा है। शहरों को सड़कें चाहिए, बिजली चाहिए, आवास चाहिए, उद्योग चाहिए। इन सबके लिए खेत समाप्त हो रहे हैं, जंगल कट रहे हैं और जलस्रोत नष्ट हो रहे हैं। परिणामस्वरूप प्रदूषण केवल हवा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि जल, मिट्टी और जैव विविधता भी प्रभावित हो रही है। विकास की यह दिशा अंततः मानव जीवन के विरुद्ध खड़ी दिखाई देती है। दिल्ली में निजी वाहनों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सार्वजनिक परिवहन की उपलब्धता और गुणवत्ता अभी भी इतनी प्रभावी नहीं हो सकी कि लोग निजी वाहनों का त्याग करें। इलेक्ट्रिक वाहनों को बढ़ावा देना स्वागतयोग्य है, किंतु यह भी ध्यान रखना होगा कि बिजली यदि कोयला आधारित ताप विद्युत संयंत्रों से आएगी तो प्रदूषण केवल एक स्थान से दूसरे स्थान पर स्थानांतरित होगा। इसलिए स्वच्छ ऊर्जा, सौर ऊर्जा और हरित परिवहन को समानांतर गति से बढ़ाना आवश्यक है।

ओजोन प्रदूषण केवल मानव स्वास्थ्य तक सीमित नहीं है। यह कृषि उत्पादन को भी प्रभावित करता है। वैज्ञानिक अध्ययनों में पाया गया है कि ओजोन फसलों की प्रकाश संश्लेषण प्रक्रिया को प्रभावित कर उत्पादन घटा देती है। ऐसे समय में जब जलवायु परिवर्तन, अनिश्चित मानसून और बढ़ती गर्मी पहले ही किसानों के सामने बड़ी चुनौती बने हुए हैं, ओजोन प्रदूषण कृषि संकट को और गहरा कर सकता है। राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम के अंतर्गत अनेक शहरों में वायु गुणवत्ता सुधारने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, किंतु अब समय आ गया है कि इसकी रणनीति का विस्तार किया जाए। केवल पार्टिकुलेट मैटर पर ध्यान देने के बजाय ओजोन जैसे द्वितीयक प्रदूषकों की निगरानी, वैज्ञानिक अध्ययन और नियंत्रण पर भी समान बल देना होगा। वायु गुणवत्ता निगरानी तंत्र को अधिक व्यापक, आधुनिक और पारदर्शी बनाना होगा।

समस्या के समाधान में नागरिकों की भूमिका भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। कचरा जलाना, निर्माण कार्यों से उड़ने वाली धूल, खुले में ईंधन जलाना, प्लास्टिक और औद्योगिक कचरे का अनुचित निस्तारण जैसी आदतों में परिवर्तन लाना होगा। अधिक से अधिक सार्वजनिक परिवहन का उपयोग, साइकिल और पैदल चलने की संस्कृति को बढ़ावा देना होगा। शहरों में बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण, हरित पट्टियों का विकास और पारंपरिक जलस्रोतों का पुनर्जीवन भी प्रदूषण नियंत्रण की प्रभावी रणनीति का हिस्सा होना चाहिए। वायु प्रदूषण केवल पर्यावरणीय संकट नहीं, बल्कि आर्थिक और सामाजिक संकट भी है। बढ़ती बीमारियाँ स्वास्थ्य व्यवस्था पर बोझ डालती हैं, कार्यक्षमता घटाती हैं और करोड़ों रुपये की आर्थिक हानि का कारण बनती हैं। सबसे चिंताजनक तथ्य यह है कि प्रदूषण बच्चों और युवाओं के भविष्य को प्रभावित कर रहा है। यदि आज निर्णायक कदम नहीं उठाए गए तो आने वाली पीढ़ियों को इसका कहीं अधिक गंभीर मूल्य चुकाना पड़ेगा।

दिल्ली सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदम स्वागतयोग्य हैं और उनसे सकारात्मक परिणामों की आशा की जा सकती है, किंतु यह तभी संभव होगा जब केंद्र, राज्य, स्थानीय निकाय, उद्योग, वैज्ञानिक समुदाय और नागरिक समाज मिलकर समन्वित प्रयास करें। प्रदूषण किसी एक सरकार, एक मौसम या एक कारण की समस्या नहीं है। यह हमारे विकास मॉडल, जीवनशैली और पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण का परिणाम है। आज आवश्यकता दोषारोपण की नहीं, बल्कि दूरदर्शी नीति और सामूहिक उत्तरदायित्व की है। यदि हम स्वच्छ हवा चाहते हैं तो केवल प्रदूषण कम करने की योजनाएँ नहीं, बल्कि प्रकृति के साथ संतुलित विकास की नई संस्कृति विकसित करनी होगी। अन्यथा ओजोन जैसी अदृश्य गैसें हमारे शहरों को धीरे-धीरे बीमार करती रहेंगी और विकास का यह मॉडल स्वयं मानव सभ्यता के लिए सबसे बड़ा संकट बन जाएगा।

# क्यों कमजोर हो रहा है खेत और बैल का रिश्ता ?

बाबा मायाराम

**रासायनिक** खेती से सबसे बड़ा नुकसान पारंपरिक पशुपालन का हुआ है। पशुओं की संख्या घटी है। इससे आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदाय के गरीब लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। पहले देशी गाय, भैंस, बकरी, भेड़, गधे, घोड़े आदि से इनकी आजीविका चलती थी। लेकिन अब इनकी संख्या बहुत कम हो गई है या नहीं के बराबर है। बारिश का मौसम आने के बाद खेती-बाड़ी का काम शुरू हो गया है। खेतों में अब बैलों की जगह ट्रेक्टर जुताई करते दिख रहे हैं। इससे खेती और पशुओं का रिश्ता कमजोर दिखाई दे रहा है। आज इस पर बात करना चाहूंगा, जिससे हम खेती, बैल और गांव को समग्रता में समझ सकें।



अगर मैं बचपन को याद करूं तो पशुपालन बहुत ही महत्वपूर्ण था। हमारे गांव में लोग परिवार के सदस्य की तरह पशुओं को यानी गाय-बैल को रखते थे। छत्तीसगढ़ में भी पशुओं से प्रेम की परंपरा रही है। खेती बिना बैल का बहुत ही अच्छा रिश्ता था। खेती से मनुष्य को अनाज मिलता था, और बैलों को चारा उपलब्ध हो जाता था। पशुओं के गोबर-गोमूत्र से उपजाऊ गोबर खाद मिलती थी, जिससे मिट्टी उर्वर बनती थी।

रासायनिक खेती से सबसे बड़ा नुकसान पारंपरिक पशुपालन का हुआ है। पशुओं की संख्या घटी है। इससे आदिवासी, दलित और पिछड़े समुदाय के गरीब लोगों की आजीविका प्रभावित हो रही है। पहले देशी गाय, भैंस, बकरी, भेड़, गधे, घोड़े आदि से इनकी आजीविका चलती थी।

लेकिन अब इनकी संख्या बहुत कम हो गई है या नहीं के बराबर है। अब जो डेयरी उद्योग के रूप में पशुपालन हो रहा है, वह बहुत महंगा और पूंजी प्रधान है। पशुधन कम होने का एक कारण मवेशियों के लिए चारे और भूसे की कमी है। गांव में पहले चरोखर की जमीन, नदी-नालों व गांव के आसपास की जमीन पर पशु चरा करते थे। अब यह जमीनें कई कारणों से उपलब्ध नहीं हैं।

इसी प्रकार, हार्वेस्टर से कटाई होने के कारण भूसा या फसलों के डंठल जला दिए जाते हैं, इस कारण भूसा भी नहीं मिल पाता। अब यह समस्या है कि अब मवेशियों को क्या चराएं? खेती और पशुपालन एक दूसरे के पूरक माने जाते हैं। खेती में उस समय बड़ा मोड़ आया जब खेतों की जुताई बैलों से होने लगी। यह रिश्ता सैकड़ों सालों से चला आ रहा है। किसान के घरो में गायें होती थीं। उनके बछड़े बड़े होने पर खेतों की जुताई करने के काम आते थे।

अनुकूल मिट्टी, हवा, पानी, बीज, पशु ऊर्जा और मानव ऊर्जा से ही खेतों में अनाज पैदा हो जाता था। अब तक वास्तविक उत्पादन सिर्फ खेती में ही होता है। एक दाना बोओ तो कई दाने पैदा होते हैं और उसी से हमारे भोजन की जरूरत पूरी होती है। परंपरागत खेती में बैलों से जुताई, मोट और रहट से सिंचाई और बैलगाड़ी के जरिये फसलों व अनाज की ढुलाई की जाती थी। खेत से खलिहान तक, खलिहान से घर तक और घर से बाजार तक किसान बैलगाड़ियों से अनाज ढोते थे। गांव में बढ़ई का काम कृषि यंत्र बनाना होता था। वह बैलगाड़ी के चक्के, बक्खर और हल बनाता था। जिसके बदले उसे किसानों से अनाज मिलता था।

परंपरागत खेती में अलग से बाहरी निवेश की जरूरत नहीं थी। न फसलों में खाद डालने की जरूरत थी और न ही कीटनाशक या निंदानाशक। पशुओं की देखभाल में अतिरिक्त खर्च नहीं होता था। फसलों के डंठल से तैयार भूसा, पुआल व मेढ़ पर होने वाले चारे से उनका पेट भर जाता था। खेतों में होने वाली फसलों से जो डंठल,पुआल और खरपतवार होती थी, वह मवेशियों को खिलाने के काम आती थी। बथुआ जैसी हरी भाजी को तो मवेशियों को खिलाया जाता था, उसे मनुष्य भी खाते थे, अब निंदानाशक डालने से खत्म हो गई है। फसल व बीज

दूसरी तरफ खेत में डंठल व पुआल आदि सड़कर जैव खाद बनाते थे और पशुओं के गोबर से बहुत अच्छी खाद मिल जाती थी। गोबर खाद से खेतों में मिट्टी की उर्वरकता बढ़ती जाती थी। फसलों के मित्र कीट ही कीटनाशक का काम करते थे।

गाय-बैल को खिलाने के लिए पहले खेतों में कई तरह का चारा उपलब्ध था। लेकिन अब निंदानाशक या खरपतवार नाशक दवाईयों के छिड़काव के कारण ये चारे उपलब्ध नहीं हैं या कम हो गए हैं। इस कारण पशुपालन कम होता जा रहा है। लेकिन ऊर्जा संकट, बिजली संकट और मानव श्रम की बहुलता के मद्देनजर हमें टिकाऊ खेती की ओर बढ़ना पड़ेगा और इसमें पशु ऊर्जा की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है।

हमारी ग्रामीण अर्थव्यवस्था केवल खेती-किसानी से ही नहीं, पशुपालन और छोटे-छोटे लघु-कुटीर उद्योग व लघु व्यवसायों से संचालित होती रही है। मवेशी एक तरह से लोगों के फिक्स्ड डिपॉजिट हुआ करते थे, जिन्हें बहुत जरूरत पड़ने पर वे बेच देते थे। लेकिन आम तौर पर गाय-बैल और मनुष्य के आपसी स्नेह और प्यार की कई कहानियां अब भी प्रचलन में हैं। उनके प्रति गहरी संवेदनशीलता भी देखने में आती थी। उन्हें बड़े लाड़-प्यार से पाला-पोसा जाता। बैलों के प्रति विशेष प्रेम तब दिखाई देता है जब उन्हें दीपावली के समय रंग-बिरंगी फीते, गेंठा, मुछेड़ी, नाथ और पट्टों से सजाया जाता है। पोला में भी बैलों की पूजा की जाती है। अक्ती त्योहार भी खेती से जुड़ा है।

कुछ समय पहले तक गाय-बैल को नहलाने-धुलाने से लेकर चराने-पिलाने का हर काम जिम्मेदारी से किया जाता था। खासकर महिलाएं और बच्चे मवेशियों की देखभाल में मदद करते थे। महिलाएं मवेशियों को बांधने के कोठा या सार की साफ-सफाई, भूसा-चारा डालना आदि का काम करती थीं। जबकि बच्चे उन्हें घास या भूसा डालने से लेकर पानी पिलाने का काम करते थे। अब भी असिंचित, जंगलपट्टी व मिश्रित खेती वाले क्षेत्रों में पशुपालन होता है। वहां आज भी बैलों से जुताई की जाती है। अब पशुओं की देखभाल नहीं की जा रही है, उन्हें छोड़ दिया गया है।

खेती और पशुपालन एक दूसरे के पूरक हैं। इसका उदाहरण राजस्थान से आने वाले घुमंतू पशुपालकों की भेड़-बकरियों, ऊंटों को किसान अपने खेतों में चरने की इजाजत देते हैं जिससे खेत उर्वर बने और उनका पेट भी भरे। यही घुमंतू पशुपालक पशुओं की अच्छी नस्ल उपलब्ध कराने में विशेष भूमिका निभाते थे।

पहले गांव में सभी घरों के मवेशियों को चराने के लिए एक व्यक्ति को नियुक्त कर दिया जाता था। एक साथ जो पशु चरने जाते थे उसे नार कहते थे। बदले में उस व्यक्ति को हर घर से अनाज मिलता था, जो मवेशी चराता था। हल-बैल की जगह ट्रैक्टर की जुताई से मिट्टी भी सख्त (भट्ठल) हो रही है। इससे उत्पादन भी प्रभावित होता है।

कुल मिलाकर, खेती और पशुपालन का रिश्ता आज टूट रहा है। लेकिन अगर इसको बरकरार रखा जाए तो न केवल हमें भूमि को उर्वर बनाने के लिए गोबर खाद मिलेगी। बल्कि बड़ी आबादी को रोजगार भी मिलेगा। पशु शक्ति के बारे में कई विशेषज्ञ व वैज्ञानिक भी यह मानने लगे हैं कि यह सबसे सस्ता व व्यावहारिक स्रोत है। मशीनीकरण से ग्लोबल वार्मिंग की समस्या बढ़ेगी, जो आज दुनिया में सबसे अधिक चिंता का विषय है। मशीनों से

# वढळएळ-2026 का अंतिम चरण सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न

अखंड भारत संदेश

**भदोही । उत्तर** प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा 2026 का अंतिम चरण शनिवार को जनपद में पूर्णतः सकुशल, निष्पक्ष, पारदर्शी एवं शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा की शुचिता, गोपनीयता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जिलाधिकारी शैलेष कुमार एवं पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने संयुक्त रूप से काशी नरेश विश्वविद्यालय, ज्ञानपुर स्थित परीक्षा केंद्र का औचक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का विस्तृत जायजा लिया।



संयुक्त निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने परीक्षा कक्षों, अभ्यर्थियों की प्रवेश व्यवस्था, पहचान सत्यापन, सीसीटीवी निगरानी, स्ट्रॉन्ग रूम, सुरक्षा व्यवस्था एवं अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। उन्होंने केंद्र व्यवस्थापकों एवं संबंधित अधिकारियों को आयोग द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करने तथा परीक्षा की गोपनीयता, निष्पक्षता एवं शुचिता बनाए रखने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने कहा कि शासन एवं आयोग की मंशा के अनुरूप परीक्षा को पूरी पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराना जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता रही। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक अभ्यर्थी को सुरक्षित, व्यवस्थित एवं अनुकूल परीक्षा वातावरण उपलब्ध कराया जाए तथा किसी भी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही पर तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी ने परीक्षा केंद्र की सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करते हुए ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों एवं जवानों को पूरी सतर्कता, अनुशासन एवं जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परीक्षा की गरिमा एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सुरक्षा व्यवस्था हर स्तर पर सुदृढ़ रखी जाए।जनपद में वढळएळ-2026 के दोनों दिवसों की परीक्षा पूर्णतः शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं पारदर्शी वातावरण में सफलतापूर्वक संपन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने परीक्षा के सफल आयोजन में योगदान देने वाले सभी सेक्टर मजिस्ट्रेटों, स्टैटिक मजिस्ट्रेटों, केंद्र व्यवस्थापकों, पर्यवेक्षकों, शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, पुलिस अधिकारियों एवं जवानों सहित संबंधित विभागों के सभी कार्मिकों की कर्तव्यनिष्ठा, अनुशासन एवं उत्कृष्ट कार्य की सराहना करते हुए उन्हें हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। प्रथम पाली में कुल 3072 अभ्यर्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 2825 अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हुए, जबकि 247 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि सभी विभागों के समन्वित प्रयास, सतत निगरानी, प्रभावी प्रशासनिक व्यवस्था ।

# समाजवादी पार्टी की मासिक बैठक संपन्न

अखंड भारत संदेश

**गोपीगंज भदोही । समाजवादी** पार्टी जिला ईकाई की मासिक बैठक में विभिन्न विषयों चर्चा एवं बाबा लक्खीशाह बंजारा की जयंती मनाया गया ।



समाजवादी पार्टी के जिलाध्यक्ष प्रदीप यादव ने कहा भाजपा सरकार जनता को भ्रमित कर देश को लुटा जारहा हैं। पीडित, दुःखी,अपमान त्रिशंख झेल रही जनता में मा.अखिलेश यादव जी के प्रेम, दया,अपनापन के साथ खड़ा होकर इस वार समाजवादी पार्टी की सरकार बनायेगी।

कहा बाबा लक्खीशाह बंजारा17वीं शताब्दी के एशिया के सबसे बड़े व्यापारी, दूरदर्शी समाजसेवक और सिख इतिहास के एक महान योद्धा थे। उनका सबसे बड़ा ऐतिहासिक योगदान मुगल सम्राट औरंगजेब के आतंक को चुनौती देकर सिखों के नौवें गुरु, गुरु तेग बहादुर जी के पावन धड़ का सम्मानपूर्वक अंतिम संस्कार करना माना जाता है।

बैठक में जिलामहासचिव ह्लदय नारायण प्रजापति,शैलेश सिंह मन्टु,सलाउद्दीन अंसारी, केशनारायण, अजनी शुक्ल,हशनैन अंसारी,रुद्रपति दुबे,जमील अंसारी,कंचन सोनकर,रवि यादव,बच्चन पाल,रामचन्दर यादव,गौरव पाण्डेय,मनोज यादव,महेन्द्र गोड रमेश यादव सुभाष यादव,अकिता।